सूर्योदय 6:28 सूर्यास्त 6:31

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 7.5 न्यू | 20.0 अधि |
| धर्मशाला | 11.2 न्यू | 24.4 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 72643.43 |
| निफ्टी | 22023.35 |

सोना 66,110 चांदी 75,500

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार





follow us on: धर्मशाला | रविवार, 17 मार्च, 2024 | 4 चैत्र, विक्रमी संवत 2080 | वर्ष 1, अंक 89, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए



आज के अंक में

- टायर प्रदर्शन में एचआरटीसी देश भर में पहले स्थान पर
- पांच जिलों में 139 करोड़ से बनेंगे पुल

पृष्ठ 2 पर पढ़ें





- हर साल बढ़ रहे गगल एयरपोर्ट में यात्री: धीरेंद्र
- मई के फर्स्ट वीक में आउट होगा दसवीं और जमा दो का रिजल्ट

पृष्ठ 3 पर पढ़ें





- पैसे के अभाव में बंद होने वाला था मंडी का वल्लभ कॉलेज
- एसडीआरएफ के जवानों की निगरानी में रहे देव अनंत बालूनाग

पृष्ठ 6 पर पढ़ें





- भारोतोलक अचिंत शिउली रात में महिला होस्टल में जाते पकड़े
- सुजानपुर की कृतिका को 'हिमाचल केसरी' खिताब

पृष्ठ 14 पर पढ़ें




# बजा चुनावी डंका, हिमाचल में पहली जून को वोटिंग

## चुनाव आयोग ने किया तारीखों का ऐलान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**लोकसभा** चुनाव 2024 की तारीखों का शनिवार को ऐलान हो गया। इसके साथ ही आचार संहिता भी लागू हो गई। 543 सीटों के लिए चुनाव सात चरणों में होंगे। पहले फेज की वोटिंग 19 अप्रैल को और आखिरी फेज की वोटिंग पहली जून को होगी। चार जून को नतीजे आएंगे। वोटिंग से लेकर नतीजे तक इसमें 46 दिन लगेंगे।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 18वीं लोकसभा के गठन के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के साथ ही देश में आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है।

लोकसभा चुनाव 2024 में 96.8 करोड़ मतदाता होंगे, जबकि 2019 में 90 करोड़ मतदाता थे। इनमें से 49.7 करोड़ पुरुष और 47.1 करोड़ महिलाएं हैं। इस बार 1.8 करोड़ पहली बार के नए मतदाता हैं जो कि 18 से 19 वर्ष के हैं।

उन्होंने कहा कि हम 1.5 करोड़ मतदान अधिकारियों और 10.5 लाख मतदान केंद्रों के साथ लोकतंत्र का जश्न मनाने के लिए तैयार हैं। चुनाव में 55 लाख से अधिक ईवीएम का उपयोग किया जाएगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि चुनाव में हिंसा का कोई स्थान नहीं, इसे रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे।

### देश में लगी आचार संहिता



- मुख्य चुनाव आयुक्त बोले- चुनाव में हिंसा का कोई स्थान नहीं, सख्त कदम उठाएंगे
- वोटिंग से लेकर नतीजे तक लगेंगे 46 दिन

### लोकसभा चुनाव 2024



**55** लाख ईवीएम का होगा इस्तेमाल

### सात चरणों में देशभर में मतदान

| चरण | तारीख | राज्य : सीटें |
|---|---|---|
| पहला चरण | 19 अप्रैल | राज्य 21 : 102 सीटें |
| दूसरा चरण | 26 अप्रैल | राज्य 13 : 89 सीटें |
| तीसरा चरण | 7 मई | राज्य 12 : 94 सीटें |
| चौथा चरण | 13 मई | राज्य 10 : 96 सीटें |
| पांचवां चरण | 20 मई | राज्य आठः 49 सीटें |
| छठा चरण | 25 मई | राज्य सात : 57 सीटें |
| सातवां चरण | पहली जून | राज्य आठ : 57 सीटें |

**नतीजे** चार जून

## आंध्र प्रदेश, ओडिशा, अरुणाचल और सिक्किम में विधानसभा चुनाव भी होंगे

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव के साथ चार राज्यों आंध्र प्रदेश, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में भी एक फेज में 19 अप्रैल को मतदान होगा। आंध्र प्रदेश में 13 मई को एक फेज में वोटिंग होगी। ओडिशा में चार चरणों में 13 मई, 20 मई, 25 मई और एक जून को वोट डाले जाएंगे। गुजरात की पांच, यूपी की चार, हरियाणा, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, राजस्थान, कर्नाटक, तमिलनाडु की 1-1 विधानसभा सीट पर उपचुनाव होगा। यहां उस क्षेत्र में होने वाले लोकसभा चुनाव के साथ ही नोटिफिकेशन जारी होगा और वोटिंग होगी। सभी राज्यों में काउंटिंग लोकसभा चुनावों की काउंटिंग के साथ चार जून को होगी।

### 10.5 लाख पोलिंग स्टेशन



देश में **98.8** करोड़ मतदाता

- चुनाव के दौरान हिंसा करने वालों के खिलाफ जारी होगा गैर-जमानती वारंट
- किसी भी वालंटियर या संविदा कर्मचारी की चुनाव में ड्यूटी नहीं लगेगी
- जाति, धर्म के आधार पर प्रचार न हो
- फेक न्यूज, नफरती भाषणों पर रहेगी चुनाव आयोग की नजर
- 100 साल से ज्यादा उम्र के मतदाताओं की संख्या दो लाख 18 हजार है
- 82 लाख वोटर्स 85 साल से ज्यादा उम्र के हैं
- 85 साल की उम्र के वोटरों और दिव्यांगों से घर जाकर चुनाव आयोग वोट लेगा। ऐसे वोटर्स को फॉर्म 12 वोट के लिए आयोग की ओर से पहुंचाया जाएगा।
- 88.4 लाख दिव्यांग वोटर, 13.4 लाख ऐसे वोटर, जिनकी आयु पहली अप्रैल को 18 साल हो रही हैं, उनको जोड़ लिया गया।

### कुल वोटर

पुरुष 49.7 करोड़ | महिला 47.1 करोड़

**1.8 करोड़ युवा पहली बार डालेंगे वोट**

ट्रांसजेंड 48 हजार 44

## प्रदेश में लोकसभा चुनाव के साथ विधानसभा उपचुनाव

**हिमाचल** प्रदेश में लोकसभा की चार और विधानसभा की छह सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए वोटिंग पहली जून को होगी। प्रदेश में सातवें चरण में वोटिंग होगी। सूबे की चारों सीटों पर एक ही तारीख में वोटिंग होगी। सूबे में मुख्य रूप से बीजेपी और कांग्रेस के बीच टक्कर है। वहीं, विधानसभा उपचुनाव की तारीख का भी ऐलान कर दिया है। प्रदेश में धर्मशाला, लाहौल-स्पीति, सुजानपुर, बड़सर, गगरेट और कुटलैहड़ विधानसभा सीटों पर पहली जून को उपचुनाव होगा। यह चुनाव उन सीटों पर होंगे, जहां के निर्वाचित विधायकों को हाल ही में स्पीकर ने दल-बदल कानून के तहत अयोग्य करार दिया था।

### हिमाचल में चुनावी प्रक्रिया का शेड्यूल

| | |
|---|---|
| नामांकन | 14 मई |
| नामांकन की जांच | 15 मई |
| नाम वापसी | 17 मई |
| वोटिंग | एक जून |
| वोटों की गिनती | चार जून |

## टॉल फ्री नंबर 1950 पर दर्ज करवाएं शिकायतें

**शिमला।** उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर उपायुक्त कार्यालय शिमला में तहसीलदार रिकवरी के कमरा नंबर 408 में नियंत्रण कक्ष/कॉल सेंटर की स्थापना की है, जिसका दूरभाष टॉल फ्री नंबर 1950 है।

जनता आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन एवं चुनाव प्रक्रिया से संबंधित किसी भी अन्य शिकायत के संबंध में इस टॉल फ्री नंबर पर शिकायत दर्ज कर सकते हैं। यह नियंत्रण कक्ष चुनाव प्रक्रिया के दौरान 24 घंटे कार्य करेगा।

## न्यूज शॉर्ट्स

### ईडी समन मामले में अरविंद केजरीवाल को अग्रिम जमानत



**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने ईडी की ओर से समन पर पेश नहीं होने के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत दे दी है। एडिशनल मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा ने केजरीवाल को 15 हजार रुपए के निजी मुचलके और एक लाख रुपए के जमानती के आधार पर जमानत दी है। मामले की अगली सुनवाई एक अप्रैल को होगी। शनिवार को अरविंद केजरीवाल कोर्ट में पेश हुए।

### भाजपा में शामिल हुईं मशहूर गायिका अनुराधा पौडवाल



**नई दिल्ली।** मशहूर गायिका अनुराधा पौडवाल शनिवार को भाजपा में शामिल हो गईं। भाजपा मुख्यालय में महासचिव अरुण सिंह और राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल बलूनी की मौजूदगी में अनुराधा पौडवाल ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने कहा कि भाजपा में शामिल होने पर उन्हें खुशी है। पीएम नरेंद्र मोदी की नीतियों से प्रभावित हो कर वह भाजपा से जुड़ी हैं।


अनंत ज्ञान

**अनुभवी स्टाफ चाहिए**

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

**संपादकीय विभाग**

प्रूफ रीडर, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर एवं उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। अनुभवी डिजाइनर चाहिए। (फोटोशॉप का अनुभव अनिवार्य)। आवेदक को अनुभवी होना जरूरी है।

**डिजिटल मीडिया**

डिजिटल हेड, वीडियो एडिटर, एंकर, कैमरामैन, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर चाहिए।

**मार्केटिंग विभाग**

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

**सर्कुलेशन विभाग**

अनंत ज्ञान अखबार को प्रचार और प्रसार के लिए कुशल और अनुभवी सर्कुलेशन एग्जीक्यूटिव चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com


## हमीरपुर सब जेल में कैदी ने किया सुसाइड

### 24 फरवरी से था ज्यूडिशियल कस्टडी में, लोगों ने जेल के बाहर पुलिस प्रशासन के खिलाफ की नारेबाजी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

**जिला** मुख्यालय के पास दोसड़का में स्थित सब जेल में 38 वर्षीय कैदी दीप चंद ने आत्महत्या कर ली। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। वहीं, इलाकावासी और मृतक के रिश्तेदारों ने जेल परिसर पहुंचकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

बड़सर पुलिस स्टेशन के बाहर भी ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। लोगों ने कहा कि जिस मामले के तहत दीप चंद को गिरफ्तार किया था, वह गलत था। यही कार्रवाई उसकी मौत की वजह बनी है। ज्यूडिशियल कस्टडी में चल रहा दीप चंद पोस्को एक्ट में गिरफ्तार किया गया था। आरोपी 24 फरवरी से ज्यूडिशियल कस्टडी में था। शनिवार सुबह जब ब्रेकफास्ट के लिए कैदियों को बुलाया, तो दीप चंद नहीं पहुंचा। जब खोजबीन शुरू की तो पता चला कि जेल के भीतर बाथरूम में लटककर दीप चंद ने सुसाइड कर लिया है। इसकी सूचना जेल अधीक्षक को दी गई। वहीं, जजों की टीम ने भी जांच की है। एसपी पदम चंद ने बताया कि ज्यूडिशियल जांच शुरू कर दी है। रिपोर्ट आने के बाद ही आत्महत्या के कारणों का पता चल पाएगा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।



हमीरपुर में दोसड़का में स्थित सब जेल के बाहर हंगामा करते लोग।

## जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट पर लगा पांच साल का बैन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (यासीन मलिक गुट) को 'गैरकानूनी संघ' घोषित कर पांच साल का प्रतिबंध लगा दिया है। केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर पीपुल्स फ्रीडम लीग को भी 'अलगाव को बढ़ावा देने के लिए' प्रतिबंधित समूह के रूप में नामित किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'एक्स' पर कहा कि मोदी सरकार ने 'जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट को अगले पांच साल के लिए 'गैरकानूनी एसोसिएशन' घोषित किया है। प्रतिबंधित संगठन जम्मू-कश्मीर में आतंक और अलगाववाद को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों में लगा हुआ था। राष्ट्र की सुरक्षा, संप्रभुता और अखंडता को चुनौती देने वाले किसी भी व्यक्ति को कठोर कानूनी परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर पीपुल्स लीग के चार गुटों जेकेपीएल (मुख्तार अहमद वाजा), जेकेपीएल (बशीर अहमद टोटा), जेकेपीएल (गुलाम मोहम्मद खान) और जेकेपीएल (अजीज शेख) पर भी प्रतिबंध लगाया दिया है।

## पाक में सेना चौकी पर आतंकी हमला, सात जवानों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आतंकियों ने उत्तरी वजीरिस्तान में सेना की एक पोस्ट पर हमला किया। इस हमले में सात पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हुई है।

**विस्फोटक भरी गाड़ी लेकर आए थे आतंकी**

शनिवार सुबह हुए इस हमले में आतंकियों ने विस्फोटकों से भरे वाहन को सैन्य प्रतिष्ठान में घुसा दिया, जिससे इमारत का हिस्सा ढह गया और आतंकी उसी रास्ते अंदर घुसे। पाकिस्तान सेना की मीडिया अफेयर विंग आईएसपीआर ने बताया कि यह एक आत्मघाती हमला था, जिसमें दो अधिकारियों समेत सात जवान मारे गए हैं। एक लेफ्टिनेंट कर्नल, एक कैप्टन और पांच सिपाही हैं। पाकिस्तानी सेना ने छह आतंकियों के मारे जाने की भी जानकारी दी है।

### राजौरी में नियंत्रण रेखा के पास पाक घुसपैठिया दबोचा

**राजौरी/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के समानी गांव के निवासी मोहम्मद नदीम को नौशेरा सेक्टर में सेना के जवानों ने तब रोका जब वह शुक्रवार देर रात सीमा पार कर रहा था। जवानों ने घुसपैठिए को देखा और कुछ देर पीछा करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया।

### सीमाओं की रक्षा करने में सक्षम भारत : सीडीएस

**नई दिल्ली।** सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि भारत अपनी सीमाओं की रक्षा करने में सक्षम है।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान भले ही आर्थिक रूप से बदहाल हो, लेकिन अभी भी उसकी सेना हमारे लिए खतरा है। पाकिस्तानी सेना की क्षमताओं में कोई कमी नहीं आई है। जहां तक सुरक्षा बलों की बात है, हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती चीन का उभार और चीन के साथ सीमा विवाद है। हमारे दोनों पड़ोसी हैं, जिनके साथ हमारे मतभेद हैं। दोनों की गहरी दोस्ती है।

## देश का सबसे लंबा कंक्रीट कैंटिलीवर स्पैन बागछाल पुल जनता को समर्पित

### बिलासपुर में मुख्यमंत्री सुक्खू ने किया शुभारंभ





झंडूता में बने 330 मीटर कंक्रीट कैंटिलीवर बागछाल पुल का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

**गोपाल कपिल, झंडूता**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शनिवार को झंडूता में देश के पहले सबसे लंबे 330 मीटर कंक्रीट कैंटिलीवर बागछाल पुल का शुभारंभ किया। इस पुल पर 70 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं।

अब लोगों को बिलासपुर और पंजाब की ओर जाना आसान हो जाएगा। इससे पहले लोगों को बिलासपुर आने के लिए चार से अधिक घंटे लगते थे, लेकिन अब मात्र एक से आधे घंटे में पहुंच जाएंगे। दो से तीन घंटे के भीतर चंडीगढ़ का सफर तय कर पाएंगे। सीएम ने कहा कि बागछाल पुल से लेकर कोटधार क्षेत्र तक डबललेन बनाया जाएगा और 50 करोड़ रुपए और खर्च किए जाएंगे। इस पुल का 124 मीटर हिस्सा यानी 38 प्रतिशत कार्य मात्र एक साल की अवधि में पूरा किया गया। झंडूता और नयनादेवी विधानसभा क्षेत्रों को आपस में जोड़ने के लिए गोबिंदसागर झील पर निर्मित 330 मीटर लंबा यह पुल इंजीनियरिंग स्किल्स का अद्भुत और बेजोड़ नमूना है।

कोटधार के मरोत्तन से वाया बिलासपुर-किरतपुर के लिए लोगों को 132 किलोमीटर का सफर करना पड़ता है, लेकिन अब मरोत्तन से किरतपुर की दूरी मात्र 18 किलोमीटर रह जाएगी। झंडूता क्षेत्र के लोगों को 60 किलोमीटर की कम दूरी तय करनी पड़ेगी। (अनंत ज्ञान)

**हमला** राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग को लेकर सीएम बागी विधायकों और भाजपा पर बरसे

## वीरभद्र ने कई बार दिए मंत्री पद के ऑफर: सुक्खू

**शुभम राही, बिलासपुर**

**झंडूता** विस क्षेत्र के कलोल में शनिवार को जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने एक बार फिर अपने पुराने समय को याद किया है।

उन्होंने कहा कि स्व. वीरभद्र सिंह उन्हें कई बार मंत्री बनने के ऑफर देते रहे, लेकिन उन्होंने अपने उसूलों से बिलकुल भी समझौता नहीं किया।

उन्होंने हमेशा मंत्री पद को ठुकराया है। उन्होंने इस दौरान अपने और वीरभद्र सिंह के बीच के आपसी राजनीतिक तालमेल सही न होने का भी एक बार फिर से इशारा दिया। उन्होंने बागी विधायकों पर जुबानी हमला करते हुए कहा कि इन बागी विधायकों ने अपने उसूलों के साथ तो समझौता किया है और अब वह न तो घर के रहे हैं और न ही घाट के।

गौरतलब है कि वीरभद्र और सुक्खू के बीच वैचारिक मतभेद रहे हैं। 2017 में कांग्रेस चुनाव हारने के बाद सुखविंद्र सिंह ने वीरभद्र सिंह पर बयान दिया था कि सीएम की जवाबदेही रहती है। यही नहीं, कई बार तो हालात ऐसे भी हो गए थे जब सरकार और संगठन आमने-सामने हो गया था। वहीं, कलोल में हुई जनसभा में सीएम ने सरेआम कहा है कि आज उन्हें 40 साल की मेहनत यानि 40 साल से संगठन में रहने के बाद सीएम की कुर्सी मिली है। (अनंत ज्ञान)

### पैसों के लिए बिके बागी, इमान बेचा

**सीएम** ने कहा कि कभी राजनीतिक कुर्सी के लिए अपने स्वाभिमान से समझौता नहीं किया है। उन्होंने बागी विधायकों के हिमाचल से बाहर रहने पर कहा कि वे कभी पंचकूला में तो कभी ऋषिकेश तो, कभी गुड़गांव में रह रहे हैं और अपना घर छोड़कर क्यों बाहरी राज्यों में रह रहे हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि बागी विधायक पैसों के लिए बिक गए और उन्होंने अपना इमान बेच दिया है।

### बागी विधायकों को खरीदकर सरकार बनाना चाहती भाजपा

**सीएम** सुक्खू ने कहा कि बागी विधायकों को खरीदकर भाजपा सरकार बनाना चाहती थी, लेकिन उनके सपने पूरे नहीं हो पाए हैं, क्योंकि यह लोग हिमाचल की जनता की सेवा नहीं, बल्कि राजनीतिक फायदा लेना चाहते हैं। आज यही कारण है कि बागी विधायकों के घरों में सीआपीएफ का पहरा, प्रदेश में आने के लिए डर का माहौल व राज्यसभा सीट के लिए वोट डालने के लिए डरते हुए शिमला पहुंचना, यह सब दर्शाता हैं।

## सीएए के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में पहुंची केरल सरकार

**नई दिल्ली।** केरल सरकार ने सीएए के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। केरल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर नागरिकता संशोधन कानून 2019 और नागरिकता संशोधन नियम 2024 को लागू करने से रोक लगाने की मांग की है। केरल सरकार ने सीएए पर रोक की मांग करते हुए तर्क दिया है कि सीएए कानून को लागू करने में चार साल की देरी हुई है। इसका मतलब यह है कि इस कानून को लागू करने की तुरंत आवश्यकता नहीं है और इस आधार पर ही सीएए (नागरिकता संशोधन कानून) पर रोक लगाई जा सकती है।

### आईयूएमएल और ओवैसी ने भी दायर की हैं याचिकाएं

**सीएए** के खिलाफ केरल की इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) पार्टी व एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने भी याचिका दाखिल की है। सीएए के खिलाफ दायर याचिकाओं पर 19 मार्च को सुनवाई होगी।

# टायर प्रदर्शन में एचआरटीसी देशभर में पहले स्थान पर




दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह में टायर प्रदर्शन में पहला स्थान हासिल करते एमडी रोहन चंद ठाकुर।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों से लेकर बाहरी राज्यों के मैदानी राहों तक श्रेष्ठ सेवाएं देने वाले एचआरटीसी का डंका देश भर में बजा है। राष्ट्रीय सार्वजनिक बस पुरस्कारों में एचआरटीसी को शीर्ष सम्मान प्राप्त हुआ है। टायर प्रदर्शन में पहला स्थान हासिल करके प्रदेश का नाम एचआरटीसी ने ऊंचा किया है।

कर्मचारी उत्पादकता और व्हीकल उपयोगिता में दूसरा स्थान हासिल करके बेहतरीन कार्यशैली का उदाहरण दिया है। दिल्ली में एसोसिएशन ऑफ स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग्स (एएसआरटीयू) की ओर से आयोजित समारोह में यह सम्मान एचआरटीसी के प्रबंध निदेशक एमडी रोहन चंद ठाकुर को मिला। ऐसे में एचआरटीसी का शानदार प्रदर्शन हिमाचल प्रदेश के लोगों को कुशल और विश्वसनीय सार्वजनिक परिवहन सेवाएं प्रदान करने के प्रति इसके अटूट समर्पण को रेखांकित करता है। इस मौके पर डीडीएम देवासेन नेगी भी मौजूद रहे।



शिमला के रिज मैदान पर चहल-कदमी करते पर्यटक।

# राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने किया विभिन्न संस्थाओं का अवलोकन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के स्पेशल मॉनिटर बालकृष्ण गोयल ने शनिवार को जोनल अस्पताल धर्मशाला का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों, ओपीडी, रजिस्ट्रेशन काउंटर व सुझाव/शिकायत पट्टिका का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने अस्पताल के स्टाफ से मुलाकात की तथा उनकी समस्याओं को जाना।

इस दौरान उन्होंने अस्पताल में रखी गई खाद्यन्न सामग्री तथा दवाइयों की गहनता से जांच की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान ओपीडी, बल्ड बैंक के अतिरिक्त अस्पताल की अन्य कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी हासिल की। इस दौरान धर्मशाला अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेश गुलेरी ने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से अस्पताल के संचालन और कार्यप्रणाली से संबंधित जानकारी दी। गोयल ने मानवाधिकारों के संरक्षण पर बल देते हुए कहा कि किसी भी रूप में मानव अधिकारों का हनन नहीं होना चाहिए। गोयल ने धर्मशाला के दाड़ी स्थित वृद्ध आश्रम का भी दौरा किया। उन्होंने संस्था के अधिकारियों व कर्मचारियों से वृद्धों की समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने इस दौरान वहां रह रहे बुजुर्गों से बातचीत कर उनको आ रही समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा उनके त्वरित निवारण के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुशील शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक शर्मा, जिला बाल संरक्षण अधिकारी राजेश शर्मा, सीडीपीओ रमेश जागवान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।




धर्मशाला अस्पताल का निरीक्षण करते बालकृष्ण गोयल।

## एचआरटीसी ने निकाला कंडक्टर भर्ती का फाइनल रिजल्ट, 357 सिलेक्ट

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग ने एचआरटीसी कंडक्टर पोस्ट कोड 1031 का फाइनल रिजल्ट घोषित कर दिया है। इसमें 357 के नाम की सिफारिश नियुक्ति के लिए की गई है। हिमाचल लोक सेवा आयोग ने चार अप्रैल, 2023 को एचआरटीसी कंडक्टर के 360 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की थी। इन पदों के लिए 10 दिसंबर, 2023 को स्क्रीनिंग टेस्ट आयोजित किया था। इसके बाद तीन फरवरी को रिजल्ट घोषित किया गया था। स्क्रीनिंग टेस्ट में 826 अभ्यर्थी सफल घोषित किए थे। दस्तावेज मुल्यांकन 19 फरवरी से छह मार्च 2024 तक आयोजित किया गया। इसके बाद हिमाचल लोक सेवा आयोग ने फाइनल रिजल्ट घोषित कर दिया।

## कागजों में ही हो रही शिक्षा का अधिकार अधिनियम की अनुपालना

**हमीरपुर।** हाई कोर्ट ने 30 अगस्त 2016 को शिक्षा का अधिकार अधिनियम की अनुपालना सुनिश्चित करने के आदेश जारी किए थे, मगर राज्य सरकार ने इन आदेशों की अनुपालना कागजों में ही की है।



प्रदेश सरकार ने गैर बहुसंख्यक प्राइवेट स्कूलों में दाखिल आर्थिक रूप कमजोर वर्ग के 25 फीसदी छात्रों का पता लगाने के लिए प्रत्येक जिले में कमेटी का गठन किया है। कमेटी इन बच्चों की ओर से खर्च की गई फीस वापसी के लिए दस्तावेजों की जांच भी करगी। प्रदेश सरकार ने 5 मार्च को प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों को मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव और न्यायाधीश ज्योत्सना रिवाल दुआ की खंडपीठ के समक्ष रखते हुए यह वक्तव्य दिया। कोर्ट ने इस वक्तव्य के पश्चात सरकार को आदेश दिए कि वह कमेटी द्वारा प्रत्येक जिले से एकत्रित जानकारी मुहैया करवाए। उल्लेखनीय है कि प्रदेश हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को शिक्षा का अधिकार अधिनियम के प्रावधानों की अक्षरशः अनुपालना सुनिश्चित करने के आदेश जारी किए थे। इस मामले में कोर्ट ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत निजी स्कूलों में भी आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों को 25 फीसदी आरक्षण देने के आदेशों की अनुपालना रिपोर्ट तलब की थी। मामले पर सुनवाई 19 जून को निर्धारित की गई है। प्रार्थी नमिता मनिकटाला ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम की अक्षरश अनुपालना न होने का आरोप लगाया है।

# पांच जिलों में 139 करोड़ से बनेंगे पुल

## चंबा, कांगड़ा, ऊना, सोलन व कुल्लू में 22 पुलों का होगा निर्माणः विक्रमादित्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश के पांच जिलों में 22 पुलों के निर्माण के लिए 139.78 करोड़ रुपए केंद्र सरकार द्वारा जारी किए गए हैं। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि यह धनराशि जिला चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, सोलन व ऊना में पुलों के निर्माण पर व्यय की जाएगी।

उन्होंने कहा कि जिला चंबा में 3.19 करोड़ रुपए की लागत से एक पुल, जिला कुल्लू में 7.11 करोड़ रुपए की लागत से एक पुल, जिला सोलन में 16.79 करोड़ की लागत से चार पुल, जिला कांगड़ा में 39.19 करोड़ की लागत से पांच पुल तथा जिला ऊना में 73.50 करोड़ की लागत से 11 पुलों का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा समय-समय पर राज्य में अधोसंरचना विकास को ध्यान में रखते हुए केंद्र के समक्ष प्रदेश हित के मुद्दों को उठाया जाता रहा है, जिसके फलस्वरूप केंद्र द्वारा आज संपर्क सुविधा को सुदृढ़ करने के लिए विभिन्न परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि वह स्वयं कई बार प्रदेशवासियों के कल्याण से जुड़े मुद्दों एवं प्रदेश के हितों को केंद्र सरकार के समक्ष उठाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसे लेकर केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भी मुलाकात की थी। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत स्वीकृत विभिन्न परियोजनाओं के लिए 139.78 करोड़ रुपए की धनराशि जारी करने के लिए केंद्र सरकार एवं गडकरी का प्रदेश सरकार की ओर से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन पुलों के निर्माण से स्थानीय लोगों के लिए यातायात की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी तथा पर्यटकों के लिए भी प्रदेश भ्रमण सुगम होगा।



जेसीबी में बैठे लोक निर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य सिंह।

### हर उपमंडल में भेजी जाएंगी मशीनें

**विक्रमादित्य** ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का लोक निर्माण विभाग के लिए इन मशीनों की खरीददारी में सहयोग करने के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि हर उपमंडल में इन मशीनों को भेजा जाएगा, ताकि आपदा या किसी और घटना से निपटने में हमें कोई भी परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष बरसात से आई आपदा में जो नुकसान हुआ था, उसको ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार ने कुछ निर्णायक निर्णय लिए थे, जिस कड़ी में इन मशीनों की खरीददारी की गई है। इस अवसर पर ईएनसी लोक निर्माण विभाग अजय गुप्ता, अधीक्षण अभियंता (मैकेनिकल) सीडी ठाकुर, अधिशाषी अभियंता (मैकेनिकल) अमित शर्मा, आरके चांदला, राजेश अग्रवाल तथा रोहित सूद मौजूद रहे।

### 14 नई मशीनों को दिखाई हरी झंडी

**शिमला।** लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शनिवार को तारा देवी से 23 करोड़ रुपए से अधिक की राशि से हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग के लिए खरीदी गई 102 नई मशीनों में से 14 मशीनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि इन मशीनों को जेम पोर्टल के माध्यम से खरीदा गया है, जिससे लगभग दस करोड़ रुपए की बचत हुई है।




तारादेवी में नई मशीनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह।

## न्यूज ब्रीफ

### धर्मशाला केंद्रीय विश्वविद्यालय को विशेष दर्जा मिलना गौरव की बातः शांता कुमार

**पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री शांता ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के लिए यह प्रसन्नता और गौरव की बात है कि धर्मशाला के केंद्रीय विश्वविद्यालय को यूजीसी द्वारा विषेश दर्जा (ग्रेडिड ऑटोनॉमी) प्रदान किया गया है। देश के सैकड़ों विश्वविद्यालयों में से जिन आठ केंद्रीय विश्वविद्यालयों को यह सम्मान प्राप्त हुआ है। उसमें हिमाचल प्रदेश के केंद्रीय विश्वविद्यालय का नाम भी है। उन्होंने कहा कि इससे केंद्रीय विश्वविद्यालय का स्तर बढ़ेगा, नई सुविधाएं मिलेंगी और कार्य का विस्तार होगा। केंद्रीय विश्वविद्यालय भी अपने स्तर पर ही कुछ नए अध्ययन प्रारंभ कर सकेगा। उन्होंने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए केंद्रीय विश्वविद्यालय के उपकुलपति प्रो. बसंल और उनके सहयोगियों को बधाई दी है। उन्होंने इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से आग्रह किया है कि वह भी 12 साल के रुके हुए केंद्रीय विश्वविद्यालय के भवन के निर्माण के काम को प्रारंभ करवाने की कृपा करें।



### अब की बार 400 पार का नाराः अनुराग

**बंगाणा।** देश में भाजपा कार्यकर्ता मोदी सरकार 400 पार के नारे को सार्थक बनाने के लिए धरातल पर काम कर रहा है। हर हाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मिशन 400 पार करके लगातार तीसरी बार देश का नेतृत्व करके नया इतिहास रचेंगे। ये शब्द केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कुटलैहड़ प्रवास पर बंगाणा डोहगी में नशे पर वार कार्यक्रम में बाइक रैली को झंडी दिखाने के बाद कहे। अनुराग ने कहा कि मोदी सरकार के दस वर्ष के कार्यकाल में एक भी भ्रष्टाचार नहीं हुआ ओर भारत सरकार मिशन 400 पार के नारे से 2024 में हैट्रिक लगाने की ओर अग्रसर है। कांग्रेस के सांसद मिशन 400 करोड़ से आगे बढ़ रहे हैं। यही केंद्र में एनडीए सरकार और यूपीए सरकार में अंतर है। वहीं, केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने बंगाणा में राज्य की सूक्खू सरकार पर जमकर हमला बोला।



### हर्ष महाजन ने उपराष्ट्रपति से की मुलाकात

**शिमला** भाजपा के राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन दिल्ली में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश से संबंधीत कई मामलों पर चर्चा की। हाल ही में कांग्रेस से भाजपा में आए हर्ष महाजन ने हिमाचल में होने जा रहे लोकसभा चुनाव को लेकर राज्य सरकार का घेराव किया है। उन्होंने कहा कि इस बार प्रदेश के 17 विधानसभा क्षेत्रों में प्रत्याशियों की जीत की चाबी महिलाओं के हाथ में रहेगी और वर्तमान कांग्रेस सरकार ने हिमाचल की महिलाओं को ही धोखा दे दिया है। हर्ष महाजन ने कहा कि जिस प्रकार से कांग्रेस नेताओं ने प्रत्येक महिला को 1500 रुपए प्रतिमाह देने का वादा किया था वह तो पूरा नहीं हुआ पर जिस प्रकार की नोटिफिकेशन इस सरकार ने निकाली है, उससे स्पष्ट है कि प्रदेश की 22 लाख महिलाओं को यह राशि प्राप्त नहीं होने वाली है।



### डॉ. राजीव बिंदल ने जाखू मंदिर में शीश

**शिमला।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने शनिवार को लोकसभा चुनावों की घोषणा से पहले शिमला के प्रसिद्ध जाखू मंदिर में जाकर शीश नवाया। बिंदल ने कहा कि आज पूरे विश्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का डंका बोल रहा है और जिस प्रकार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता पूरे विश्व में स्थापित हुई है, इससे हमें पूर्ण विश्वास है कि आने वाले लोकसभा चुनाव में देश में भारतीय जनता पार्टी 400 पार और हिमाचल में पूरी चार की चार सीटें हम जीतेंगे। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता किसी से छिपी हुई नहीं है। वह देश ही नहीं विदेश में भी काफी लोकप्रिय हैं। ऐसे में अमेरिका के एक सांसद ने विश्वास जताया है कि आगामी लोकसभा चुनाव में वह फिर से निर्वाचित होंगे।



## बागी नेता चैतन्य के पिता और निर्दलीय विधायक को राहत, अग्रिम जमानत मिली

**हमीरपुर।** प्रदेश हाई कोर्ट ने गगरेट से विधायक चैतन्य शर्मा के पिता और हमीरपुर से निर्दलीय विधायक आशीष शर्मा को दी अंतरिम अग्रिम जमानत की अवधि पहली अप्रैल तक बढ़ा दी है। न्यायाधीश रंजन शर्मा ने दोनों प्रार्थियों को आदेश दिए कि वे बालूगंज पुलिस द्वारा बुलाए जाने पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं व जांच कार्य में सहयोग दें। हालांकि कोर्ट ने दोनों प्रार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी समस्या के अनुसार ही उपस्थिति सुनिश्चित करने की छूट भी दी है। कोर्ट को प्रार्थियो की ओर से अवगत करवाया गया था कि प्रार्थी स्वास्थ्य कारणों के चलते बालूगंज पुलिस के समक्ष पेश नहीं हो पाए थे। याचिकाओं में दिए तथ्यों के अनुसार शिमला के बालूगंज पुलिस स्टेशन में कांग्रेस के बागी एवं गगरेट से विधायक चैतन्य शर्मा के पिता और हमीरपुर से निर्दलीय विधायक आशीष शर्मा के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। दोनों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 171 ए और 171 सी, 120 बी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 एवं 8 के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है।

## 25वें दिन पुलिस के हत्थे चढ़े ज्वेलर के मर्डर के आरोपी, तीन गिरफ्तार

**नेरवा, चौपाल।** नेरवा में 18 फरवरी को हुए ब्लाइंड मर्डर केस को नेरवा पुलिस ने 25 दिन की कड़ी मशक्कत के बाद सुलझाने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने इस मामले में दो युवकों को बिहार के जिला मोतिहारी से हिरासत में लिया । इन युवकों से पूछताछ के बाद नेरवा में 12वीं कक्षा में पढ़ने वाले एक अन्य बिहारी युवक को भी हिरासत में ले लिया है । वारदात स्थल अथवा इसके आसपास कोई भी सीसीटीवी कैमरा न होने से पुलिस के लिए यह हत्या एक अनसुलझी गुत्थी बनी हुई थी। इसके बावजूद पुलिस ने कड़ी से कड़ी मिलते हुए इस ब्लाइंड मर्डर केस को सुलझा कर बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह बात भी सामने आई है कि इन युवाओं ने बिहारी मूल के आभूषण कारोबारी गगन की हत्या लूटपाट के इरादे से की थी। नेरवा से हिरासत में लिया गया आरोपी भी बिहारी मूल का है तथा उसका पिता नेरवा में ही मिस्त्री का कार्य करता है। आरोपी नेरवा में ही 12वीं क्लास में पढ़ता है तथा आजकल बोर्ड की परीक्षा दे रहा है ।

## सीबीआई कोर्ट से सजा के बाद छुट्टी पर गए भरमौर के एडीसी नवीन तंवर

**भरमौर।** गाजियाबाद सीबीआई कोर्ट से तीन साल की कठोर कारावास की सजा होने के बाद एडीसी भरमौर नवीन तंवर छुट्टी पर चले गए हैं।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

उनकी जगह अब एसडीएम भरमौर कुलबीर सिंह राणा एडीएम भरमौर का अतिरिक्त कार्यभार संभालेंगे। सरकार की ओर से एसडीएम भरमौर को कार्यभार संभालने के आदेश दे दिए गए हैं। इसकी पुष्टि डीसी चंबा मुकेश रेप्सवाल ने की है। गौरतलब है करीब नौ वर्ष पहले आयोजित आईबीपीएस क्लर्क भर्ती परीक्षा में दो परीक्षार्थियों के स्थान पर परीक्षा देने के मामले पर सीबीआई ने दो अभियुक्तों सहित छह लोगों को तीन साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इनमें से एक आरोपी नवीन तंवर चंबा के भरमौर में अतिरिक्त उपयुक्त के पद पर कार्यरत थे।

## हत्या के दोषियों को आजीवन कठोर कारावास की सजा

**सुंदरनगर।** अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुंदरनगर ने दो आरोपियों को सुनियोजित तरीके से षड्यंत्र रच कर हत्या करने के एक महत्वपूर्ण मामले में शनिवार को आजीवन कठोर कारावास और 20 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। दोषियों की शिनाख्त गीता देवी निवासी गांव तुनाही डाकघर बीबीएमबी टाउनशिप तहसील सुंदरनगर जिला मंडी और रमेश चंद निवासी गांव कुटाही तहसील सुंदरनगर जिला मंडी के तौर पर हुई है। उपजिला न्यायवादी सुंदरनगर विनय वर्मा ने बताया कि वर्ष 2016 में पुलिस थाना बीएसएल कॉलोनी के तुनाही में एक व्यक्ति की मौत होने की सूचना प्राप्त हुई। इस पर एएसआई जगदीश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी। मृतक की शिनाख्त लेखराज निवासी तुनाही डाकघर बीबीएमबी टाउनशिप तहसील सुंदरनगर जिला मंडी के तौर पर हुई। न्यायालय में मामले की पैरवी उपजिला न्यायवादी नवीन चंदर, चानन सिंह तथा विनय वर्मा ने की। अभियोजन पक्ष ने कोर्ट में 19 गवाहों के बयान दर्ज करवाए गए। अभियोजन पक्ष और बचाव पक्ष को सुनने के बाद अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुंदरनगर की अदालत ने आरोपी गीता देवी व रमेश चंद को हत्या के मामले में दोषी पाया और दोनों दोषियों को आईपीसी धारा 302 में हत्या को लेकर आजीवन कठोर कारावास व 20 हजार रुपए जुर्माना और जुर्माना अदा न करने की सूरत में दोनों दोषियों को छह महीने का साधारण कारावास की सजा सुनाई। न्यायालय ने आईपीसी की धारा 328 में दोषियों को 10 वर्ष का कठोर कारावास व जुर्माना 20 हजार रुपए जुर्माना तथा जुर्माना अदा न करने की सूरत में दोनों आरोपियों को 6 महीने का साधारण कारावास की सजा सुनाई है।

**सियासत** नौ असंतुष्ट नेता बोले-घोषणा पत्र को मुख्यमंत्री ने कूड़े में फेंका

# सीएम पर मानहानि का दावा करेंगे असंतुष्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के बागी विधायकों सहित तीन निर्दलीय विधायकों ने सीएम सुक्खू द्वारा लगाए जा रहे अरोपों को लेकर मानहानी का दावा करने का एलान किया है।

शनिवार को असंतुष्ट विधायक राजेंद्र राणा सहित अन्य नेताओं यहां जारी संयुक्त बयान में कहा कि जो भी आरोप और दावे मुख्यमंत्री ने किए हैं वे उन्हें अदालत में साबित करने होंगे। इन नेताओं राजेंद्र राणा, सुधीर शर्मा, इंद्र दत्त लखनपाल, रवि ठाकुर, देवेंद्र भुट्टो चौतन्य शर्मा, होशियार सिंह, आशीष शर्मा और केएल ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश में बहुमत खोकर सुक्खू बौखला गए हैं और उन्हें इस बात का डर सता रहा है कि सत्ता के हाथ से जाते ही उनकी सरकार द्वारा जनता से की गई दगाबाजी और उनके मित्रों द्वारा किए गए काले कारनामे भी सामने आ जाएंगे। इन नेताओं ने तंज करते हुए कहा कि अब तो प्रदेश का बच्चा-बच्चा यह जान गया है कि मुख्यमंत्री सुक्खू के कारनामे उनके नाम के विपरीत हैं।

इन नेताओं ने कहा कि सुक्खू हिमाचल प्रदेश के सबसे अशुभ मुख्यमंत्री साबित हुए हैं, जिन्होंने सत्ता में आते ही युवाओं के लिए नौकरियों के दरवाजे बंद कर दिए, कांग्रेस के घोषणा पत्र को कूड़ेदान में फेंक दिया, जिनके कार्यकाल में एक तरफ आपदा आई, तो दूसरी और खजाना खाली हो गया। इन नेताओं ने तंज करते हुए कहा कि जब मित्रों पर ही खजाना लुटाया जा रहा हो तो फिर वह खाली होना ही था।

### सीएम ने मित्रों को दी लूट की खुली छूट

**इन** नेताओं ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने अपने मित्रों को लूट की खुली छूट दे रखी है और उनके मित्र खुलेआम लोगों से उगाही भी कर रहे हैं और करोड़ों की संपत्तियां भी खरीद रहे हैं। इन नेताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री हम पर बिकाऊ होने का आरोप लगा रहे हैं, लेकिन खुद उन्हें जनता को यह बताना होगा कि पिछले 14 महीनों से वह इन नौ विधायकों को लगातार जलील क्यों कर रहे थे और क्यों उनके विधानसभा क्षेत्र के काम रोक दिए गए थे। उन्होंने कहा कि वे जल्द ही सारे तथ्य प्रदेश की जनता के सामने रखेंगे।



# बागियों के हलके में कांग्रेस को दूसरी पंक्ति के नेताओं की तलाश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश में अयोग्य घोषित छह विधायकों के क्षेत्रों में कांग्रेस को लीड दिलाने का दारोमदार अब दूसरी पंक्ति के नेताओं पर आ गया है। धर्मशाला, सुजानपुर, गगरेट, कुटलैहड़, लाहौल-स्पीति और बड़सर विधानसभा क्षेत्र ने कांग्रेस की परेशानियों को और बढ़ा दिया है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के गृह संसदीय क्षेत्र हमीरपुर में चार विधानसभा क्षेत्रों सुजानपुर, गगरेट, कुटलैहड़ और बड़सर के कांग्रेस विधायक बागी हुए हैं। कांगड़ा और मंडी संसदीय क्षेत्र से भी दो विधायक अब सत्ताधारी कांग्रेस पार्टी के साथ नहीं हैं।

14 माह तक सरकार के साथ चलने वाले नालागढ़, हमीरपुर और देहरा के तीन निर्दलीय विधायकों ने भी कांग्रेस का साथ छोड़ दिया है। ऐसे में कांग्रेस पार्टी और सरकार को अब प्रदेश के नौ विधानसभा क्षेत्रों में नए सिरे से रणनीति बनाकर दमखम दिखाना होगा। इसके लिए कांग्रेस ने दूसरी पंक्ति के नेताओं की तैयारी शुरू कर दी है। धर्मशाला में सुधीर शर्मा, सुजानपुर में राजेंद्र राणा, बड़सर में इंद्र दत्त लखनपाल, गगरेट में चौतन्य शर्मा, लाहौल-स्पीति में रवि ठाकुर और कुटलैहड़ में देवेंद्र भुट्टो बीते माह तक कांग्रेस के विधायक थे। नालागढ़ से निर्दलीय केएल ठाकुर, देहरा से होशियार सिंह और हमीरपुर से आशीष शर्मा भी 14 माह तक कांग्रेस के कंधे से कंधा मिलकर चल रहे थे।



### बजट पारित करने के दौरान व्हिप के उल्लंघन का आरोप

**कांग्रेस** के छह विधायकों को बजट पारित करने के दौरान पार्टी व्हिप का उल्लंघन करने पर अयोग्य घोषित कर दिया गया है। तीन निर्दलीय विधायकों ने भी कांग्रेस का साथ छोड़ दिया है। ऐसे में अब कांग्रेस को प्रदेश के इन नौ क्षेत्रों में नए विकल्प तैयार करते हुए अपनी चुनावी रणनीति बनानी होगी। अयोग्य घोषित छह विधायकों के समर्थकों की जगह संगठन में नए सक्रिय कार्यकर्ता और पदाधिकारी तलाशने होंगे। लोकसभा चुनाव को मजबूती से लड़ने के लिए इन नौ विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी को अपने दूसरी पंक्ति के नेताओं को जल्द ही कमान भी सौंपनी होगी।

# धर्मशाला में 1500 रुपए लेने को महिलाओं में मची होड़

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

लोकसभा चुनावों से पहले प्रदेश की महिलाओं को 1500 रुपए प्रति माह मिलने की घोषणा से महिलाओं में होड़ दिख रही है। वहीं, हिमाचल सरकार की इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख-सम्मान निधि योजना के फार्म में फेमिली रिपोर्ट का उल्लेख न होने से महिलाओं को तहसील कल्याण अधिकारी के आफिस से मायूस होकर लौटना पड़ रहा है। तहसील कल्याण अधिकारी के ऑफिस में पहुंच रही महिलाएं उस समय मायूस होकर वापस लौट रही है, जब संबंधित अधिकारी उनसे परिवार नकल की कॉपी भी संलग्र करने को कह रहा है।

इस दौरान महिलाएं ये कहती भी सुनी गईं कि प्रदेश सरकार की ओर से जो फार्म जारी किया गया है उसमें परिवार नकल का कहीं भी उल्लेख नहीं किया गया है। लेकिन संबंधित अधिकारी उनसे परिवार नकल साथ लगाने की बात कह कर वापस लौटाते रहे। बता दें कि हिमाचल प्रदेश की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सुक्खू सरकार ने 1500 रुपए पेंशन के रूप में देने की घोषणा की है। इसके लिए सरकार द्वारा प्रोफॉर्मा जारी



फार्म भरमाने को पहुंची महिलाएं।

किया गया है। इसके अनुसार हिमाचली बोनाफाइड, आयु प्रमाण पत्र, बैंक या डाकघर खाता, आधार कार्ड, राशन कार्ड आदि प्रणाम पत्रों को साथ लगाने का उल्लेख किया गया, लेकिन जब धर्मशाला की महिलाएं जिला कल्याण अधिकारी के ऑफिस में ये सभी प्रमाणपत्र लेकर पहुंच रही है, तो उनसे परिवार नकल की कॉपी साथ लगाने को कहा जा रहा है। इसके चलते महिलाओं को नगर निगम या पंचायत कार्यालयों का रुख करना पड़ रहा है।

इस बारे में जानकारी देते हुए कार्यवाहक जिला कल्याण अधिकारी गीता ने बताया कि अन्य दस्तावेजों के साथ परिवार नकल की प्रति भी ली जा रही है, ताकि विभाग को वेरीफाई करने में आसानी हो और सभी को समय पर सरकार की सुविधा का फायदा मिल सके।

# 263 मर्डर : तीन साल में बढ़ा अपराध

## कांगड़ा जिले में दर्ज हुए सबसे ज्यादा मामले, लाहौल-स्पीति में पेश आए सबसे कम केस

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

प्रदेश की शांत आबोहवा में अब भोलेभाले लोगों के क्षेत्र में भी अब अपराध के आंकड़े बढ़ने लगे हैं। पिछले तीन साल के अपराध के आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक देश के शांत पहाड़ी राज्य तथा देवभूमि कहे जाने वाले हिमाचल प्रदेश में 263 मर्डर हुए। देश के पंजाब, हरियाणा तथा उत्तराखंड राज्यों से सीमाएं सांझी करने वाले प्रदेश में अपराध के मामलों में बढ़ोत्री हो रही है।

2021 में हत्या के कुल 85,2022 में 86 तथा 2023 में 92 मामले सामने आए। वहीं, सबसे ज्यादा मामले कांगड़ा जिला में सामने आए। यहां 2021 में 14,2022 में 16 तथा 2023 में 9 मर्डर केस सामने आए। हालांकि जहां प्रदेश में हत्याओं के मामले बढ़ हैं तो वहीं कांगड़ा जिला में मामलों में कमी आई है। वहीं, प्रदेश के मरूस्थल लाहौल-स्पिति में 2021 में शून्य, 2022 में दो तथा 2023 में मर्डर का एक मामला सामने आया। इसके अलावा बीबीएन में 2021 में 12, 2022 में आठ तथा 2023 में सात मामले सामने आए। बिलासपुर जिले में 2021 में तीन, 2022 में चार तथा 2023 में सात मामले सामने आए। चंबा जिले में 2021 में पांच, 2022 में तीन तथा 2023 में आठ मामले सामने आए। हमीरपुर जिले में 2021 में शून्य, 2022 में एक तथा 2023 में तीन मामले सामने आए। किन्नौर जिला में 2021 में दो, 2022 में दो तथा 2023 में दो मामले सामने आए। गत साल बने पुलिस जिला नुरपूर में 2023 में चार मामले सामने आए। कुल्लू जिला में 2021 में 6,2022 में दस तथा 2023 में छह मामले सामने आए। मंडी जिले में 2021 में 12, 2022 में आठ तथा 2023 में 11 मामले सामने आए। शिमला जिला में 2021 में 15, 2022 में 14 तथा 2023 में तीन मामले सामने आए। सिरमौर जिला में 2021 में सात, 2022 में आठ तथा 2023 में सात मामले सामने आए। सोलन जिले में 2021 में सात, 2022 में चार तथा 2023 में पांच मामले सामने आए। ऊना जिले में 2021 में 11, 2022 में छह तथा 2023 में छह मामले सामने आए। (अनंत ज्ञान)

### बॉर्डर सीमाएं होने से बढ़ रहे क्राइम के मामले

**प्रदेश** की शांत आबोहवा में अब भोलेभाले लोगों के क्षेत्र में भी अब अपराध के आंकड़े बढ़ने लगे हैं। पिछले तीन साल के अपराध के आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक देश के शांत पहाड़ी राज्य तथा देवभूमि कहे जाने वाले हिमाचल प्रदेश में 263 मर्डर हुए। देश के पंजाब, हरियाणा तथा उत्तराखंड राज्यों से सीमाएं सांझी करने वाले प्रदेश में अपराध के मामलों में बढ़ोती हो रही है।

### पुलिस को समझें अपना दोस्त, हमेशा दें अपना सहयोग: वीर बहादुर

**कांगड़ा** जिला के आंकड़ों की पुष्टि करते हुए धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने कहा कि कांगड़ा जिला में 2021 तथा 2022 के मुकाबले हत्या मामलों में कमी आई है। उन्होंने कहा कि अपराध पर अंकुश लगाने के लिए कांगड़ा पुलिस स्तर्क है तथा इसमें जनता की सहभागिता अहम है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि पुलिस को अपना दोस्त समझें तथा समाज को सुरक्षित रखने के लिए अपना सहयोग दें। उन्होंने कहा कि पुलिस आपकी सेवा के लिए हमेशा तैयार है। वहीं, अपराध होने पर उसे छुपाएं नहीं, जल्द पुलिस को सूचित करें।



# दौड़ प्रतियोगिता में मधु ने मारी बाजी

**नूरपुर।** गवर्नमेंट तकनीकी शिक्षा संस्थान गंगथ में नेहरू युवा केंद्र धर्मशाला के सौजन्य से 50वां अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस और मतदान जागरूकता कैंपस नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवी नरेश कुमार की अध्यक्षता में नारी शक्ति फिटनेस दौड़ का आयोजन किया गया। इसमें की तकनीकी शिक्षा संस्थान के सभी स्टूडेंट पूरी सहम्यता से अपना योगदान दिया और कई महिला छात्रों ने दौड़ प्रतियोगिता में भाग लिया। इसमें गवर्नमेंट तकनीकी शिक्षा संस्थान गंगथ के प्रिंसिपल सुरेंद्र सिंह मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे और साथ ही मनु राणा, रमन खट्टा तथा स्टाफ के कुछ अन्य सदस्य भी शामिल रहे इस रेस प्रतियोगिता में पहले स्थान पर मधु रही, दूसरे स्थान पर नंदिनी और तीसरा स्थान पर कोमल रही। सभी विजेताओं को मुख्यातिथि ने समिति चिन्ह देखकर सम्मानित किया और साथ में हौसला अफजाई की।

## न्यूज ब्रीफ

### पालमपुर के चार युवकों से पकड़ा चिट्टा

**नूरपुर।** पुलिस जिला नूरपुर में नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत कस्बा जसूर में पालमपुर के चार युवकों से चिट्टा बरामद करने में सफलता हासिल की है। प्राप्त जानकारी अनुसार जिला पुलिस ने जसूर में नाकाबंदी कर रखी थी कि रिशु पुत्र दिलीप कुमार, मन्नत पुत्र अजय कुमार, परल पुत्र राज कुमार, आदित्य पुत्र संजय कुमार निवासी पालमपुर के कब्जे से 9.76 ग्राम चिट्टा बरामद किया। पुलिस ने चारों युवकों को अरेस्ट कर लिया है तथा आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। एसपी नूरपुर अशोक रतन ने बताया कि पुलिस ने पालमपुर के चार युवकों से चिट्टा बरामद किया है। आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है तथा आगामी कार्रआई अमल में लाई जा रही है।

### रिजॉर्ट के काम में लगे कामगार की मौत

**धर्मशाला।** जिला के तहत धर्मशाला से लगते तथा गग्गल पुलिस थाना क्षेत्र के तहत आने वाले एक टूरिस्ट रिजॉर्ट में काम करने रहे कामगार की मौत का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार सकोह से नीचे स्थित एक रिजॉर्ट की इन दिनों रिनोवेशन का काम इन दिनों चला हुआ था। उक्त कामगार भी यहां काम कर रहा था। एक ठेकेदार के तहत काम कर रहे ये दस कामगार धर्मशाला-गगल मार्ग पर स्थित इस रिजॉर्ट के एक बड़े हाल में ठहरे थे। मृतक काफी शराब पीता था। आशंका है कि उक्त कामगार रात को कमरे से नीचे करीब 25 मीटर उंचाई से गिर गया तथा उसकी मौके पर मौत हो गई। अन्य कर्मचारियों ने सुबह उसका शव नीचे पड़ा देखा तो पुलिस को सूचित किया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया हे। मृतक की पहचान नूरपुर निवासी 48 वर्षीय ठूडू शाह पुत्र लियाकत अली के रूप में की गई है। उधर, मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने बताया कि मृतक का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस मामले को फिलहाल सीआरपीसी 174 के तहत दर्ज किया गया है तथा हर पहलू से मामले की जांच की जाएगी।

### इलेक्ट्रॉल बांड एक घोटाला है: बलदेव राज

**पपरोला।** स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष बलदेव राज सूद द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि सुप्रीमकोर्ट द्वारा चुनावी बांड खरीदने वाली कंपनियों तथा राजनीतिक दलों के नाम सार्वजनिक करने पर विलंब के लिए सर्वोच्च बैंकिंग संस्था एसबीआई संदेह के घेरे में है तथा देश की जनता में एसबीआई की शाख कम हुई है। उन्होंने कहा कि जनता के कोष से वेतन लेने वाले चाहे नेता हों अधिकारी अथवा कर्मचारी हों सबको देश की जनता के प्रति जबावदेह होना चाहिए न कि सरकारों के प्रति। उन्होने कहा कि उपलब्ध जानकारी के अनुसार कुल 11562 करोड़ के बांडों में से सर्वाधिक 6566 करोड़ का चंदा भाजपा को मिलना तथा सरकारों द्वारा ईडी का हथियार प्रयोग करके चंदा उगाही कर अपनी सत्ता बरकरार रखने के क्रम से विश्वभर में देश की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंच रही है। उन्होने कहा कि इलेक्ट्राल बांड एक घोटाला है, एक अपराध है तथा देशद्रोह से कम नहीं। बलदेव राज सूद ने कहा कि सुप्रीमकोर्ट के चीफ जस्टिस माननीय डीवाई चंद्रचूड़ की साहसिक भूमिका ही देश में लोकतंत्र को बचा सकती है हम उनके प्रति हार्दिक अभारी हैं।

इंदपुर पंचायत को मिले दो नलकूप

### विधायक मलेंद्र राजन ने दी नलकूप की सौगात

**इंदौरा।** उपमंडल मुख्यालय इंदौरा के समीपवर्ती पंचायत इंदपुर को करोड़ों रुपए की सौगात मिली है। शनिवार को गांव थाथ स्थित भरूंह में 41.44 लाख रुपए की लागत से नाबार्ड योजना के अंतर्गत निर्मित नलकूप का लोकार्पण विधायक मलेंद्र राजन द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कर किया गया। तो वहीं उक्त पंचायत के गांव नाल जुलाहकड़ स्थित 45.13 लाख रुपए की लागत से निर्मित नलकूप का भी लोकार्पण किया गया। इससे पहले 7.14 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से निर्मित होने वाले इंदपुर टप्पा संपर्क मार्ग के कार्य एवं 1.93 करोड़ रुपए से बनने वाले इंदपुर स्थित पुल का भी विधायक मलेंद्र राजन ने विधिवत पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ करवाया। विधायक ने आज वन विभाग विश्राम गृह इंदौरा, थाथ, इंदपुर व अटाहड़ा में जन समस्याएं भी सुनीं व मौका पर ही अधिकारियों को इनके समाधान करने के निर्देश दिए।

# घायल राजेश कुमार का हाल जानने टांडा मेडिकल कॉलेज पहुंचे मंत्री गोमा

**आशीष दमीर, कागड़ा**

डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा में मंत्री यादविंद्र गोमा ने दौरा किया। बताते चलें कि जयसिंहपुर गांव के निवासी राजेश कुमार पुत्र पितर राम के ऊपर जानलेवा हमला हुआ था। इस कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया था तथा आईसीयू में है। इस खबर को अनंत ज्ञान ने प्रमुखता से उठाया था।

इससे पहले राजेश कुमार के परिवार वालों ने आरोप लगाए थे कि वे पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट नहीं हैं। राजेश कुमार की पत्नी सरोज देवी ने कहा कि आरोपियों के राजनीतिक सरंक्षण है।

शनिवार को टांडा मेडिकल कॉलेज में स्वय कानून मंत्री यादविंद्र पीड़ित से मिलने पहुंचे।



पीड़ित की पत्नी से बातचीत करते हुए मंत्री यादविंद्र गोमा।

उन्होंने इस मौके पर कहा कि आरोपियों से उनका कोई भी लेना देना नहीं है। उन्होंने कहा कि कानून सभी के लिए बराबर है। इस घटना में जो भी आरोपी है उन्हें कानून के तहत कड़ी सजा मिलेगी। इस मौके पर उन्होंने पीड़ित की पत्नी सरोज देवी को 10000 रुपए की मदद दी तथा और मदद का आश्वासन दिया। उनके साथ कॉलेज प्राचार्य डॉ. भानू अवस्थी तथा चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मोहन सिंह उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

## तीसरी आंख फेल, बोर्ड परीक्षाओं में जारी नकल का खेल

**धर्मशाला।** किसी जॉब के इंटरव्यू में मात्र एक अंक से पिछड़ जाने वाले योग्य युवा ही समझा सकते हैं कि नकल से नुकसान क्या है तो वहीं शिक्षा विभाग भी अकसर सीसीटीवी जैसी तकनीकों से नकल पर नुकेल के दावे करता है। वहीं, बोर्ड परीक्षाओं के दौरान सामने आ रहे नकल के मामले में साबित कर रहे हैं कि तकनीक भी नकल के तंत्र पर प्रभावी नहीं है। शुक्रवार को जिला के तीन स्कूलों में दस छात्राओं को नकल करते पकड़ा गया तो वहीं शनिवार को जिला के फतेहपुर शिक्षा खंड के तहत आने वाले एक नीजी स्कूल में चल रही बोर्ड परीक्षाओं में औचक निरीक्षण के दौरान उड़नदस्ते ने 13 परीक्षाथियों को दबोचा। जानकारी के अनुसार प्रदेश शिक्षा बोर्ड की वार्षिक परीक्षाओं के दौरान फलायंग स्कवाड की टीम ने मकड़ोली में स्थित एक निजी सिनियर सेकेंडरी स्कूल का निरीक्षण किया तो यहां छह छात्रों तथा सात छात्राओं को नकल करते पकड़ा। स्कूल में सीसीटीवी कैमरे मौजूद होने के बावजूद यहां धड़ल्ले से नकल हो रही थी। इन 13 नकलची परीक्षार्थियों में एक दसवीं तथा अन्य जमा दो के हैं। मामले की पुष्टि करते हुए फलायंग स्कवाड़ के प्रभारी तथा निरीक्षण विंग के उपनिदेशक प्रकाश चंद सुकेतिया ने बताया कि सीसीटीवी होने के बावजूद भी स्कूलों में नकल चल रही है तथा शनिवार को फतेहपुर शिक्षा खंड के नीजी स्कूल में नकल के 13 मामले पकड़े गए हैं। उन्होंने कहा कि कई स्थानों से आई स्टाफ की मिलीभगत की शिकायतों के बाद अब ऐसे स्कूलों में शिकंजा कसा जा रहा है।



बैजनाथ। प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के उपाध्यक्ष रविंद्र बिट्टू ने दुर्गम घाटी छोटा भंगाल के पोलिंग गांव जो ईको संसेटिव जोन में आता है में वन विभाग द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में ग्रामीणों को तंदूर और हमाम बांटे। इस मौके पर वन परिक्षेत्र अधिकारी, वन उपपरिक्षेत्र अधिकारी राजकुमार दिनेश कुमार और फॉरेस्ट गार्ड सुरेश ठाकुर उपस्थित रहे।

# झरेड़ पंचायत आज करवाएगी दंगल

**शाहपुर।** शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रेई गांव में हर वर्ष की तरह इस बार भी दंगल का आयोजन दो पंचायतों के सहयोग से किया जा रहा है। शनिवार को जहां ग्राम पंचायत प्रेई ने दंगल करवाया। तो वहीं रविवार को ग्राम पंचायत झरेड़ दंगल करवाएगी।

इस दौरान 15 मुख्य कुश्तियां करवाई जाएंगी। दंगल में बड़ी माली के विजेता को 91000 रुपए और छोटी माली के विजेता को 71000 रुपए नकद दिए जाएंगे। वहीं, कमेटी के सदस्य ने पहलवानों से ज्यादा से ज्यादा दंगल में आने की अपील की है। उन्होंने कहा कि दंगल में आए सभी पहलवानों को रेफरी का निर्णय मानना होगा। निर्णय न मानने पर पहलवानों की कुश्तियां नहीं करवाई जाएंगी। यह जानकारी छिंज कमेटी के प्रधान सरवण कुमार रिहालिया ने दी।

# मई के फर्स्ट वीक में आउट होगा दसवीं और बारहवीं का रिजल्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

लोकसभा चुनावों के चलते दसवीं व प्लस टू के छात्रों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। इसके लिए प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने अपनी तैयारियां पुख्ता कर ली हैं। बोर्ड की ओर परीक्षा शेड्यूल के साथ-साथ पेपर चैकिंग का सारा ड्राफ्ट भी तैयार किया जा चुका है, ताकि समय पर रिजल्ट घोषित किया जा सके। बोर्ड की माने तो इस बार मई के पहले सप्ताह में ही दसवीं और प्लस टू का रिजल्ट घोषित किया जा सकता है। मार्च महीने में स्कूली परीक्षाए शुरू चुकी हैं।

यह एग्जाम 26 मार्च तक चलेंगे। वहीं, अप्रैल के शुरू में ही पेपर चैकिंग का काम भी शुरू कर देगा और 20 अप्रैल तक इसे पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है क्योंकि लोकसभा चुनाव भी होने हैं। लोकसभा चुनावों में भी ज्यादातर अध्यापकों की ड्यूटियां लगती हैं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए प्रदेश स्कूल बोर्ड ने इस बार पेपर चैकिंग के लिए सेंटर बढ़ाए हैं। पहले यह सेंटर 42 थे, जिन्हें बढ़ा कर अब 51 कर दिया गया है, ताकि बोर्ड की परीक्षाओं को हर हाल में समय पर घोषित किया जा सके। इस बारे में जानकारी देते हुए प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि लोकसभा चुनावों के चलते बोर्ड परीक्षाओं के रिजल्ट में देरी न हो इसके लिए इस बार छात्रों के पेपर चैकिंग के लिए सेंटर और बढ़ाए गए हैं। बोर्ड का पूरा प्रयास है कि रिजल्ट मई के पहले सप्ताह में ही घोषित हो जाए, ताकि छात्रों को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना।

# झूठे केस बनाकर क्या साबित करना चाहते हैं सीएम

## बागी विधायकों ने मुख्यमंत्री पर किया पलटवार, बोले-झूठी घोषणाएं कर हरे सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

छह असंतुष्ट नेताओं और तीन निर्दलीय विधायकों ने शनिवार को फिर से संयुक्त बयान जारी करके मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर तीखा पलटवार किया है। इन नेताओं राजेंद्र राणा, सुधीर शर्मा, इंद्र दत्त लखनपाल, रवि ठाकुर, देवेंद्र भुट्टो, चैतन्य शर्मा, होशियार सिंह, आशीष शर्मा और केएल ठाकुर ने कहा है कि वेंटिलेटर पर हांफ रही। सरकार को विधायकों और उनके परिजनों के खिलाफ झूठे मुकदमे दर्ज करवाकर कोई ऑक्सीजन मिलने वाली नहीं है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता भी यह भली भांति समझ गई है कि विधायकों पर समझौते का दबाव बनाने के लिए इस तरह के हथकंडों का मुख्यमंत्री सहारा ले रहे हैं जो लोकतंत्र की भावना के खिलाफ है। इन नेताओं ने झूठे मुकदमे दर्ज करने को 'खिसियानी बिल्ली खंबा नोचे' की संज्ञा भी दी है। इन नेताओं ने कहा है कि पहले मुख्यमंत्री अपनी तानाशाही अंदरखाते चला रहे थे और अब उनका तानाशाही चेहरा जनता के सामने उजागर हो गया है। इन नेताओं ने कहा कि चेहरे से मुखौटा उतरने के बाद उनकी बौखलाहट भी बढ़ गई है। इन नेताओं ने सवाल किया कि बिना ठोस सबूत के विधायकों और उनके रिश्तेदारों के घर छापेमारी करके मुख्यमंत्री आखिर क्या साबित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि स्वाभिमान की इस लड़ाई में सभी नौ नेता अपने कदम पीछे खींचने वाले नहीं हैं और इस लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि झूठे मुकदमे सिर्फ विधायकों के खिलाफ ही दर्ज नहीं किया जा रहे। बल्कि जिन इलाकों से वे चुनकर आए हैं। वहां की जनता के खिलाफ भी सरकार अपना दमन चक्र चला कर उन्हें नीचा दिखाने की कोशिश कर रही है, जिसका जनता माकूल जवाब



देगी। इन नेताओं ने कहा कि उन्हें मुख्यमंत्री गद्दार की संज्ञा दे रहे हैं, लेकिन प्रदेश की जनता यह भलीभांति जान गई है कि झूठी घोषणाएं करके जनता को धोखा देने वाला असली गुनाहगार कौन है। प्रदेश के मुख्यमंत्री ने जनता से किए वादे पूरे न करके पूरे प्रदेश की जनता को धोखा दिया है। इन नेताओं ने कहा कि हम सबने अपने चुनावी क्षेत्र के विकास और प्रदेश के स्वाभिमान की लड़ाई लड़ी है और उल्टा हमें दोष दिया जा रहा है। उन्होंने कहा लोगों ने हमें जलील होता देखने के लिए विधायक नहीं चुना था और प्रदेश में सरकार बनने के बाद से उनके विधानसभा क्षेत्रों के साथ सौतेला व्यवहार भी किया जा रहा था और उन्हें जलील भी किया जा रहा था।

### जनता को मूर्ख बना रहे मुख्यमंत्री

**इन** नेताओं ने कहा कि एक तरफ तो मुख्यमंत्री प्रदेश में सरकार बनने के पहले दिन से ही हर मंच पर आर्थिक स्थिति का रोना रो रहे हैं और दूसरी तरफ अल्पमत में चल रही अपनी सरकार में 18 से 60 साल आयु वर्ग की 22 लाख महिलाओं में से 5 लाख महिलाओं को 1500 रुपए देने की झूठी घोषणा करके जनता को मूर्ख बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

# वेटलिफ्टिंग में आकांक्षा ने जीता गोल्ड

**पूजन भंडारी, नगरोटा बगवां**

खेलो इंडिया रेजिडेंशियल अकादमी रेनबो इंटरनेशनल स्कूल नगरोटा बगवां में 16 से 21 मार्च तक अस्मिता इंटर जोनल (राष्ट्रीय स्तरीय) खेलो इंडिया वूमेन वेटलिफ्टिंग रैंकिंग सीनियर, जूनियर, यूथ प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ।

इसमें भारतीय भारोतोलन संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भारतीय ओलपिंक संगठन के कोषाध्यक्ष सहदेव यादव ने मुख्यातिथि के रूप में भारोतोलन संघ के जनरल सेक्रेटरी आनंदे गोड़ा, हिमाचल प्रदेश भारोत्तोलन संघ के इंटरनेशनल रेफरी प्रदीप शर्मा, रेनबो ग्रुप ऑफ स्कूल दिल्ली व हिमाचल के डायरेक्टर जेआर कश्यप, रेनबो इंगलिश स्कूल जनकपुरी (दिल्ली) के प्रधानाचार्य सौरभ कश्यप, डीएम एचआरटीसी धर्मशाला पंकज चड्डा, भारतीय भारोत्तोलन संघ के सीईओ रंजीव साहु व मीनाक्षी कश्यप ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों के रूप में शिरकत की। इस उपलक्ष पर हिमाचल प्रदेश भरोतोलन संघ के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा व स्कूल के प्रधानाचार्य व वेन्यू डायरेक्टर डॉ. छवि कश्यप ने मुख्यातिथि महोदय व भारतीय भरोतोलन संघ के अध्यक्ष सहदेव यादव को सैंपलिंग व शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ सीनियर वुमन 45 किलोग्राम भार वर्ग से हुआ। इसमें आकांक्षा व्यावहारे ने स्वर्ण पदक व 20,000 नकद धनराशि, मोनी गोगोई ने रजत पदक व 15,000, हिमांशी गुर्जर ने कांस्य पदक व 12,000 की नकद धनराशि, लीना देवतवाल को 8000, कशिश को 6000 नकद धनराशि प्रदान की गई। जूनियर वुमन 45 किलोग्राम भार वर्ग में आकांक्षा व्यावहारे को स्वर्ण पदक व 15000, रेखा मोनी गोगोई को रजत पदक व 10000, हिमांशी गुर्जर को कांस्य पदक व 8000 तथा रोली वर्मा को 6,000 व कशिश को 5,000 नकद धनराशि प्रदान की गई।



प्रतियोगिता का आगाज करते मुख्यातिथि।

यूथ वुमन 40 किलोग्राम भार वर्ग में श्रीपद श्रीजा ने प्रथम तथा अनामिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। यूथ वूमेन 45 किलोग्राम भार वर्ग में आकांक्षा व्यावहारे को स्वर्ण पदक व 10000, खुशबू को रजत पदक व 8000, रोली वर्मा को कांस्य पदक व 6000 रुपए तथा समृद्धि को 5000 की नगद धनराशि प्रदान की गई। (अनंत ज्ञान)

**जानकारी** — टर्मिनल बिल्डिंग का किया जा रहा विस्तार, जल्द होंगे हवाई अड्डे पर ज्यादा बदलाव

# हर साल बढ़ रहे गगल एयरपोर्ट में यात्री: धीरेंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

प्रदेश के सबसे बड़े एयरपोर्ट कांगड़ा की पेसेंजर ग्रोथ बढ़ रही है। पिछले साल करीब अढ़ाई से तीन लाख पेसेंजर हवाईजहाज से कांगड़ा पहुंचे हैं और यह आंकड़ा साल-दर-साल बढ़ रहा है।

यही वजह है कि अब एयरपोर्ट का टर्मिनल छोटा पड़ने लगा है और रनवे भी कम पड़ने लगे हैं। बड़ी बात यह है कि एयरपोर्ट पर उतरते ही यात्रियों को सामने धौलाधार रेंज नजर आती है और मौसम भी बेहतरीन रहता है, ऐसे में हर साल हवाई यात्रियों की संख्या में इजाफा हो रहा है। एयरपोर्ट प्रशासन की मानें तो बढ़ती फ्लाइटस और लगातार बढ़ती हवाई यात्रियों की संख्या के चलते टर्मिनल बिल्डिंग छोटी पड़ने लगी है और वे (पट्टी) कम पड़ने लगे हैं। इस पर एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने संज्ञान लिया है। इसके चलते टर्मिनल बिल्डिंग का विस्तार किया जा रहा है, साथ ही एक और वे (पट्टी) बनाया जा रहा है। इससे कि अधिक से अधिक हवाई सेवाएं कांगड़ा एयरपोर्ट पर आ सकें। एयरपोर्ट पर लैंड होते ही धौलाधार को देखकर पेसेंजर पहाड़ियों के मुरीद हो जाते हैं।

जहाज से उतरने ही पेसेंजर पहाड़ियों को देखकर इसके मुरीद हो जाते है और फिर पेसेंजर मोबाइल से फोटो क्लिक करने के बाद ही बाहर आते हैं। ऐसे में कहना गलत न होगा कि धौलाधार रेंज भी एयरपोर्ट की खूबसूरती में चार-चांद लगाती है।



डायरेक्टर धीरेंद्र सिंह।




गगल एयरपोर्ट की फाइल फोटो।

### धौलाधार की पहाड़ियां बढ़ाती हैं एयरपोर्ट की खूबसूरती

**कांगड़ा** एयरपोर्ट के डायरेक्टर धीरेंद्र सिंह ने कहा कि कांगड़ा एयरपोर्ट में पेसेंजर ग्रोथ लगातार बढ़ रही है। फ्लाइट्स और पेसेंजर बढ़ने के चलते टर्मिनल बिल्डिंग का विस्तार करने के साथ एक और वे बनाया जा रहा है। जिससे कि अधिक से अधिक फ्लाइट्स यहां आ सकें। उन्होंने कहा कि धौलाधार रेंज, एयरपोर्ट की खूबसूरती बढ़ाती है।

# लोकसभा चुनाव में गद्दी समुदाय उतारेगा अपना उम्मीदवार : रमेश


प्रेसवार्ता करते हिमालयन गद्दी यूनियन हिमाचल प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता रमेश भोला।

**सोनाली संधू, धर्मशाला**

हिमालयन गद्दी यूनियन हिमाचल प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता रमेश भोला व प्रदेशाध्यक्ष महिंद्र सिंह ने कहा कि पूर्व की जयराम सरकार के साथ-साथ मौजूदा सुक्खू सरकार के सभी नेताओं और मंत्रियों से लेकर मुख्यमंत्रियों तक भेंट करने और मामला उठाए जाने के बाद केवल जांच ही करवाई, लेकिन यूनियन की मांग गद्दी समुदाय की उपजातियों के साथ गद्दी शब्द जोड़े जाने को लेकर कोई सकारात्मक पहल नहीं हुई।

यदि अब भी सत्ता व विपक्ष ने उनकी मांग को पूरा करने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया, तो उन्हें मजबूरन लोकसभा और विधानसभा चुनाव में अपने प्रत्याशी उतारने पड़ेंगे। इसके लिए यूनियन विचार-विमर्श कर रही है और लगातार बैठकों का दौर जारी है। धर्मशाला में पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जब लोकसभा और विधानसभा में यूनियन का प्रतिनिधि होगा, तभी आवाज इस संबंध में बुलंद हो पाएगी। हालांकि इस दिशा में सरकार पर कोई भी अतिरिक्त खर्च नहीं आना है, लेकिन बावजूद उक्त संबंध में क्यों फैसला नहीं लिया जा रहा है। सुक्खू सरकार का सवा साल का कार्यकाल बीत चुका है। उन्होंने कहा कि गद्दी समुदाय की जो वंचित उपजातियां हैं उनकी संख्या 70 फीसद है। जबकि जिनके राजस्व रिकार्ड में गद्दी शब्द जुड़ा है वह 30 फीसद ही हैं। लेकिन अभी तक जितनी बार भी गद्दी समुदाय के लोगों को एमएलए या एमपी का टिकट मिला है, वह 30 फीसद में ही मिला है।

इसलिए इस बार 70 फीसद में से भी पार्टियां टिकट दें। उन्होंने कहा कि यूनियन के जुटाए आंकड़ों के मुताबिक कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के तहत बैजनाथ में 15 से 16, भटियात में 22 से 24, शाहपुर में 20 से 22, चंबा में 32 से 35 हजार वोटरों की संख्या गद्दी समुदाय की है। कुल मिलाकर चार लाख, 80 हजार से लेकर पांच लाख तक गद्दी समुदाय के वोटरों की संख्या है। ऐसे में अब अपने प्रत्याशी उतारने की दिशा में यूनियन विचार कर रही है, ताकि उनकी समस्या का हल हो सके। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### कल यहां-यहां बंद रहेगी बिजली

**पंचरुखी।** बिजली बोर्ड द्वारा 13/11 केवी सब-स्टेशन मरंडा से 33 केवी नई सर्किट लाइन बनाने की बजह से 33/11 सब-स्टेशन चढियार में पर्याप्त मात्रा में लोड न होने की वजह से सब-स्टेशन चढियार के अंतर्गत आते सभी 11 केवी फीडरों की सप्लाई आंशिक रूप से बाधित रहेगी। सहायक अभियंता ओम प्रकाश ने बताया कि चढियार के अंतर्गत आने बाले अनुभागों चढियार, सन्साई, सरी, दगोह व भुआणा के अंतर्गत पड़ने वाले गांव मझोटी, दानपत्थर, बाबल, सरी, मोलग, मैला, तरेफर, बजोट, राणानगर, ननबाड़, जानसि, दगोह, टमबर, कपाडा, भुलाना, झमुह, द्रुमका, टमबरू, बरालू, वरोटा, रोपड़ी, धामपानी, भिरडी, बड़कूट, राजनगर, कुडंग, पटेल नगर, मतियाल, छेक, चौरड़ू, ढंगौर, मुंगल सलेहरा, आशापुरी, लुगट, डोडनवली, कोसब, अंबोटु व मकोल में 18 मार्च को को सुबह 9:30 बजे से शाम कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल ने सभी उपभोगताओं से सहयोग की अपील की है।

### रजनीश धवाला ने लिया मां ज्वालामुखी का आशीर्वाद


मां ज्वालामुखी के दरबार में हाजिरी लगाने के बाद रजनीश धवाला व अन्य।

**ज्वालामुखी।** पूर्व मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश धवाला के पुत्र युवा भाजपा नेता रजनीश धवाला ने आज अपने जन्म दिवस के उपलक्ष्य पर मां ज्वालामुखी के दरबार में हाजिरी लगाई और विधिपूर्वक मां का पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर उन्होंने कन्या पूजन किया और मां के भक्तों को देसी घी के हलवे का प्रसाद बांटा। उन्होंने माता के मंदिर में कार सेवा की और सफाई करके लोगों को संदेश दिया। इस मौके पर उनके साथ भाजपा नेता मुनीर मोहन, शुभम कपूर, आशुतोष कपूर, कश्मीर सिंह, बनी चौधरी, प्रशांत शर्मा, अंकुर शर्मा और अन्य कई भाजपा कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

### यज्ञोपवीत संस्कार समारोह आठ अप्रैल से

**लंबागांव।** प्रदेश ब्राह्मण कल्याण परिषद जयसिंहपुर इकाई की बैठक परिषद के अध्यक्ष जगदीश शर्मा की अध्यक्षता में परशुराम भवन सकोह में संपन्न हुई। इसमें आठ व नौ अप्रैल को परशुराम भवन सकोह में किए जाने वाले यज्ञोपवीत संस्कार पर चर्चा की गई व निर्णय लिया गया कि क्षेत्र के ब्राह्मण समुदाय के जिन भी लोगों ने अपने बच्चों को यज्ञोपवीत संस्कार धारण करवाना हो वह परिषद के किसी भी सदस्य से संपर्क कर सकता है। इस मौके पर बिहारी लाल, देशराज शर्मा, कमलेश शर्मा, सोमदत, रमेश कुमार, खुशीराम शर्मा, शत्रुघ्न शुक्ला, बाबूराम, अनिल शर्मा, मनु शर्मा, पृथ्वी राज शर्मा, मनोज शर्मा व रवि शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# जेएनयू में महामंत्री का चुनाव लड़ेगा कांगड़ा का अर्जुन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



देश की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में छात्र संघ चुनाव में विद्यार्थी परिषद द्वारा छात्र संघ चुनाव के पैनल में हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा के मध्यवर्गीय परिवार से संबंध रखने वाले अर्जुन आनंद को महामंत्री की टिकट दी गई। परिषद ने एक प्रेस बयान में कहा कि हिमाचल प्रदेश जैसे छोटे राज्य से संबंध रखने वाले कार्यकर्ता को देश की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी के छात्र संघ चुनाव में किसी छात्र संगठन द्वारा टिकट मिलना अपने आप में बहुत बड़ी बात है।

अर्जुन आनंद हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा से संबंध रखते हैं उन्होंने अपने बीए की पढ़ाई धर्मशाला महाविद्यालय से पूरी की। वहीं, धर्मशाला महाविद्यालय से ही अर्जुन आनंद विद्यार्थी परिषद के साथ जुड़े और इकाई अध्यक्ष, जिला संयोजक, एसएफडी प्रांत संयोजक जैसे दायित्वों की जिम्मेदारी भी निभाई। राजनीतिक शास्त्र में एमए और एमफिल की पढ़ाई पंजाब विश्वविद्यालय से पूरी की वर्तमान में अर्जुन आनंद अपनी पीएचडी की पढ़ाई जेएनयू से कर रहे हैं। वहीं, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में छात्र संघ चुनावों का दौर है इसी कड़ी में विद्यार्थी परिषद द्वारा अपने पैनल में हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा से संबंध रखने वाले अर्जुन आनंद को महामंत्री की टिकट दी गई है जो कि पूरे प्रदेश के लिए खुशी की खबर है।

# भरमाड़ में पेट्रोल बम से घर को जलाने की कोशिश

## घर के दरवाजे के बाहर फेंका था बोरी में 12 बोतल पेट्रोल; पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की छानबीन, लोगों में मचा हड़कंप


**अनिल छांगू, जवाली**

जवाली पुलिस थाना के अधीन ग्राम पंचायत भरमाड़ में एक घर को पेट्रोल बम से जलाने की कोशिश करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत भरमाड़ के वार्ड नंबर-तीन के निवासी मसिंद्र नाथ शर्मा के घर को शनिवार सुबह लगभग तीन बजे के करीब पेट्रोल बम बनाकर जलाने की कोशिश की गई। मशिंद्र नाथ शर्मा की पत्नी पूनम शर्मा ने बताया कि हम परिवार सहित अपने मकान के अंदर सो रहे थे कि लगभग तीन बजे कुछ आवाज सुनाई दी। जब अंदर से दरवाजा खोला तो जालीदार दरवाजे के पास एक आदमी खड़ा था जिसे देखकर मैंने अपनी पति को आवाज लगाई। आवाज को सुनकर व्यक्ति भाग गया।

वहीं, इस दौरान प्रधान को सूचित किया गया। वहीं, प्रधान ने पुलिस को सूचित किया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति का जायजा लिया।

वहीं, पुलिस ने घरवालों के बयान कलमबद्ध कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं, एसपी नूरपुर अशोक रतन ने मामले की पुष्टि की है। (अनंत ज्ञान)


घर से बाहर बोरी से मिला पेट्रोल बम (दाएं) वहीं बोरी से मिली 12 बोतल पेट्रोल की।

### घर के बाहर खेत में मिली पेट्रोल से भरी बोतलें

वहीं, जब दरवाजा खोला तो दरवाजे के पास पेट्रोल फेंका हुआ था और साथ कुछ धागे और कुछ रस्सियां पेट्रोल के साथ भिगोई हुआ थी। कुछ बोतलों में तेल और बीच में रूई भिगोई हुई थी व जलाने के लिए जोत भी बनाई हुई थी। घरवालों ने इसकी सूचना प्रधान सुशील कुमार को दी। प्रधान उसी समय मौके पर पहुंच गए। जब थोड़ी आगे खेत में जाकर देखा तो वहां पर बोरी में 12 बोतलें पेट्रोल से भरी हुई थीं।

### प्रधान ने मौके पर जाकर स्थिति का लिया जायजा

**इस** बारे प्रधान सुशील कुमार ने पुलिस थाना जवाली को सूचित किया गया। प्रधान ने मौके का मुआना किया है। पुलिस ने मौके पर परिजनों के बयान दर्ज कर लिए हैं और जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस ने परिजनों के बयान किए कलमबद्ध

**एसपी** नूरपुर अशोक रतन ने बताया कि घरवालों के बयान कलमबद्ध किए गए हैं तथा आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# महिलाओं को झूठ की रेवड़ियां बांटना बंद करे सुक्खू सरकार : राकेश चौहान

**सुभाष मिंटू, कांगड़ा**



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार गांव की भोली-भाली गरीब महिला बहनों को झूठ की रेवड़िया बांटना बंद करें।

यह बात भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं भाजपा जिला महामंत्री जिला कांगड़ा राकेश चौहान ने शाहपुर में कही। उन्होंने कहा कि जिस ढंग से मुख्यमंत्री आपने और आपके सहयोगियों ने 15 महीने पहले चुनाव के दिनों में हिमाचल की हमारी भोली-भाली बहनों को बेवकूफ बनाया था, अबकी बार जनता समझ चुकी है और अब के चुनाव में दोबारा जनता बेवकूफ नहीं बनेगी। लग रहा है आपकी व्यवस्था परिवर्तन सरकार ने हिमाचल की जनता को बेवकूफ समझ रखा है।

अपनी सरकार को बचाने के लिए अपने विधायकों को रेबड़िया बांट रहे हैं और जनता त्राहि त्राहि कर रही है। राकेश चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री अगर बहनों की इतनी चिंता थी तो बजट में प्रावधान रखते। लेकिन बजट में प्रावधान नहीं, कर्मचारियों को वेतन देने को नहीं। विकास के काम सारे ठप पड़े हुए हैं। पंचायतों और नगर निकायों में पिछली एक साल से एक भी पैसा नहीं आया। पिछली बार 1500 पेंशन बोलकर झूठे फॉर्म भराए थे। अब फिर दोबारा भोली-भाली गरीब बहने तहसील कल्याण ऑफिस में चक्कर काट रही है। तहसील कल्याण ऑफिस में सरकार की नोटिफिकेशन ही नहीं पहुंची है। महिला इधर-उधर भाग- दौड़ रही है। सरकार चुनाव के दिनों में यह नौटकी ड्रामा बंद करें। व्यवस्था परिवर्तन सरकार को जनता इस झूठ का मुंह तोड़ जवाब देगी। (अनंत ज्ञान)

# पशुओं से भरा ट्राला पकड़ा

**जवाली।** उपमंडल जवाली के अधीन कैहरियां में लोगों ने देर रात्रि एक ट्राला से चार पशुओं को पकड़ा है तथा ट्राला चालक सहित दो अन्य युवकों पर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। प्राप्त जानकारी अनुसार कैहरियां में लोगों ने शक के आधार पर एक ट्राला (एचपी 73-3446) को रोका तो ट्राला में चार मवेशी लदे हुए थे। इसके बारे में जानने की कोशिश की गई तो ट्राला में बैठे तीनों युवक कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। तीनों युवक विशेष समुदाय से संबंध रखते हैं जिससे उन पर ज्यादा शक हुआ। लोगों ने मवेशियों को ट्राला से उतारकर नीचे बांध दिया तथा पुलिस को सूचना दी। एसएचओ जवाली प्रीतम सिंह जरियाल टीम सहित मौका पर पहुंचे तथा कार्रवाई शुरू की। लोगों ने कहा कि सुबह इन मवेशियों को इन्हीं के ट्राला में लादकर गोशाला ले जाया जाएगा। इस बारे एसएचओ जवाली प्रीतम सिंह जरियाल ने कहा कि पुलिस ने तहत मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# चंद्रधर गुलेरी कॉलेज में सालाना समारोह की धूम, होनहार छात्रों को किया सम्मानित

**अंकुश वशिष्ट, हरिपुर**

शनिवार को चंद्रधर गुलेरी राजकीय महाविद्यालय हरिपुर गुलेर में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस समारोह में उच्च शिक्षा निदेशालय शिमला से सेवानिवृत्त डॉ. सतीश चंद्र शर्मा, संयुक्त निदेशक ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन तथा सरस्वती वंदना के साथ किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अश्विनी पाराशर ने सत्र 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।


कार्यक्रम के दौरान अपनी प्रस्तुतियां देतीं छात्राएं।

छात्राओं ने इस अवसर पर रंगारंग प्रस्तुति देकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उसके बाद मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को कड़ी मेहनत करने एवं सृजनता द्वारा सफलता प्राप्त करने की प्रेरणा दी। इस दौरान मुख्यातिथि ने सत्र 2023 -24 के विभिन्न क्षेत्रों जैसे शैक्षणिक, खेलकूद गतिविधियां सांस्कृतिक तथा समाज सेवा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया शैक्षणिक पुरस्कार इस प्रकार से रहे कॉमर्स संकाय में रजत, साक्षी, कनिका, सुशील, श्रुति, अंशुल, अमितेश, मुस्कान, कशिश अव्वल रहे तथा आर्ट्स संकाय में कशिश, प्रतिभा, तनीशा, दीक्षा चाहत, मंजु, दीप्ति, सपना, महक अव्वल रहे। वहीं, विज्ञान संकाय में शगुन, रीतिक, आर्यन, निकिता, प्रिया, आरती, हर्ष, रोनित ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया जबकि खेलकूद में मुस्कान, अंजलि, सानिया, अनुराधा, स्नेहा, साक्षी, बिंदिया, नंदिता, काजल, सागर, नवनीत, आयुष इत्यादि ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। एनएसएस में पूर्व, आर्यन, श्रुति, अभिषेक, दीक्षा, मुस्कान, शिखा ने पुरस्कार प्राप्त किया। सड़क सुरक्षा में अंजलि, आर्यन, एकता, पूर्व इत्यादि ने पुरस्कार प्राप्त किए। आपदा प्रबंधन में गुरप्रीत, किरण, रीतेश आदि ने पुरस्कार प्राप्त किए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गठित की गई विभिन्न कमेटियों के प्रभारियों व सदस्यों ने कड़ी मेहनत करके इस कार्यक्रम को सफल बनाया। (अनंत ज्ञान)

# सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में छाए भारती विद्यापीठ बैजनाथ के छात्र

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

भारती विद्यापीठ बैजनाथ के 29 छात्रों ने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा आयोजित सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में अपनी अद्वितीय प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए इस राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा को उत्तीर्ण करने में सफलता हासिल की है।

उत्तीर्ण अभ्यर्थियों में रेवा, कशिका, सात्विक, अर्णव नरियाल, रुबल, अभिनव राणा, मानव, आदित्य, ऋषित, हर्षित, सारांश, कनक, पीयूष, दिव्यांश नेगी, दिव्यांश, अनन्या, शिवांश, संध्या, प्रियांशी, आर्व, वैभव, ईशानवी, कृतिका, दिव्या, अंशिका, कार्तिक, लिकेश, सक्षम वर्मा और बंसल हैं। विद्यालय के निदेशक नवनीत डोगरा ने इस अपार सफलता के लिए सभी अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों को ढेर सारी शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। (अनंत ज्ञान)


सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में अपना नाम दर्ज करवाने वाले छात्र सामूहिक चित्र में।

# पंचरुखी उपतहसील को तहसील का दर्जा मिलने की खुशी में लोगों ने फोड़े पटाखे

**पंचरुखी।** विधानसभा जयसिंहपुर की उपतहसील पंचरुखी को तहसील का दर्जा मिलने पर क्षेत्र के लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए पंचरुखी में पटाखे फोड़े व मिठाई बांटी। पंचरुखी क्षेत्र के लोगों को तहसील संबंधित मुख्य कार्य के लिए पालमपुर जाना पड़ता है। इससे समय की बहुत बर्बादी होती है। मुख्यमंत्री द्वारा पंचरुखी को तहसील का दर्जा देने की घोषणा करने से लोगों में पंचरुखी में एसडीएम कार्यलय खुलने की भी उम्मीद बढ़ गई है। अखिल भारतीय कोली समाज व डॉ. भीमराब अंबेडकर एसोसिएशन के सदस्यों ने पंचरुखी को तहसील का दर्जा देने के लिए मंत्री यादविंद्र गोमा व मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया। डॉ. भीमराब अंबेडकर एसोसिएशन के प्रधान व पूर्व प्रधान लदोह चैन सिंह ने कहा कि पंचरुखी क्षेत्र में जो भी मुख्य विकास कार्य हुए हैं वो सब यादविंद्र गोमा के कार्यकाल में ही हुए है। पंचरुखी में उपतहसील व पुलिस थाना भी गोमा की ही देन है। इस मौके पर अखिल भारतीय कोली समाज की कांगड़ा इकाई के अध्यक्ष काली दास, सुरेश डोगरा, प्रताप चंद, गिरधारी लाल, लेख राज, सचिव मोहन सिंह, रजिंद्र कुमार, अनिता कुमारी प्रधान ग्राम पंचायत लदोह, रक्षा देवी, फूलां देवी, रीना देवी, हरि राम, रमेश गुडडू, वाम देव, डॉ. अमरनाथ, मिलाप चंद व बहुत सारे लोग मौजूद रहे।

# धर्मशाला में बतौर एसडीएम सेवाएं देंगे संजीव कुमार

## कार्यभार संभालते ही बोले-प्रशासन और जनता के बीच तालमेल बनाना मेरी प्राथमिकता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



एसडीएम धर्मशाला पद पर हाल ही में संजीव कुमार ने कार्यभार संभाला। इससे पहले वह शिमला ज़िला के अति दुर्गम क्षेत्र डोडरा क्वार में बतौर एसडीएम सेवाएं दे रहे थे।

उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि, चाहे मेरी जन्म भूमि लाहौल-स्पीति है लेकीन मेरी कर्म भूमि धर्मशाला ही है क्योंकि मैं पहले भी यहां पर बतौर तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जिला राजस्व अधिकारी तथा अन्य पदों पर सेवाएं दे चुका हु तथा यहां की परिस्तिथियां से बखूबी वाकिफ हूं। परंतु फिर भी धर्मशाला में बतौर एसडीएम मेरी मुख्य प्राथमिकता प्रशासन तथा जनता के बीच तालमेल को बिठाना है तथा मेरी दूसरी प्राथमिकता गरीब लोगों की आवाज़ को उठाना है क्योंकि मैं स्वयं एक गरीब परिवार से उठकर आज यहां तक पहुंचा हु तो में समझता हू की प्रशासनिक तौर पर ऐसे लोगों को विकास से जोड़ना मुख्य कार्य है।

# श्री गुरु रविदास महासभा इंदौरा ने कमेटी सदस्यों को सौंपी जिम्मेदारियां



**इंदौरा।** हिमाचल प्रदेश श्री गुरु रविदास महासभा इंदौरा ब्लॉक की महत्वपूर्ण बैठक ब्लॉक इंदौरा के अध्यक्ष विजय कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें सविधान निर्माता भारत रतन डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाने और सर्वसम्मती से बी कमेटी के विस्तार बारे चर्चा कर कमेटी का विस्तार कर महत्वपूर्ण नियुक्तियां की गई। इसमें मुख्यसंरक्षक राज कुमार, सचिव चैन सिंह, वित्त सचिव दुशासन कुमार, मुख्य सलाहकार हंस राज व हरी चंद को सलाहकार चुना गया। महासभा की महत्वपूर्ण बैठक में 14 अप्रैल को भारत रतन डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपमंडल स्तरीय कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर कमेटी के सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। जानकारी देते हुए सभा के ब्लॉक अध्यक्ष विजय कुमार ने बताया कि भारत रतन डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती सभा द्वारा 14 अप्रैल को बड़ी धूमधाम से इंदौरा में मनाई जाएगी। इस मौका पर सभा के ब्लॉक उपाध्यक्ष मोहन लाल, हरदेव सिंह, रोशन लाल, पुरुषोतम कुमार, प्रवीण तरमोलिया, ज्ञान चंद, राम सिंह, बोध राज, नरेश कुमार, विकास ढ़ढ़वाल, किशोर कुमार, लेख राज, रुमाल चंद सहित सभा के कई सदस्य मौजूद रहे।

**आरोप** | भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संजय शर्मा-एडवोकेट विश्व चक्षु ने घेरी कांग्रेस सरकार

# कांग्रेस ने किए करोड़ों के घोटाले: भाजपा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संजय शर्मा, राकेश शर्मा व एडवोकेट विश्व चक्षु ने संयुक्त बयान में कहा कि हर महीने लाखों-करोड़ों रुपए के उद्घाटन और शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी है।

10 साल के कार्यकाल में कोई भी ऐसा दिन नहीं गया होगा जिस दिन देश में विकास से जुड़े किसी कार्यक्रम की आधारशिला या लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नहीं किया गया हो। दस साल के कार्यकाल में आप चाहें तो गूगल पर उद्घाटन और शिलान्यास की-वर्ड डाल कर देख लें तो हर दिन हजारों करोड़ की परियोजनाओं के उद्घाटन और लोकार्पण की खबरें आपको नजर आएंगी। तीनों भाजपा नेताओं ने कहा कि मात्र मार्च के महीने में ही नरेंद्र मोदी ने लाखों करोड़ रुपए परियोजनाएं लोकार्पित की हैं। ऐसे एक कांग्रेस की यूपीए सरकार थी, जिनके लाखों करोड़ों के घोटालों के कारनामे हर दिन अखबारों में छपते थे।

भाजपा प्रवक्ताओं ने कहा कि भयमुक्त, भ्रष्टाचार मुक्त, सुशासन युक्त, पारदर्शी सरकार देना ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी है। जहां आम जनता के लिए सुविधाएं हैं, सरकारी जवाबदेही है,


संजय शर्मा।


राकेश शर्मा।


विश्व चक्षु।

जनहित की योजनाएं हैं और भ्रष्टाचारियों के लिए जेल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दस साल के कार्यकाल में जो काम हुए वह काम पिछले 70 सालों में भी नहीं हो पाए।

उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता कर्मठ हैं और सब लोकसभा चुनाव में जी जान से जुट गए हैं। इस बार हर बूथ से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को बढ़त मिलना निश्चित है। भाजपा का कार्यकर्ता जितनी मेहनत से जुटा है इससे पता लगता है कि भारतीय जनता पार्टी की जीत कितनी बड़ी होगी।

### गढ़ी शिव मंदिर में भंडारा 17 मार्च को

**ज्वालामुखी।** हर वर्ष की भांति इस बार भी शिवरात्रि के उपलक्ष पर गांव जौडूताल वार्ड संख्या एक ज्वालामुखी में गढ़ी नामक स्थान पर (गढ़ी शिव मंदिर) पर 17 मार्च को भंडारे का आयोजन किया जा रहा है।

अनंत ज्ञान
सुपर मॉल
क्लासिफाइड
छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार

फिक्स साइज

| Size | Rate |
| --- | --- |
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

आज ही संपर्क करें- M. 98168 75517, 88945 21702

## न्यूज ब्रीफ

### भ्रामक प्रचार पर कठोर कार्रवाई करे आयोग : एनसीपी



**हमीरपुर।** राजनीतिक चंदे पर इंडिया एलाइंस द्वारा फैलाया जा रहा गलत प्रचार निंदनीय है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस और उनके सहयोगी दलों द्वारा डिजिटल प्लेटफार्म पर एक विज्ञापन में पुलवामा हमले के बाद पाकिस्तान की एक कंपनी ने पीएम मोदी द्वारा पैसे को चंदे के रूप में लेने की बात को लिखा गया है, जो कि जांच करने पर गलत पाया गया। है। यह बात एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सिंह डोगरा ने यहां जारी प्रेस बयान में कही। मीडिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए डोगरा ने कहा कि जिस 'हब पावर कंपनी' को पाकिस्तान का बताया गया है, असल में वह कंपनी पूर्वी दिल्ली के गांधी नगर में रजिस्टर्ड है और 2018 से पोर्टल पर है, लेकिन एक जैसे नाम का दुरुपयोग करके कांग्रेस और उसके सहयोगी दल प्रधानमंत्री के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहे हैं, जो कि निंदनीय है। डोगरा ने चुनाव आयोग को पत्र लिखा है ताकि लोकसभा चुनावों में यदि विपक्षी दल उनके परिवार के खिलाफ झूठे व भ्रामक प्रचार करते हैं तो उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए।।

### स्वयंसेवियों को दिए स्काउट एंड गाइड के टिप्स

**हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के भारत स्काउट और गाइड के रोवर्स और रेंजर्स ने एक इंटरेक्शन सत्र का आयोजन किया, जिसमें मुख्य वक्ता के तौर पर भारत स्काउट एंड गाइड दिल्ली की मीडिया समन्वयक प्रिया द्विवेदी उपस्थित हुई। उन्होंने भारत स्काउट एंड गाइड के महत्व और कार्यों के बारे में एक महत्वपूर्ण संदेश दिया और युवाओं को समाज में योगदान के महत्व को समझाया। स्काउट या गाइड स्टूडेंट्स को ऐसे जीवन कौशल से सुसज्जित करता है जो कोई व्यक्ति स्कूल या दैनिक जीवन में नहीं सीख सकता है। इन स्टूडेंट्स को रेलवे की नौकरी में कोटा मिलता है। इसके अलावा आर्मी, पुलिस, सीआईएसएफ आदि की नियुक्ति में भी लाभ दिया जाता है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के भारत स्काउट और गाइड समन्वयक कुंदन लाल, कमिश्नर डॉ. मनु विनीत शर्मा व रेंजर लीडर डॉ. दीक्षा शर्मा मौजूद रहे।

### कोडरा में शहीद सुनील लखदाता छिंज आज

**बिझड़ी।** शहीद सुनील के नाम पर कोडरा में 17 मार्च को लखदाता छिंज का आयोजन किया जा रहा है। छिंज कमेटी के प्रधान संदीप सिंह ने बताया इसमें दो मालियां होंगी। छोटा माली हिमाचल केसरी जो कि हिमाचल प्रदेश के पहलवानों के बीच में होगी। विजेता पहलवान को 11 हजार व गुर्ज दूसरे स्थान पर रहने वाले पहलवान को गागर और नौ हजार रुपए दिए जाएंगे। बड़ी माली के विजेता को 21 हजार तथा गुर्ज दूसरे स्थान पर रहने वाले पहलवान को नौ हजार रुपए और गागर इनाम दी जाएगी।

### चैत्र मेले के दूसरे दिन 21,61,210 रुपए चढ़ा चढ़ावा

**बिझड़ी।** उत्तरी भारत के विश्व प्रसिद्ध मंदिर बाबा बालक नाथ दियोटसिद्ध में आजकल चैत्र माह के मेले चले हुए हैं। दूसरे दिन बाबा के भक्तों ने गुफा दर्शन करके 21,61,210 रुपए गुफा में चढ़ाए हैं। मंदिर अधिकारी धर्मपाल नेगी ने बताया कि शनिवार को लगभग 5000 के करीब श्रद्धालुओं ने गुफा दर्शन किए हैं। इस दौरान 5 लाख 61 हजार 210 रुपए दान के रूप में प्राप्त हुए हैं। सोना दो ग्राम 16 मिलीग्राम, चांदी 88 ग्राम 630 मिलीग्राम, इंग्लैंड पाउंड 140, ऑस्ट्रेलिया डॉलर पांच, कनाडा डॉलर 17, यूएसए डॉलर 211, यूरो 215, यूएई दराम 105, विदेशी मुद्रा के रूप में प्राप्त हुए हैं।

### भरमोटी हरमंदिर सड़क किनारे बनी नाली आधी-अधूरी

**नादौन।** नादौन के साथ लगती भरमोटी पंचायत में भरमोटी हरमंदिर सड़क के किनारे पानी की निकासी के लिए बनी आधी-अधूरी नाली का सही निर्माण नहीं हुआ है। लोगों ने पानी की निकासी के लिए करीब 200 मीटर नालियां बनाने की विभाग से मांग की थी, लेकिन खेद का विषय है कि अभी तक 100 मीटर ही बन पाई है, जो 100 मीटर नाली बनी है वह भी सही नहीं बनी है। गांव के बिधि चंद, प्रवीण लता, सुरेश सत्या देवी आदि ने लोक निर्माण विभाग के एसडीओ को इस बारे शिकायत पत्र सौंपा है। एसडीओ ने हमारी समस्या को सुना तथा समाधान का आश्वासन दिया है।

**एसडीओ को सौंपा ज्ञापन**

### ऊना की टीम ने पहली पारी में बनाई 187 रनों की बढ़त

**नादौन।** क्रिकेट स्टेडियम अमतर नादौन में चल रही जिला वरिष्ठ क्रिकेट मैच के सेमीफाइनल में ऊना की टीम ने शनिवार को 316 रन से आगे खेलते हुए 92.2 ओवर में 363 रन बनाए। बल्लेबाज दीप सिंह ने 54 व अंकुश बेदी ने 35 रन बनाए। कांगड़ा की टीम के गेंदबाज अविकाश ने 3, रितिक ने 4 तथा आयुष ने 3 विकेट लिए। मुकाबले में कांगड़ा की टीम ने पहली पारी खेलते हुए 55.2 ओवर में 184 रन बनाकर टीम ऑल आउट हो गई। टिंका ठाकुर ने बताया कि ऊना की टीम ने 187 रन की लीड ली है। ऊना की टीम ने दूसरी पारी खेलते हुए शनिवार के दिन का मैच समाप्त होने तक 4 ओवर में 2 विकेट पर 9 रन बनाए हैं। कांगड़ा के गेंदबाज साहिल ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 2 विकेट झटक लिए हैं।

### महिलाओं को 1500 रुपए देकर निभाई गारंटी : सुरेश



भोरंज के सम्मू ताल में आयोजित महिला सम्मान समारोह में उपस्थित महिलाएं।

**भरेड़ी।** भोरंज के सम्मू ताल पर इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना का भोरंज विधानसभा क्षेत्र में शुभारंभ शनिवार को किया गया तथा महिला सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के कल्याण विभाग के कर्मचारियों ने बड़ी संख्या फार्म एकत्रित किए। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि भोरंज विधायक सुरेश कुमार ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार ने अपने छोटे से कार्यकाल में पांच गारंटियों को पूरा करके अपनी वचनबद्धता निभाई है। सरकार अब 18 से 60 वर्ष की महिलाओं को हर माह इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के तहत 1500 रुपए देगी। उन्होंने कहा कि पहले कुछ भाजपा समर्थित महिलाएं प्रदेश सरकार का विरोध कर रही थी, लेकिन अब वह भी फार्म भरने लगी हैं। इस अवसर पर भोरंज ब्लॉक के अध्यक्ष विजय बन्याल, राजीव लाल मैहर, रोशन लाल शर्मा, सविता मिन्हास व अन्य उपस्थित रहे।

## जिला परिषद की बैठक में जोर-शोर से उठाए कई मसले



जिला परिषद की बैठक में मौजूद अध्यक्ष और सदस्य ।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हमीरपुर जिला परिषद की बैठक में शनिवार को सदस्यों ने कई मसलों को जोर-जोर से उठाया, लेकिन अधिकारियों के नहीं पहुंचने की वजह से उनमें नाराजगी भी थी। पीडब्ल्यूडी के हमीरपुर एक्सईएन को छोड़कर जिला भर के किसी भी विभाग के एक्सईएन इस बैठक में नहीं पहुंचे। जिस पर यह फैसला लिया गया कि धारा 155 के तहत उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में पर्ची काउंटर पर हो रही दिक्कत पर मांग की गई कि एक और पर्ची काउंटर यहां खोला जाए।

इसके अलावा आपदा के समय टौणीदेवी सिविल अस्पताल में पड़ा हुआ मलबा अभी तक नहीं उठाया गया है। इस पर भी जिला परिषद की अध्यक्ष बबली देवी ने नाराजगी जताई और कहा कि इसका शीघ्र निपटारा किया जाए। हिम ऊर्जा की जिला भर में लाइटों के खराब होने का मामला भी उठाया गया। नालटी रोड पर कई लोग बेवजह ही अवैध कब्जे कर रहे हैं। इसका भी निपटारा होना चाहिए। सदस्यों का कहना था कि 1500 रुपए के लिए महिलाओं को जो आवेदन करना पड़ रहा है। उसमें लोक मित्र और सीएससी सेंटरों ने लूट मचा दी है और वहां 100 से 200 रुपए वसूले जा रहे हैं। इस पर भी फौरी कार्रवाई की मांग की गई।

जिला परिषद अध्यक्ष बबली देवी का कहना था कि अवाहदेवी रोड पर कई जगहों पर अवैध कब्जे होने लगे हैं। जिला परिषद की जो जमीन इस सड़क के किनारे पड़ती है, उसे लोग अपने कब्जे में करने लगे हैं। इस पर भी विभाग को कार्रवाई करनी चाहिए।

# 24 घंटे में हटाने होंगे सरकारी योजनाओं के होर्डिंग-पोस्टर

## चुनाव आचार संहिता लगने के बाद हरकत में आया मिनी सचिवालय हमीरपुर का स्टाफ

**अनिल कुमार, हमीरपुर**





मिनी सचिवालय के बाहर लगा मुख्यमंत्री का होर्डिंग तथा सरकारी कार्यालय में लगे सीएम के कैलेंडर को ढकता कर्मचारी।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा देश में लोकसभा 2024 के चुनावों की घोषणा कर दी है, जिसके तहत सात चरणों में यह चुनाव करवाए जाएंगे। चुनावों की घोषणा होने के साथ ही हिमाचल प्रदेश में भी चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। ऐसे में सार्वजनिक स्थानों, सरकारी कार्यालयों में प्रदेश सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं के होर्डिंग और पोस्टर 24 घंटे में हटाने होंगे।

मिनी सचिवालय हमीरपुर का स्टाफ शनिवार को ही हरकत में आ गया और कार्यालय में लगे मुख्यमंत्री के कलेंडरों को ढकने का काम शुरू कर दिया, लेकिन अभी तक जिला के कई सार्वजनिक स्थानों और सरकारी कार्यालयों में सरकार की उपलब्धियों के होर्डिंग व पोस्टर लगे हुए हैं। चुनाव आचार संहिता लगने के बाद सरकार की उपलब्धियों को प्रदर्शित नहीं किया जा सकता जब तक चुनाव प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती। चुनावों के बाद ही यह होर्डिंग या पोस्टर लगाए जा सकेंगे। चुनाव आचार संहिता लगने के बाद होर्डिंग और पोस्टर मतदाताओं को प्रभावित करने व लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से नहीं लगाए जा सकते। यदि सार्वजनिक जगहों पर होर्डिंग व पोस्टर लगाए गए हैं तो उन्हें वहां से हटाना जिला प्रशासन का काम है।

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा चुनावों को पारदर्शी बनाने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ पिछले गत दिनों बैठकें आयोजित की थीं। जिसमें चुनावों को लेकर सभी प्रकार की तैयारियां को लेकर समीक्षा भी की गई है। इस बारे में उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह ने कहा है कि चुनाव आचार संहिता लगने के बाद सार्वजनिक जगहों व सरकारी कार्यालयों में पोस्टर व होर्डिंग नहीं लगा सकते। उन्होंने कहा कि जहां पर भी सरकारी की उपलब्धियों के होर्डिंग व पोस्टर लगाए गए हैं उन्हें 24 घंटों के भीतर ही वहां हटा दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### आदर्श आचार संहिता की हो अक्षरशः अनुपालना : डीसी

**हमीरपुर।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह ने सभी जिलावासियों से आदर्श आचार संहिता की अक्षरशः अनुपालना सुनिश्चित करने में सहयोग देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस अवधि के दौरान कोई भी राजनीतिक दल अथवा प्रत्याशी किसी ऐसे क्रियाकलापों में संलिप्त न हों, जिससे समाज में मतभेद, घृणा की भावना या तनाव पैदा हो। उन्होंने बताया कि निगरानी के लिए अलग-अलग टीमें 24 घंटे तैनात रहेंगी। जिला के पांचों विधानसभा क्षेत्रों में वीडियो सर्विलांस टीम, वीडियो व्यूइंग टीम, उड़न दस्ते आदि अन्य टीमें तैनात की जाएंगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने आम लोगों से अपील की है कि वे अनावश्यक रूप से अधिक कैश लेकर भी न चलें।

### 24 घंटे सक्रिय रहेगा निगरानी कक्ष

**लोकसभा** चुनाव-2024 की आदर्श आचार संहिता की अवधि के दौरान रिश्वत या अन्य प्रलोभनों के माध्यम से मतदाताओं को लुभाने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अमरजीत सिंह ने बताया कि ऐसे लोगों पर कड़ी नजर रखने के लिए उड़न दस्तों का गठन किया गया है। इन लोगों के खिलाफ शिकायत के लिए जिला स्तर पर शिकायत निगरानी कक्ष भी स्थापित किया गया है जोकि 24 घंटे सक्रिय रहेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि शिकायत निगरानी कक्ष के दूरभाष नंबरों 01972-221277, 221377 और 221477 व टोल फ्री नंबर 1950 पर भी शिकायत की जा सकती है।

### चुनाव की घोषणा होते ही उतारे गए होर्डिंग

**सुजानपुर।** लोकसभा के चुनाव की घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। नगर परिषद ईओ संजय कुमार ने बताया कि नगर परिषद द्वारा सुजानपुर नगर परिषद एरिया में लगाए गए विभिन्न होर्डिंग को उतारने के लिए कर्मियों के साथ एक गाड़ी भेजी गई है।



## भविष्य में पानी की कमी विकराल रूप धारण करेगी : डॉ. कमल



नेरी कॉलेज में आयोजित शिविर के दौरान मौजूद प्रतिभागी व अन्य।

**रंगस।** औद्योनिकी एवं वानिकी कॉलेज नेरी में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा वित्त पोषित हिमालय कृषि एनएमसी कार्य दल फेस-दो परियोजना के तहत फल विज्ञान विभाग द्वारा जलवायु अनुकूल कृषि पद्धतियों पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 40 किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम में कॉलेज के डीन डॉ. कमल शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरक्त की। उन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को देखते हुए किसानों के लिए इन परिस्थितियों में फसल विविधीकरण अवश्य भावी हो गया है। जलवायु परिवर्तन के कारण भविष्य में पानी की कमी विकराल रूप धारण करने वाली है, इसलिए मौसम की नजाकत को समझते हुए ही किसानों को अब लचीला रुख अपनाना चाहिए। डॉ. अनिल धीमान और डॉ. यशस्वी ठाकुर ने किसानों को पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन की परिस्थितियों से अवगत करवाया व जागरूकता जानकारियां साझा कीं।

## मांगों को लेकर सीटू ने किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, नादौन**

हिमाचल भवन, सड़क एवं अन्य निर्माण मजदूर यूनियन सीटू ने नादौन के चोड़ू में स्थित धौलासिद्ध प्रोजेक्ट इकाई ने श्रम कल्याण बोर्ड व प्रदेश सरकार के खिलाफ परियोजना कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इस विरोध-प्रदर्शन में प्रोजेक्ट इकाई के अध्यक्ष नवीन कुमार, इकाई सचिव संतोष कुमार, वतन सिंह, रमेल सिंह, होशियार सिंह पवन सहित सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया। इन नेताओं का आरोप है कि जब से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी है तब से ही श्रम कल्याण बोर्ड के मजदूरों का पंजीकरण व नवीनीकरण नहीं हो रहा है।



मांगों को लेकर विरोध-प्रदर्शन करते मजदूर।

मजदूरों के लंबित लाभ जारी नहीं किए जा रहे हैं जिससे मजदूरों में भारी निराशा है, हालांकि कल्याण बोर्ड से मिलने वाले लाभों की रोक का आदेश तो मनरेगा मजदूरों व गांव के निर्माण मजदूरों के लिए ही जारी हुआ है परंतु उसके बावजूद प्रोजेक्ट के मजदूरों के लाभ भी बंद कर दिए हैं। मजदूर लगातार अपनी मांगों को लेकर आवाज उठाते आ रहे हैं। मुख्यमंत्री समेत तमाम सरकार के प्रतिनिधियों से कई मर्तबा मिल चुके हैं, मगर गूंगी-बहरी सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है।

श्रम कल्याण बोर्ड के सचिव से बात करें तो वह कुछ और बातें करते हैं और जिलों में उनके श्रम कल्याण अधिकारी अलग तरह की अपनी डफली अपना राग अपनाते हैं। अलग-अलग जिलों में काम करने के अलग-अलग पैमाने तय हैं। अपनी मनमर्जी के मुताबिक श्रम कल्याण अधिकारियों द्वारा 1996 में बने कानून को अब नए तरीके से परिभाषित किया जा रहा है और नए-नए बहाने बनाकर गरीब मजदूरों को परेशान किया जा रहे हैं।

### जाहू में उपतहसील बनने की नोटिफिकेशन जारी

**जाहू।** जाहू में उपतहसील बनाने की प्रदेश सरकार के द्वारा नोटिफिकेशन जारी कर दी है। गौरतलब है कि कई वर्षों से जाहू को उपतहसील बनाने की मांग की जा रही थी। नोटिफिकेशन के अनुसार जाहू उपतहसील में पांच पटवार सर्कल शामिल किए गए हैं, जिसमें जाहू, भलवाणी, वडैहर, वाहंवी व मुंडखर को शामिल किया गया है। जाहू उपतहसील में इन पांच पटवार सर्कलों के लगभग 15 गांव शामिल होंगे। जाहू को उपतहसील बनाने की उम्मीद उस समय लग गई थी जब विधायक सुरेश कुमार ने विधानसभा चुनावों में जीत दर्ज की थी। उन्होंने मुख्यमंत्री के सामने तहसील और पुलिस चौकी खोलने की मांग रखी थी। मुख्यमंत्री द्वारा दोनों घोषणाओं को पूरा करने पर लोगों में काफी उत्साह है। प्रधान अनुराधा शर्मा, लक्की शर्मा, चमनलाल काकू आदि ने विधायक सुरेश कुमार का आभार प्रकट किया है।

### करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय में 400 प्रशिक्षुओं ने सीखे योग के गुर

**हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय में मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे फाउंडेशन कोर्स 50 घंटे एक महीने तक चलने वाले कोर्स का शनिवार को समापन हो गया। कार्यक्रम में डॉ. कमलजीत ने बताया कि समापन समारोह में मुख्यातिथि के तौर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. संजीव शर्मा उपस्थित हुए। फाउंडेशन कोर्स को करवाने के लिए मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान से योग विशेषज्ञ पवन शेरावत, कोमल आदि विश्वविद्यालय पहुंचे थे। जिन्होंने प्रत्येक दिन प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण दिया। एक महीने चलने वाले इस फाउंडेशन कोर्स में 400 के लगभग प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम में उपस्थित प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि व्यावहारिक स्तर पर योग शरीर, मन और भावनाओं में संतुलन और सामंजस्य स्थापित करने का एक सर्वश्रेष्ठ साधन है। कुलपति डॉ. संजीव शर्मा ने फाउंडेशन कोर्स में भाग ले रहे सभी प्रशिक्षुओं को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बधाई के साथ आभार प्रकट किया।

## डिपुओं में सर्वर डाउन, विभाग मौन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

प्रदेश के डिपुओं पर लगी पॉश मशीनों में पिछले एक सप्ताह से सर्वर डाउन होने की वजह से डिपो धारक अपने उपभोक्ताओं को राशन वितरित नहीं कर पा रहे हैं। हालत यह है कि सर्वर डाउन होने की वजह से मशीनों में न तो उपभोक्ताओं की उंगलियों के निशान लग रहे हैं और न ही उपभोक्ताओं के मोबाइल पर ओटीपी आ रहा है।

**पॉश मशीनों में नहीं हो रही उंगलियां स्कैन, उपभोक्ता व डिपो धारक परेशान**

प्रदेश डिपो संचालक समिति के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कवि ने जारी बयान में कहा कि प्रदेश भर के डिपुओं पर रोजाना उपभोक्ताओं की लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं, लेकिन घंटों इंतजार करने के बाद भी डिपो संचालक उपभोक्ताओं को राशन नहीं दे पा रहे हैं। प्रदेश के कई जिलों में उपभोक्ताओं द्वारा डिपो धारकों के साथ हाथापाई करने की सूचना भी मिल रही है। उन्होंने कहा कि जब इस संदर्भ में उच्च स्तरीय अधिकारियों से बात की गई तो बताया गया कि इस समस्या का हल आईटी सेल ही कर सकता है।

कवि ने सवाल उठाया कि क्या आईटी सेल पर विभाग का कोई नियंत्रण नहीं है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश की जनता में इसे लेकर सरकार के प्रति रोष व्याप्त है और यही हाल रहा तो लोकसभा चुनावों में प्रदेश की जनता अपना हिसाब चुकता करेगी। अशोक कवि ने सरकार व विभाग से मांग की है कि या तो शीघ्र सर्वर की समस्या से हमेशा के लिए निजात दिलाई जाए या अन्य विकल्पों से राशन वितरित करने की इजाजत दी जाए या डिपो बंद किए जाएं।

### राणा बोले- सुजानपुर से अनुराग को दिलाएंगे 40,000 मतों की लीड

**सुजानपुर।** आने वाले लोकसभा चुनाव में सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र से केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को 40 हजार मतों से ज्यादा की लीड दिलाई जाएगी और सौभाग्य की बात होगी कि केंद्रीय मंत्री हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से निर्विरोध सांसद चुने जाएं। यह बात सुजानपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रो. विक्रम राणा ने सुजानपुर भाजपा कार्यालय में आयोजित भाजपा ओबीसी मोर्चा की बैठक को संबोधित करते हुए कही। ओबीसी मोर्चा की विशेष बैठक मंडल अध्यक्ष प्रो. विक्रम राणा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में ओबीसी वर्ग के लोगों को भारतीय जनता पार्टी से जोड़ने पर चर्चा की गई। इसके साथ-साथ आने वाले लोकसभा चुनावों को लेकर जिम्मेदारी तय की गई। इस मौके पर कैप्टन रंजीत राणा, विनोद ठाकुर, चंद्रशेखर आदि उपस्थित रहे।



बैठक में चर्चा करते हुए पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

### वन विभाग के डिप्टी रेंज अधिकारी जगत राम को दी विदाई पार्टी



जगत राम को सम्मानित करते

**भरेड़ी।** उपमंडल भोरंज के तहत सागर स्पोर्ट्स अकादमी ने वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ भरेड़ी के सहयोग से वन विभाग के डिप्टी रेंज अधिकारी जगत राम के स्थानांतरण पर उनके सम्मान में एक विदाई पार्टी का आयोजन किया। उन्होंने यहां पांच साल की सबसे मूल्यवान सेवाएं दीं, उनका तबादला अनुश्रवण एवं मूल्यांकन विभाग हमीरपुर में कर दिया गया है। इस अवसर पर रोशन लाल कौंडल जनरल मैनेजर ट्रेड लिंक प्राइवेट लिमिटेड मोहन मीकिन लिमिटेड नई दिल्ली, राजिंद्र सिंह बीडीसी चेयरमैन भोरंज आदि मौजूद थे।

## सबका विकास ही हमारा प्रयास : अनुराग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

पांचवीं बार लोकसभा चुनाव के प्रत्याशी बनाए जाने के बाद अनुराग ठाकुर हमीरपुर मंडल के पक्का भरो और बस स्टैंड पहुंचे जहां पर मंडल हमीरपुर के कार्यकर्ताओं और टैक्सी यूनियन के सदस्यों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस उपलक्ष्य पर अनुराग ने टैक्सी यूनियन के सदस्यों को फर्स्ट एड बॉक्स वितरित किए।

इस अवसर पर अनुराग ठाकुर ने सुरक्षा नियमों का पालन करने की सभी को सलाह दी और बताया कि सीट बेल्ट लगाकर वाहन को चलाएं। उन्होंने बताया कि कांग्रेस ने चुनाव से पहले भी 1500 रुपए का फॉर्म भरवाया और आज भी वही फॉर्म भरवा रहे हैं पहले भी उन्होंने इसको कूड़ेदान में फेंका था और इस बार भी कूड़ेदान में ही फेंकेगी। इस उपलक्ष पर सभी मंडल पदाधिकारी, पार्षद व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



टैक्सी चालकों को फर्स्ट एड किट देते अनुराग ठाकुर।

### केंद्रीय मंत्री ने बाइक रैली में युवाओं को किया जागरूक

**नादौन।** नादौन में भाजपा युवा मोर्चा द्वारा लोगों को नशा मुक्त व सुरक्षायुक्त बनाने के लिए बाइक रैली का आयोजन किया गया, जिसमें काफी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री, वंदना योगी, युवाओं और महिलाओं ने बाइक पर रैली में शामिल होकर लोगों को जागरूक किया। अनुराग ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा मनुष्य के शरीर को खोखला कर देता है। गलत रास्तों पर चलने के लिए मजबूर कर देता है। उन्होंने कहा कि युवा दो पहिए वाहन चलाते समय स्वयं हेल्मेट जरूर पहनें और सड़क नियमों का पालन करें। उन्होंने कहा कि हम नशा मुक्त नादौन और नशा मुक्त हिमाचल प्रदेश बनाएंगे।

**खुशखबरी** | भोरंज उपमंडल की 15 पंचायतों में होगा पानी की समस्या का समाधान

## 93.28 करोड़ से लिफ्ट होगा गोबिंदसागर झील का पानी

**एसके शर्मा, जाहू**

भोरंज उपमंडल में पानी की समस्या के स्थायी समाधान के लिए गोबिंदसागर झील से पानी लिफ्ट किया जाएगा। 93.28 करोड़ प्रदेश सरकार द्वारा इसके लिए मंजूर किए गए हैं। गौरतलब है कि भोरंज ब्लॉक की पंचायतों में गर्मी के मौसम में पानी की भारी किल्लत हो जाती है जिससे लोगों में पानी के लिए हाहाकार मच जाती है।

प्रदेश सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार चंद ने सजलुज नदी गोबिंदसागर से लिफ्ट पानी प्रोजेक्ट लदरौर पट्टा के लिए 93.28 करोड़ की नोटिफिकेशन जारी कर दी है। इस प्रोजेक्ट के लगने से भोरंज ब्लॉक की लगभग 15 पंचायत के लोगों को पानी की समस्या से छुटकारा मिलेगा। इन आदेशों की प्रतिलिपि मुख्य इंजीनियर जल शक्ति विभाग हमीरपुर का भी की गई है।



भोरंज में इस समय एक ऐसी पेयजल योजना का कार्य चला हुआ है, जिससे लगभग 30 गांवों के लोगों को 24 घंटे पानी उपलब्ध करवाया जाएगा। इसके अतिरिक्त भोरंज उमंडल में विभिन्न गांवों में 45 करोड़ से टैंकों व विभिन्न योजनाओं का निर्माण किया जा रहा है। लदरौर जल शक्ति विभाग के एसडीओ राजेंद्र सिंह ने बताया कि 93.28 करोड़ प्रदेश सरकार ने गोबिंदसागर झील से पानी लिफ्ट करने वाले प्रोजेक्ट के लिए धन राशी स्वीकृत होने की नोटिफिकेशन हो गई है। शीघ्र ही इस प्रोजेक्ट पर विभाग अगली कार्रवाई शुरू करेगा। (अनंत ज्ञान)

> प्रदेश सरकार के द्वारा भोरंज में गोबिंदसागर झील से पानी लिफ्ट करने के लिए 93 करोड़ 28 लाख रुपए स्वीकृत हुए हैं। इस प्रोजेक्ट से भोरंज की अधिकांश पंचायतों में पानी की समस्या का समाधान होगा। उन्होंने बताया कि भोरंज में अन्य पेयजल योजनाओं और भंडराण टैंकों का निर्माण किया जा रहा है, ताकि भोरंज में पानी की किल्लत को समाप्त किया जा सके।
>
> -सुरेश कुमार, विधायक

### धनेटा अस्पताल में 21 को लगेगा नेत्र जांच शिविर

**धनेटा।** त्रिमूर्ति शिव मंदिर धनेटा में रिटायर्ड एंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन व सर्व मंगल सभा धनेटा की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया, जिसका संचालन उपप्रधान ओमप्रकाश शर्मा ने किया। बैठक में 21 मार्च को धनेटा के सरकारी अस्पताल में लगाए जा रहे निशुल्क नेत्र जांच शिविर की चर्चा की गई। अध्यक्ष पीडी शर्मा ने बताया कि डॉक्टर राधाकृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर से नेत्र विशेषज्ञ द्वारा आंखों की जांच की जाएगी, वहीं जिन रोगियों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए जाएंगे उनका मुफ्त ऑपरेशन किया जाएगा जिसका सारा खर्च संस्था बहन करेगी। उन्होंने बताया कि 21 मार्च प्रातः 9.30 बजे शिविर का शुभारंभ कर दिया जाएगा। इस मौके पर शक्ति चंद, अशोक कुमार, विजय कुमार आदि शामिल रहे।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

**NOTICE**
I, Hem Raj (63Yrs.) S/o Sh. Kubau Ram R/o Vill. Amroh, P.O. Bahal, Teh. Galore, Distt. Hamirpur (HP) Solemnly declare that I have changed my name Hem Raj Sharma to Hem Raj in my passport. All Concerned please note it.

**NOTICE**
I, Sukanya Devi (56Yrs.) W/o Hem Raj R/o Vill. Amroh, P.O. Bahal, Teh. Galore, Distt. Hamirpur (HP) Solemnly declare that in Parivaar Nakal/ Register my name wrongly entered as Pinki Sharma. My correct name is Sukanya Devi. All Concerned please note it.

# न्यूज ब्रीफ

## 24 घंटे में हटानी होगी प्रचार सामग्री

**मंडी।** आदर्श चुनाव संहिता लागू होने के बाद 24 घंटे के भीतर सभी सरकारी कार्यालयों पर लगी प्रचार सामग्री हटा दी जाएगी। यह जानकारी एसडीएम एवं आरओ मंडी सदर ओमकांत ठाकुर ने एमसीसी के नोडल अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। बैठक का आयोजन आचार संहिता के लागू हो जाने पर उसका पालन सुनिश्चित करने के लिए किया गया था। उन्होंने बताया कि चुनाव घोषणा के 24 घंटे के भीतर सरकारी कार्यालयों के परिसर के भीतर बाल राइटिंग, पोस्टर, होर्डिंग, कटआउट, बैनर हटा दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक संपत्तियों बस स्टैंड, सार्वजनिक चौराहों, बिजली के खंभे आदि से 48 घंटे के भीतर समस्त प्रचार सामग्री हटाई जाएगी। वहीं निजी भवन पर लगी प्रचार सामग्री भी 72 घंटे के भीतर हटानी होगी। रिटर्निंग अधिकारी की अनुमति के बाद ही निजी भवन पर प्रचार सामग्री लगाई जा सकेगी। उन्होंने कहा कि नोडल अधिकारी प्रचार सामग्री को उतारते समय ध्यान रखें की किसी का अनादर न हो। हटाई गई प्रचार सामग्री को कहीं उचित स्थान पर एकत्रित कर के रख लें।

## निबंध लेखन प्रतियोगिता में पलक प्रथम



रोड सेफ्टी क्लब की प्रतियोगिताओं के प्रतिभागी कॉलेज स्टाफ के साथ।

**मंडी।** राजकीय महाविद्यालय पनारसा में दो दिवसीय रोड सेफ्टी क्लब द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी, निबंध लेखन, नारा लेखन एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में मधु, लक्ष्मी और भोली प्रथम, सुदीप्ति, श्रेया और प्रियंका द्वितीय जबकि शिवानी, अंशिता और अनामिका तृतीय स्थान पर रहीं। निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम पलक चंद्रवंशी, द्वितीय मधु एवं तृतीय स्थान पर नैना शर्मा रही। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अर्चना भारती मीनाक्षी और अंजलि क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय रही। नारा लेखन में नैना शर्मा प्रथम, चारु द्वितीय तथा निलेश तृतीय स्थान पर रहे। निबंध लेखन में साक्षी शर्मा, पोस्टर मेकिंग में भोली और नारा लेखन में रवि शर्मा को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। सभी विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्य डॉक्टर उरसेम लता ने नकद पुरस्कार वितरित किए।

## भीमाकाली मंदिर में आज होगी प्रार्थना सभा

**मंडी।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की स्वर्गीय धर्मपत्नी प्रोफेसर सिमी अग्निहोत्री की आत्मिक शांति के लिए श्रद्धांजलि व प्रार्थना सभा का आयोजन रविवार को होगा। दोपहर 12 बजे भीमाकाली मंदिर परिसर भीऊली में आयोजित होने वाली सभा में भाग लेने के लिए उपमुख्यमंत्री मंडी आ गए हैं। शनिवार को सर्किट हाउस में पत्रकारों ने उनसे मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। प्रेस क्लब मंडी प्रधान की अगुआई में पत्रकारों के साथ उपमुख्यमंत्री ने आखिरी समय की घटनाओं को साझा किया।

## रैली निकालकर मतदान का संदेश दिया




पैराडाइज पब्लिक स्कूल के बच्चे पोस्टरों के साथ।

**सुंदरनगर।** सहायक निर्वाचन अधिकारी गिरीश समरा ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव के तहत सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र में मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इस कड़ी में स्वीप टीम द्वारा पैराडाइज पब्लिक स्कूल में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यालय के छात्रों द्वारा पेंटिंग, नारा लेखन व रैली निकालकर जनमानस को अधिक से अधिक मतदान करने का संदेश दिया गया। साथ ही बच्चों को अपने परिवारजनों को बहुमूल्य मत के प्रयोग के लिए प्रेरित करने को कहा। गिरीश समरा ने बताया गया कि लोकतंत्र के महापर्व में सबकी भागीदारी सुनिश्चित करना स्वीप टीम का मुख्य उद्देश्य है। इस दौरान पैराडाइज पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य प्रकाश, जयसिंह, काउंसलर धर्मेंद्रा शर्मा स्वीप टीम से देवेंद्र कुमार, दिनेश सिंह, प्रवीण शर्मा, दिनेश शर्मा, रजनीश गौतम, नैना, भीमा व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## हटाई गई प्रचार सामग्री की दें सूचना

**सरकाघाट।** सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श चुनाव आचार संहिता शुरू होते ही सभी प्रकार की प्रचार सामग्री को सरकारी भवनों से 24 घंटे के भीतर हटाना होगा। इसके अलावा सार्वजनिक स्थानों से 48 घंटे और निजी भवनों में लगी सभी प्रकार की प्रचार सामग्री को 72 घंटों के भीतर हटाना सुनिश्चित बनाएं। उन्होंने कहा कि हटाई गई प्रचार सामग्री की सूचना निर्धारित समय में सहायक निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में जमा करवाना सुनिश्चित करें। एसडीएम ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होते ही केवल उन्हीं विकास निर्माण कार्यों की अनुमति रहेगी जो पहले से जारी हैं। बैठक में सेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर ऑफिसर, नोडल ऑफिसर, महाजन राव व अन्य उपस्थित रहे।

## धर्मपुर में 19 मार्च को बंद रहेगी बिजली

**सरकाघाट।** सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल सरकाघाट ई. राज सिंह पराशर ने बताया कि 19 मार्च को एचटी लाइन के आसपास के पेड़ों की कटाई छंटाई के चलते विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि 11 केवी फीडर धर्मपुर और 11 केवी फीडर ओल्ड रिस्सा के अधीन पड़ने वाले गांवों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इसमें 11 केवी फीडर धर्मपुर के अंतर्गत जम्साई, बेहड़, सरौर, पपलोग, अलायाना, परसदा, दमसेहरा, रोपरी, नौनु तथा 11 केवी फीडर ओल्ड रिस्सा के अंतर्गत चौक, ब्राड़ता, पाटी, जन्झैल, रिस्सा इत्यादि क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति प्रातः नौ से सायं पांच बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।



निर्मल अखाड़े के महंत स्वामी रामानंद महाराज से श्री सीताराम नाम महायज्ञ की चर्चा करने के उपरांत महंत राजेश्वरानंद सरस्वती सामूहिक चित्र में। बता दें कि छोटी काशी मंडी में श्री सीताराम नाम महायज्ञ का आयोजन किया जाना है, जिसको लेकर महंत राजेश्वरानंद सरस्वती देश भर में तीर्थ यात्रा कर संतों से परामर्श ले रहे हैं।

## संगठन बारे चर्चा की

**पधर।** ब्राह्मण सभा जिला मंडी की जिला स्तरीय बैठक खंड बल्ह के नेर बाबा की कुटिया (नेरचौक) में जिला अध्यक्ष केडी. शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठन के बारे में चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष केडी शर्मा ने बताया कि बल्ह खंड अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने सभी आए अतिथियों का स्वागत किया।

## शुद्धिकरण

कार्यालय ग्राम पंचायत कोट विकास खंड धनोटू तहसील बल्ह जिला मंडी हिमाचल प्रदेश के कोटेशन आमंत्रित करने बारे छपे विज्ञापन में निवेदिता/कोटेशन खोलने की तिथि 13-3-2023 गलत छपी है उसे 22-3-2024 पढ़ा जाए।

# पैसे के अभाव में बंद होने वाला था मंडी का वल्लभ कॉलेज

**अनिल शर्मा, मंडी**

नए भारत के लिए आधुनिक शिक्षा की दरकार ने मंडी वल्लभ कॉलेज की परिकल्पना को साकार रूप दे दिया, लेकिन आर्थिक रूप से यह अव्यवहारिक पाया गया, जिस कारण इसके बंद होने की नौबत आ गई। अनंत ज्ञान के प्रबुद्ध पाठकों के लिए आज हम मंडी पीडिया डॉट कॉम से साभार अत्यंत रोचक लेख भाग-4 प्रस्तुत कर रहे हैं।

बात उन दिनों की है जब लोग अपने बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए लाहौर भेजते थे। सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य हर्ष कुमार बताते हैं कि वल्लभ कॉलेज का प्रारंभिक इतिहास बड़ा ही कौतूहल पूर्ण रहा है। अपनी स्थापना के तुरंत बाद ही वल्लभ कॉलेज आर्थिक रूप से व्यवहारिक नहीं पाया गया था और सरकारी आदेश से बंद होने वाला था तभी मंडी के सम्मानित नागरिकों का एक प्रतिनिधिमंडल हिमाचल प्रदेश के मुख्य आयुक्त एनसी मेहता से मिला और उनसे वल्लभ कॉलेज को जारी रखने के लिए उचित कदम उठाने का आग्रह किया। एनसी मेहता गुजरात से थे।

उन्होंने सहानुभूतिपूर्वक प्रतिनिधिमंडल की बात सुनी और सरदार पटेल से मिलकर उनसे हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया। उन्होंने सरदार पटेल से कहा कि कॉलेज का नाम उनके नाम पर रखा गया था, इस कारण इसे बंद करना शर्मनाक होगा। सरदार पटेल ने वरिष्ठजनों के आग्रह पर वल्लभ कॉलेज को जारी रखने की सहमति दे दी और उसके बाद यह कॉलेज बिना किसी बाधा के राज्य के प्रमुख संस्थानों में से एक बन कर उभरा है। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान स्पैशल

### बिजै हाई स्कूल से हुई थी कॉलेज की शुरुआत


बिजै हाई स्कूल में ही इवनिंग कॉलेज के रूप में पहले वर्ष की कक्षाएं कुछ महीने तक चली थी। वल्लभ महाविद्यालय की शुरुआत भी बिजै हाई स्कूल के भवन से ही हुई थी, जिसके नाम में कुछ वर्ष बाद बदलाव करके इसे वल्लभ गवर्नमेंट कॉलेज मंडी कर दिया गया था।



वल्लभ कॉलेज मंडी।

**भाग-4**

### लाहौर और होशियारपुर से भी आए छात्र



वल्लभ कॉलेज का अपना ड्रामाटिक क्लब भी था, जिसने महाशिवरात्रि महोत्सव के दौरान मार्च 1951 को भारत रमानी नाम से एक नाटक का मंचन किया था। पाकिस्तान बनने पर लाहौर से खत्री समुदाय के 18 लड़के पढ़ने के लिए कॉलेज में आए। होशियारपुर से भी कुछ छात्र पढ़ने के लिए आए, जिन्होंने तेहरवीं कक्षा में एडमिशन ली। डॉ. हर्ष मल्होत्रा ने बताया कि उनके पिता दिवंगत महेश प्रसाद मल्होत्रा जब होशियारपुर से मंडी आए, तो तेहरवीं कक्षा के प्रथम बैच में उन्होंने प्रथम रोल नंबर से एडमिशन मंडी कॉलेज में ली थी। वर्ष 1952 में कॉलेज का प्रथम बैच ग्रेजुएट होकर निकला। हालांकि लाहौर से आए छात्रों ने तेहरवीं कक्षा में एडमिशन ली थी वह पहले ग्रेजुएट बने लेकिन सही मायनों में कॉलेज की शुरुआत वाला प्रथम ग्रेजुएट बैच हमारा ही था।


# 8.66 लाख मतदाता चुनेंगे नया सांसद

## प्रेस वार्ता में बोले डीसी, 14 मई से नामांकन और 17 को होगी नाम वापसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

देशभर में आम चुनाव का शंखनाद होते ही हिमाचल में भी आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। जिला निवार्चन अधिकारी उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि मंडी संसदीय सीट के लिए सात मई को चुनाव अधिसूचना जारी हो जाएगी। इसके चलते 14 मई तक नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। 13 मई को स्क्रूटनी तथा 17 मई को नाम वापस लिए जाएंगे। जबकि पहली जून को मतदान होगा।

उन्होंने बताया कि मंडी संसदीय क्षेत्र के तहत आने वाले 17 विधानसभा क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है, जिसके चलते 24 घंटे में सरकारी भवनों से प्रचार सामग्री हटा दी जाएगी। जबकि सार्वजनिक स्थलों से 48 और 52 घंटे के बीच प्रचार सामग्री हटवा दी जाएगी। उन्होंने किसी की निजी संपत्ति पर भी मालिक की मंजूरी के बाद ही प्रचार सामग्री लगाई जाएगी।



जिला निर्वाचन अधिकारी अपूर्व देवगन पत्रकार वार्ता करते हुए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू हो जाने के बाद नए विकास कार्य शुरू नहीं किए जा सकेंगे, वहीं पर सरकारी वाहनों का प्रयोग भी प्रचार अभियान में नहीं किया जा सकेगा। केवल मनरेगा और आपदा राहत कार्यों को ही जारी रखा जा सकेगा। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रक्रिया को लागू करने के लिए छह जिलों के उपायुक्त और 34 एआरओ ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। मंडी संसदीय क्षेत्र में आठ लाख 66 हजार मतदाता नए सांसद का चुनाव करेंगे। जिनमें 10140 मतदाता दिव्यांग और 8655 मतदाता 85 साल की आयुवर्ग से ऊपर के होंगे। जबकि 100 साल से ज्यादा उम्र के मतदाताओं की संख्या 166 है।

### यहां बनाए मतगणना केंद्र

डीसी ने बताया कि मंडी जिला में सुंदरनगर, मंडी, सरकाघाट और जोगिंद्रनगर में मतगणना केंद्र स्थापित किए गए हैं। जबकि हर विधानसभा क्षेत्र में दो मतदान केंद्र महिलाओं द्वारा संचालित होंगे। वहीं पर एक-एक मतदान केंद्र दिव्यांग कर्मचारियों द्वारा भी संचालित होगा।

## सरकार की अनदेखी वृद्ध आश्रमों पर पड़ी भारी: डॉ. पदम

**सुंदरनगर।** प्रदेश सरकार की अनदेखी के चलते मंडी जिला के सुंदरनगर और भंगरोटू में स्थित वृद्ध आश्रमों की वित्तीय स्थिति बेहद दयनीय हो चुकी है। पिछले वित्तीय वर्ष में सरकार की ग्रांट नहीं मिलने से संचालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दानी सज्जनों के सहयोग और संचालकों द्वारा अपने स्तर पर एक वर्ष में करीब 21 लाख रुपए की राशि भोजन, वृद्धों की दवाइयों, कर्मचारियों के वेतन और अन्य संसाधनों पर व्यय की जा चुकी है। शनिवार को आश्रम में पत्रकारों से बातचीत में देहरी वृद्ध आश्रम के प्रधान डॉ. पदम सिंह गुलेरिया और बल्ह वैली कल्याण सभा वृद्ध आश्रम के प्रधान डॉ. दिनेश वशिष्ट ने बताया कि सरकार की ओर से मिलने वाली करीब साढ़े दस लाख रुपए की ग्रांट मार्च और सितंबर के माह में आती थी, लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बाद भी यह ग्रांट नहीं मिल पाई है।

## जल शक्ति विभाग को मिले 15 ड्राफ्ट्समैन

**आदर्श यादव, नेरचौक**

जल शक्ति विभाग को लंबे अरसे के उपरांत 15 ड्राफ्ट्समैन मिले हैं। विभाग की प्रमुख अभियंता अंजू शर्मा ने शनिवार को 15 जूनियर ड्राफ्टसमैन की पदोन्नति ड्राफ्टसमैन के पदों पर करने की अधिसूचना जारी कर दी है। जूनियर ड्राफ्टसमैन को यह पदोन्नति बार कम होने से मिली है। प्रमुख अभियंता की ओर से पदोन्नति के आदेश मिलते ही संबंधित जूनियर ड्राफ्टसमैन ने ड्राफ्टसमैन के पद पर विधिवत रूप से अपनी-अपनी ड्यूटी भी शनिवार को ही ज्वाइन कर ली है। जल शक्ति विभाग में जूनियर ड्राफ्टसमैन से ड्राफ्टसमैन के पद पर पदोन्नति के लिए सन 1986 से 12 साल की नियमित समय अवधि की बार लगी हुई थी, जिससे इस कैडर के कई कर्मचारी बिना पदोन्नति के ही 15-16 वर्ष विभाग को अपनी सेवाएं देने के उपरांत रिटायर हो गए है। विभाग में ड्राइंग ब्रांच में इस कैडर की हालत इतनी खराब होकर रह गई थी कि प्रदेश में कुल स्वीकृत ड्राफ्ट्समैन के 166 पदों में से 165 पद वर्तमान में रिक्त चले हुए थे। प्रदेश सरकार के 12 साल की बार को पांच वर्ष कम कर सात वर्ष करने पर 15 कर्मचारियों को पदोन्नति मिली है। (अनंत ज्ञान)

> प्रदेश सरकार की ओर से अधिसूचना जारी होने पर हमने जेडीएम की पदोन्नति ड्राफ्टसमैन के पद पर करने के आदेश जारी कर दिए हैं तथा पदोन्नत होने वाले इन कर्मचारियों को जहां वे वर्तमान समय में कार्यरत थे, वहीं ज्वाइन करने के आदेश जारी किए हैं, ताकि इन कर्मचारियों को कोई परेशानी न हो।
> **-अंजू शर्मा, प्रमुख अभियंता, जल शक्ति विभाग हिमाचल प्रदेश।**

## पटवार वृत्त पाली में कल किए जाएंगे इंतकाल

**पधर।** पटवार वृत्त पाली में 18 मार्च को इंतकाल होंगे। कार्यालय सहायक समहर्ता प्रथम श्रेणी एवं तहसीलदार पधर पूर्ण चंद कौंडल ने कहा कि मुहाल पिपली/590 में भूस्वामियों की भूमि राष्ट्रीय राजमार्ग पठानकोट- मंडी संख्या 154 के किमी 180 से 1900 तक के भूखंड में अधिग्रहण की गई है। इस भूमि का मुहाल पिपली में इंतकाल नंबर 681 25 जुलाई को दर्ज हो चुका है। यह इंतकाल सहायक समहर्ता द्वितीय श्रेणी एवं नायब तहसीलदार पधर द्वारा 18 मार्च को प्रातः 10 बजे कार्यालय पटवार वृत्त पाली में तस्दीक किया जाएगा।

# बलद्वाड़ा कॉलेज के होनहार नवाजे

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

राजकीय महाविद्यालय बलद्वाड़ा में शनिवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्यातिथि प्रदेश कांग्रेस महासचिव पवन ठाकुर ने शिरकत की। कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांधा और प्राचार्य प्रोफेसर विजय कुमार कौंडल ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

मुख्यातिथि ने विभिन्न क्षेत्रों में उम्दा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मेधावियों में भानुप्रिया, लता कुमारी, शिवानी शर्मा, शगुन, नेहा, सिया राम, अश्वनी, सान्या, योगेश, पल्लवी , रंजना, प्रतिभा, नेहा, अभिषेक को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर बृजलाल गोयल विशेष तौर पर उपस्थित रहे और उन्हें गेस्ट ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्राचार्य विजय कुमार, डॉ. दायक राम, डॉ. संजय, डॉ. गुलशन, प्रोफेसर सचिन, डॉ. शालू कंवर, डॉ. सुनील, प्रोफेसर अश्वनी, प्रोफेसर राजगीर, डॉक्टर नैंसी, प्रोफेसर मनोरमा, डॉक्टर प्यार चंद ठाकुर, प्रोफेसर पूजा सहित महाविद्यालय के सभी कर्मचारी एवं अन्य मौजूद रहे।



वार्षिक पारितोषिक समारोह के दौरान एक छात्रा को पुरस्कार प्रदान करते मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस महासचिव पवन ठाकुर।

**सुरक्षा** मंडी शहर से अगले पड़ाव मौवीसेरी के लिए शनिवार को रवाना हुए देव

# एसडीआरएफ के जवानों की निगरानी में रहे देव अनंत बालूनाग

**उमेश भारद्वाज, मंडी**

देव आस्था का महाकुंभ अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव विधिवत तौर पर संपन्न हो गया है। इस बार 144 वर्षों के बाद छोटी काशी मंडी पधारे कुल्लू-मंडी जनपद के आराध्य देव अनंत बालूनाग ने महाशिवरात्रि महोत्सव को और अधिक मनमोहक बना दिया। वहीं शनिवार को मंडी शहर के मां चामुंडा मंदिर में स्थापित अस्थायी शिविर से देव अनंत बालूनाग अगले पड़ाव मौवीसेरी के लिए रवाना हो गए, लेकिन अनंत बालूनाग के कारदार और देवलू महाशिवरात्रि महोत्सव से अपने साथ कुछ खट्टी और मीठी यादें लेकर गए हैं। देव अनंत बालूनाग के मौहता बलवीर ठाकुर ने कहा कि शिवरात्रि महोत्सव में देव अनंत बालूनाग पर कड़ी सुरक्षा रखी गई। इसमें एसडीआरएफ के 18 पुलिस कर्मी 24 घंटे देवता की निगरानी में साथ रहे। उन्होंने मंडी पुलिस के रवैए पर हैरानी जताते हुए कहा कि देव बालूनाग जब राज माधोराय, देव कमरूनाग और भक्त के घर आतिथ्य स्वीकार करने के लिए दौरान पुलिस का कड़ा पहरा लगाया गया। इस दौरान एएसपी मंडी सागर चंद्र स्वयं इस सुरक्षा घेरे का नेतृत्व कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देव अनंत बालूनाग को मोतीपुर से किसी अन्य स्थान पर जाने के लिए मनाही थी और परमिशन लेने की भी हिदायत दी गई, लेकिन इस प्रकार की कड़ी सुरक्षा की जरूरत देव अनंत बालूनाग और उनके देवलूओं को नहीं थी। (अनंत ज्ञान)



### राज माधोराय की व्यवस्था को लेकर संतुष्ट नहीं

देव अनंत बालूनाग के मौहता बलबीर ठाकुर ने देववाणी को लेकर कहा कि देव अनंत बालूनाग राज माधोराय की व्यवस्था को लेकर संतुष्ट नहीं हैं। इसको लेकर देव अनंत बालूनाग ने राज माधोराय मंदिर और राजमहल में भी राजपरिवार तथा पुजारी के समक्ष देववाणी की है। उन्होंने कहा कि देव अनंत बालूनाग का मंडी शिवरात्रि में शामिल होने का मुख्य कारण राज माधोराय की व्यवस्था ठीक नहीं होने की जानकारी देना था। इस पर गंभीरता से विचार कर सही तरीके से चलाना चाहिए।

### मां चामुंडा के बुलावे पर अगले वर्ष भी करेंगे शिरकत

बलवीर ठाकुर ने कहा कि देव अनंत बालूनाग मां चामुंडा मंदिर कमेटी मोतीपुर और देवलुओं के आतिथ्य के लिए आभारी हैं। मां चामुंडा के बुलावे पर बालूनाग ने मंडी शिवरात्रि महोत्सव में शिरकत की है। उन्होंने कहा कि अनंत बालूनाग के आदेश होने पर अगले वर्ष भी मंडी शिवरात्रि में शिरकत करेंगे। इसके साथ मां चामुंडा मोतीपुर के देवलुओं के बुलाने पर भी मंडी आएंगे। यदि मंडी प्रशासन देव अनंत बालूनाग को बुलाता है तो इस पर विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों ने देव अनंत बालूनाग के उनके स्वप्न में दिखने की जानकारी भी उन्हें दी।

## इलेक्ट्रॉल बांड एक अपराध, नामी बैंक भी संदेह के घेरे में: बलदेव

**जोगिंद्रनगर।** स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष बलदेव राज सूद द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा चुनावी बांड खरीदने वाली कंपनियों तथा राजनीतिक दलों के नाम सार्वजनिक करने पर विलंब के लिए सर्वोच्च बैंकिंग संस्था एसबीआई संदेह के घेरे में है। देश की जनता में एसबीआई की शाखा कम हुई है। उन्होंने कहा कि जनता के कोष से वेतन लेने वाले चाहे नेता हों अधिकारी अथवा कर्मचारी हों सबको देश की जनता के प्रति जवाबदेह होना चाहिए न कि सरकारों के प्रति। उन्होंने कहा कि उपलब्ध जानकारी के अनुसार कुल 11562 करोड़ के बांडो में से सर्वाधिक 6566 करोड़ का चंदा भाजपा को मिलना तथा सरकारों द्वारा ईडी का हथियार प्रयोग करके चंदा उगाही कर अपनी सत्ता बरकरार रखने के क्रम से विश्वभर में देश की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉल बांड एक घोटाला है एक अपराध है तथा देशद्रोह से कम नहीं।

## शिवरात्रि महोत्सव के रैफल ड्रॉ में पहला पुरस्कार ऑल्टो 800

**मंडी।** अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव के उपलक्ष्य में मेले के समापन अवसर पर पड्डल मैदान में जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा अतिरिक्त उपायुक्त रोहित राठौर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर चंद की अध्यक्षता में रैफल ड्रॉ निकाला गया। जिला रेडक्रॉस मंडी के सचिव ओपी भाटिया ने बताया कि पहला पुरस्कार ऑल्टो 800 टिकट नंबर 121271 का निकला। दूसरा पुरस्कार मोटरसाइकिल टिकट नंबर 118495, तीसरा पुरस्कार स्कूटी टिकट नंबर 050691, चौथा पुरस्कार स्मार्टफोन टिकट नंबर 076103, 040070, 162654, 157460, 171933, 005487, 060723, 051468 तथा 191796 को निकाला। पांचवा पुरस्कार फ्रिज के रूप में टिकट नंबर 166702, 099812, 031072, 015821, 152555, 009999, 185830, 045405, 110575 तथा 114617 जबकि छठा पुरस्कार टिकट नंबर 197132, 045669, 062987, 177960, 133473, 012279, 020321, 156555, 196703, 012077, 074281, 165117, 056080, 144545, 157695, 024012, 190114, 035629, 149761 तथा 154539 को प्राप्त हुआ है।

## गरीब कल्याण के लिए कार्य करेगी समिति: जगदेव बंधु

**सरकाघाट।** वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति चोलथरा की आम सभा शनिवार को समिति के अध्यक्ष बिहारी लाल ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस आम सभा में लगभग 30 वरिष्ठ नागरिक सदस्यों ने भाग लिया। आम सभा में अध्यक्ष ने समिति के उद्देश्यों का समाज में प्रचार प्रसार करने के लिए तथा अधिक से अधिक सदस्यता करवाने का अपने सदस्यों का आह्वान किया। इस आम सभा में तीन नए सदस्यों ने भी समिति की सदस्यता ग्रहण की। उल्लेखनीय है कि वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति पिछले कई वर्षों से लगातार समाज में गरीब व असहाय लोगों की गंभीर बीमारियों, उनके बच्चों की शादियों तथा आपदा प्रभावित परिवारों में आर्थिक सहायता करती आई है तथा भविष्य में भी इस क्षेत्र के गरीब कल्याण के लिए कार्य करती रहेगी। इस सभा में समिति के प्रधान जगदेव सिंह बंधु, सचिव प्रेम सिंह अत्री, मीडिया प्रभारी सरवन सिंह भारद्वाज, कोषाध्यक्ष प्रकाश चंद कार्यकारिणी सदस्य नेक राम, आरडी कमल, मनोहर लाल, इंद्र सिंह बंधु, अमर सिंह रंजीत सिंह, बलदेव सिंह, हेम राज और रंजीत सिंह उपस्थित रहे।

## चैरा-भवाह सड़क मार्ग पास एचआरटीसी ने चलाई बस

**करसोग।** करसोग के चैरा में नवनिर्मित चैरा से भवाह सड़क मार्ग का एसडीएम नरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में गठित कमेटी ने हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस चला कर सफल ट्रायल किया। चैरा से आगे भवाह गांव तक क्षेत्र के लोगों को सड़क सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए लगभग दो किमी लंबे सड़क मार्ग का निर्माण किया गया है। जिसे शनिवार को प्रशासनिक टीम द्वारा बस चलाकर ट्रायल कर, पास कर दिया गया। सड़क मार्ग के ट्रायल के दौरान एचआरटीसी के बस ड्राइवर गोपाल ने बस को चलाकर भवाह गांव तक पहुंचाया। ट्रायल के दौरान एसडीएम करसोग नरेंद्र सिंह, आरएम एचआरटीसी करसोग हुमेश कुमार सहित टीम के अन्य अधिकारी बस में बैठ कर चैरा से भवाह गांव पहुंचे।

## छह बच्चों ने सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा की पास

**जोगिंद्रनगर।** डीएवी पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर के छह बच्चों ने सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा पास की है। इसमें स्कूल के युवराज, सौम्या पराशर, तक्षित ,खुशी, गुंजन, औजश शामिल हैं। डीएवी पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर के प्रधानाचार्य संजय ठाकुर ने बताया कि स्कूल के बच्चे अन्य प्रतियोगिताओं में भी अव्वल रहते हैं, इसका श्रेय बच्चों के साथ स्कूल के अध्यापकों को भी जाता है। उनकी कड़ी मेहनत का ही फल है जिसके कारण हमारे स्कूल के छह बच्चों ने सैनिक स्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण की है। मैं बच्चों के साथ उन अध्यापकों को भी शुभकामनाएं देता हूं और साथ ही परीक्षा उत्तीर्ण बच्चों के परिजनों को भी शुभकामनाएं देता हूं।

## संपादकीय

# हिमाचल में कॉटन कैंडी बैन सरकार की अच्छी पहल

हिमाचल प्रदेश में कॉटन कैंडी बनाने और बेचने पर स्वास्थ्य विभाग ने प्रतिबंध लगाकर नेक काम किया है। सुक्खू सरकार का यह फैसला वाकई सराहनीय फैसला है, जिसकी जितनी ज्यादा तारीफ की जाए, कम है। दरअसल, स्वास्थ्य विभाग के पास जगह-जगह से बच्चों के बीमार होने की सूचनाएं आ रही थीं। इन्हीं बातों को ध्यान में रखकर विभाग ने सोलन, शिमला, बिलासपुर और अन्य शहरों में कॉटन कैंडी के सैंपल भरे थे। इनमें हानिकारक केमिकल रोडामाइन-बी पाया गया, जिससे कैंसर हो जाता है। अब सैंपल फेल होने पर सरकार ने इसे बैन कर दिया है। खाद्य सुरक्षा विभाग ने पिंक, ऑरेंज, पर्पल, येलो, सी ग्रीन, व्हाइट और ग्रीन-पर्पल मिक्स कॉटन कैंडी के सैंपल भरे थे।

कॉटन कैंडी को गुलाबी रंग देने के लिए रोडामाइन-बी का इस्तेमाल हो रहा था। यह केमिकल सेहत के लिए हानिकारक होता है। रोडामाइन-बी का खाने की वस्तुओं में इस्तेमाल करना प्रतिबंधित है। बुढ़िया के बाल के नाम से मशहूर कॉटन कैंडी अब गांवों से निकलकर शहरों और महानगरों में रहने वाले बच्चों और बड़ों के बीच भी खूब लोकप्रिय हो गई है। हाल के दिनों में कई शोधों में इसके साइड इफेक्ट्स सामने आए हैं। भारत में तमिलनाडु, पुडुचेरी, आंध्र प्रदेश के बाद अब हिमाचल सहित कई अन्य राज्यों में भी कॉटन कैंडी पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। कॉटन कैंडी बनाने में केवल तीस ग्राम चीनी लगती है। इसमें न तो कोई फैट होता है और न ही कोई प्रीजर्वेटिव होता है। इसमें न ही सोडियम होता है और प्रति सर्विंग लगभग 115 कैलोरी होती है। यह किसी भी तरह से पेट भरने वाला भोजन नहीं है, लेकिन इसमें ऐसी कई चीजें हैं, जो स्वास्थ्य के लिए बहुत खराब हैं। फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया की मानें तो कॉटन कैंडी में 'रोडामाइन-बी' नाम का हानिकारक रसायन होता है।

रोडामाइन-बी सिंथेटिक डाई है, जिसका उपयोग आमतौर पर विभिन्न इंडस्ट्री में इसके गुलाबी से लेकर लाल रंग और फ्लोरोसेंट गुणों के लिए किया जाता है। इनका उपयोग कपड़ा, कलर और सौंदर्य प्रसाधनों में बड़े पैमाने पर किया जाता है। भारत में इसे अक्सर खाद्य उत्पादों में सस्ते एडिबल कलरिंग एजेंट के रूप में अवैध रूप से उपयोग किया जाता है। रोडामाइन बी न केवल कॉटन कैंडी में पाया जाता है, बल्कि कई अन्य प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों जैसे मिठाई, रंगीन कैंडी, लाल मिर्च पाउडर, कड़ी पाउडर, सॉस और कई अन्य चीजों में भी पाया जाता है। जहां इसके चमकीले लाल रंग का इस्तेमाल उपभोक्ताओं को धोखा देने के लिए किया जा सकता है।

रोडामाइन-बी एक रासायनिक यौगिक है और इसका उपयोग डाई के रूप में किया जाता है। अमेरिका में किए गए शोध के परिणाम बताते हैं कि रोडामाइन-बी यौगिक में कैंसर के गुण हैं, इसलिए यह आवश्यक है कि उन उत्पादों के लेवल पर एक चेतावनी रखी जाए, जिसमें इस यौगिक का उपयोग किया जाता है। रोडामाइन-बी यौगिक का उपयोग अवैध रूप से इस रंग को लाल मिर्च को प्रदान करने के लिए भी किया जाता है। अगर आप भी अपने बच्चों को कॉटन कैंडी खिलाते हैं, तो सावधान हो जाएं, क्योंकि इसके स्वाद में पड़कर कहीं जान से हाथ न धोना पड़ जाए। जान है तो जहान है। सेहत पहले, स्वाद बाद में। थोड़े से मजे के लिए जिंदगी भर का रोना अच्छी बात नहीं है। सुक्खू सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रति संजीदा है। लोगों की सेहत न बिगड़े, इसके लिए वह हमेशा कुछ न कुछ करती रहती है। कई बार जागरुकता अभियान चलाए जाते हैं, तो कई बार सेमिमार आदि आयोजित किए जाते हैं। लोगों को भी चाहिए कि वे सरकार के दिशा-निर्देशों का पालन करें और ऐसी चीजों से दूर रहें।

# युवाओं का लोकतंत्र के उत्सव में बड़ा महत्व

खिलाड़ी अपने समर्पण, दृढ़ता और टीम भावना के माध्यम से देश की सेवा करते हैं। चाहे घरेलू मैदान हो या विदेशी, देश की जर्सी पहनना एक विशेषाधिकार और जिम्मेदारी दोनों है, लेकिन दुनिया के सबसे जीवंत लोकतंत्र के एक अभिन्न अंग के रूप में हम खिलाड़ी और युवा भारतीय एक और विशेषाधिकार की आकांक्षा करते हैं, वह है मतदान। चुनाव लोकतंत्र का आधार होता है, जो नागरिकों को अपने प्रतिनिधियों को चुनने का महत्वपूर्ण अधिकार देता है। हालांकि, यह अधिकार निष्क्रिय नहीं है, चुनावी प्रक्रिया में सक्रिय रूप से शामिल होना एक कर्तव्य है, विशेषकर युवाओं का। ऐतिहासिक रूप से युवाओं ने सामाजिक परिवर्तन का नेतृत्व किया है और चुनावों में उनकी भागीदारी महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदाता पंजीकरण से लेकर जमीनी स्तर पर प्रचार अभियान तक के प्रत्येक चरण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता होती है।

पहली बार के मतदाता नए दृष्टिकोण के साथ पारदर्शिता और समावेश जैसे आदर्श लेकर आते हैं। एक युवा मतदाता की ऊर्जा और तकनीक, प्रेमी प्रकृति, चुनावी परिदृश्य को जीवंत बनाती है तथा नागरिकों की जरूरतों के अनुरूप पहुंच और उत्तरदायित्व को बढ़ावा देती है। युवा निर्वाचित प्रतिनिधियों को जवाबदेह बनाने एवं जनता से जुड़े मुद्दों का समर्थन करने व आवाज उठाने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा इस प्रकार लोकतंत्र के महत्व और इसके प्रति निष्ठा की रक्षा करते हैं।

महात्मा गांधी के शब्दों में, 'भविष्य इस पर निर्भर करता है कि आप आज क्या करते हैं।' लोकतंत्र का पहिया एक बार फिर से घूम रहा है, भारत में आम चुनाव, 2024 की तैयारी चल रही है, ऐसे में राष्ट्र के भाग्य को स्वरूप देने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया जाना जरूरी है।



लेखक : नीरज चोपड़ा
ओलंपिक एवं विश्व चैंपियन

अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी प्रक्रिया में युवाओं की सहभागिता के महत्व पर जोर दिया और पहली बार मतदाता बने युवाओं के लिए लक्षित निर्वाचन आयोग के 'मेरा पहला वोट देश के लिए' अभियान के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने भारत के युवाओं के जोश और उत्साह की सराहना की तथा उनसे सक्रिय रूप से मतदान में भाग लेने की अपील की, क्योंकि देश के भविष्य पर इसका प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है। पहली बार मतदाता बने युवाओं से रिकॉर्ड संख्या में भाग लेने की अपील करते हुए, उन्होंने देश की नियति को आकार देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने विभिन्न सेक्टरों से जुड़े प्रभावशाली लोगों से अभियान में शामिल होने तथा सामाजिक बदलाव को प्रेरित करने में उनकी प्रभावी भूमिका को स्वीकार करते हुए युवा मतदाताओं को प्रोत्साहित करने की अपील की। चुनावी माहौल के बीच, उन्होंने युवाओं से न केवल राजनीतिक कार्यकलापों में भाग लेने का आग्रह किया, बल्कि वर्तमान में जारी चर्चाओं और बहसों के बारे में भी जानकारी रखने की अपील की। भारतीय निर्वाचन आयोग चुनावों में युवाओं की सार्वजनिक प्रबुद्ध सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'मेरा पहला वोट देश के लिए' अभियान चला रहा है।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने अभियान गीत लांच किया, जो युवा मतदाताओं को उनके लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करने की देश की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह अभियान गीत मतदाता जागरूकता अभियान का एक हिस्सा है, जो चुनावी प्रक्रिया में युवाओं की अधिक से अधिक भागीदारी के लिए प्रधानमंत्री मोदी की अपील की भावना का प्रतीक है। देश भर के युवा इस अभियान गीत को अपने युवा मित्रों को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करने के आह्वान के रूप में अपना रहे हैं। इस पहल के तहत उच्च शिक्षा संस्थान (एचईआई) देश भर में मतदाता जागरूकता कार्यकलापों का आयोजन कर रहे हैं और अधिक प्रतिनिधि लोकतंत्र के लिए मतदान करने के मूल्य पर जोर दे रहे हैं। जहां उच्च शिक्षा संस्थान वास्तविक कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे हैं, ऑनलाइन प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही हैं जिससे कि कंटेंट सृजन में रचनात्मकता को प्रोत्साहित किया जा सके। कार्यशालाएं, संगोष्ठियां, फ्लैश मौब्स तथा मतदाता संकल्प अभियान छात्रों को चुनावी प्रक्रिया की तरफ और अधिक आकर्षित कर रहे हैं तथा इन्हें इसके बारे में शिक्षित कर रहे हैं जिसमें एनएसएस स्वयंसेवक तथा संस्थान के क्लब सक्रिय रूप से अभियान में हिस्सा ले रहे हैं।

प्रधानमंत्री की अपील के जवाब में, इंस्टाग्राम, यू-ट्यूब और मनोरंजन उद्योग सहित विभिन्न प्लेटफार्मों के प्रभावशाली लोग सक्रिय रूप से इस अभियान का समर्थन कर रहे हैं और पहली बार मतदाता बने युवाओं को प्रेरित कर रहे हैं। देश के कोने-कोने से खेल, मनोरंजन, व्यापार और उद्योग जैसे क्षेत्रों में अपनी छाप छोड़ने वाले प्रमुख नाम इस संदेश को दूर-दूर तक फैलाने के लिए एक साथ आए हैं। इस अभियान में जसप्रीत बुमराह, रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद सिराज, अवनि लेखारा, सैखोम मीराबाई चानू जैसे मेरे साथी खिलाड़ी और अनिल कपूर, प्रोसेनजीत चटर्जी, रवीना टंडन, राणा डुग्गुबाती, कैलाश खेर, श्रेया घोषाल जैसी फिल्मी हस्तियां व रितेश अग्रवाल, बीवी आर मोहन रेड्डी जैसे उद्योग जगत के अगुआ और कई पद्म पुरस्कार विजेताओं ने भाग लिया है, जिससे यह अभियान मतदाता जागरूकता का एक 'राष्ट्रीय आंदोलन' बन गया है।

यह 'जन आंदोलन' युवाओं की आवाज की सामूहिक शक्ति और देश के लोकतांत्रिक परिदृश्य को आकार देने में उनकी सक्रिय भागीदारी के महत्व को रेखांकित करता है। आइए हम इस जिम्मेदारी को उठाने और अपनी सामूहिक आवाज की ताकत का उत्सव मनाने के लिए एकजुट हों।

आइए हम इस चुनौती को स्वीकार करें, आइए हम अपनी आवाज उठाएं और आइए हम दूसरों को भी ऐसा करने के लिए सशक्त बनाएं। एक एथलीट के रूप में, हम ट्रैक और फील्ड के चैंपियन हैं, लेकिन एक युवा के रूप में, हम 'परिवर्तन के वाहक' हैं। लोकतंत्र के खेल में, हर वोट का महत्व होता है और हर आवाज मायने रखती है।

**-( ये उनके निजी विचार हैं। यह आलेख पत्र सूचना कार्यालय ने जारी किया है।)**

नजरिया

# ऐसे ही कोई बहुत बड़ा और महामानव नहीं बन जाता!

जगत प्रकाश नड्डा ही क्या, शायद किसी ने भी ऐसी ईमानदार और श्रेष्ठ स्तर की कल्पना नहीं की होगी कि पांच साल बाद 2014 में केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की इतनी बड़ी और मजबूत भारत सरकार बनेगी। संपूर्ण भारत देश में 'भाजपा' इतने प्रभावी रूप में छा जाएगी। 2007 के विधानसभा चुनाव के बाद प्रेम कुमार धूमल के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत वाली हिमाचल प्रदेश सरकार बनी थी। जेपी नड्डा इस सरकार में एक बहुत ही महत्वपूर्ण तथा प्रभावशाली कैबिनेट मंत्री थे।



मुमुक्षु के ठाकुर
ओबड़ी, चंबा

दशकों पुराने साथी और प्रिय मित्र नितिन गडकरी ने भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनते ही (2009 में), जैसे ही नड्डा को संगठन में साथ व सहयोग के लिए निमंत्रित किया, तो लगभग एक-दो दिन में ही कैबिनेट मंत्री पद से त्याग पत्र देकर जेपी नड्डा भाजपा के राष्ट्रीय कार्यालय नई दिल्ली पहुंच गए और संगठन / पार्टी के सेवा और विस्तार के लिए बहुत ही बड़ी जिम्मेदारी राष्ट्रीय महासचिव के रूप में संभाल ली। वैसे तो नड्डा ने संगठन की सेवा और विस्तार में आजीवन हजारों-हजार सफल प्रयास किए हैं और ये भी उन श्रेष्ठ व महान कार्यों में से एक था। सभी जानते ही हैं 2009 से 2014 तक केंद्र में और बहुत सारे राज्यों में कांग्रेस पार्टी और 'यूपीए' गठबंधन का राज्यों में बोलबाला था। अगर चाहते तो नड्डा जी हिमाचल में तीन और वर्षों तक कैबिनेट मंत्री के रूप में खूब सत्ता-सुख का आनंद ले सकते थे। भाजपा के राष्ट्रीय कार्यालय में अक्तूबर, नवंबर 2010 में पहली बार जेपी नड्डा से मिलने का बड़ा सौभाग्य मुझे प्राप्त हुआ था। बहुत ही विनम्र, मृदुभाषी, मिलनसार, वात्सल्य व स्नेह से परिपूर्ण नड्डा के साथ 5-7 मिनट की छोटी सी मुलाकात हमेशा के लिए बहुत बड़ी और मधुर स्मृतियों में बदल गई।

कहते हैं, जो स्वयं भीतर से ही महान होता है, व्यक्तित्व बाहर भी / बाहरी संसार में महान, महामानव बनता है। राजनीति के क्षेत्र में विशिष्ट सफलता प्राप्त करनी हो तो सभी राजनीतिक दलों के सदस्यों और नेताओं को ये सब भी सीख लेना अनिवार्य है। अब तो जगत प्रकाश नड्डा विश्व के सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी बन गए हैं। हम किसी भी राजनीतिक दल के सदस्य या समर्थक हों, साथ ही जेपी नड्डा के विषय में इन समय में तो अवश्य ही समस्त हिमाचल के लोगों को सादर, संयम , सम्मान सहित गर्व और अभिमान जरूर ही होना चाहिए।

**-( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## कविता — अटकाव

***ताबीज*** *तब ही काम आते हैं, जब बोलने की तमीज हो।*
*वक्त तब ही काम आता है, जब वक्त की कदर की हो।*
*अजीज तब ही काम आते हैं, जब उनसे तहबीज हो।*
*भक्ति तब ही काम आती है जब उसमें शक्ति जगाई हो।*
*अपने तब ही काम आते हैं जब उनसे अपनापन रखा हो।*
*इंसान तब ही काम आते हैं, जब उनमें इंसानियत बची हो।*
*दिल्लगी तब ही काम आती है, जब दिलदार अपना हो।*



डॉ. राजीव डोगरा
(युवा कवि व लेखक)
गांव जनयानकड़
कांगड़ा, हि.प्र.

# सड़क हादसे और उनसे होने वाली मौतों को कम करने का '4 ई फार्मूला'

एक ओर दुनिया के देशों में सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मौत के आंकड़ों में कमी आने लगी है। वहीं, लाख प्रयासों के बावजूद हमारे देश में सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों के आंकड़ों में लगातार बढ़ोतरी ही हो रही है। हालांकि, सरकार इसके लिए गंभीर है और नित नए प्रयास व कदम उठाए जा रहे हैं, पर परिणाम अभी तक उत्साहजनक नहीं मिल पा रहे हैं। पिछले दिनों देश में चार ई कंसेप्ट पर चर्चा भी आरंभ हुई है, पर उसका परिणाम अभी भविष्य के गर्भ में छुपा हुआ है। वैश्विक आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो 2010 से 2021 के दौरान सड़क दुर्घटनाओं के कारण मौत के आंकड़ों में 5 प्रतिशत की कमी आई है।



लेखक : डॉ. राजेंद्र प्रसाद शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

ठीक इसके विपरीत हमारे देश में दुर्घटनाओं के कारण मौत का आंकड़ा कम होने का नाम ही नहीं ले रहा है। देश में प्रति घंटा 53 दुर्घटनाएं और 19 मौतें हो रही हैं। सबसे चिंतनीय तो यह है कि 60 प्रतिशत मौतें 18 से 35 वर्ष के लोगों की हो रही हैं। 2022 के आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो देश में चार लाख 50 हजार दुर्घटनाएं हुईं और इन दुर्घटनाओं के कारण एक लाख 68 हजार लोग मौत के मुंह में समा गए। आंकड़ों के अनुसार दुर्घटनाओं में 12 प्रतिशत और मौतों में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही। इस सबसे जीडीपी में 3.14 प्रतिशत का नुकसान हो रहा है। सड़क दुर्घटनाओं से मौत वास्तव में गंभीर है और नितिन गडकरी की चिंता देश की चिंता है। दुर्घटना के कारण जन हानि, धन हानि और इसके साथ ही अन्य परिणामों की गंभीरता को आसानी से समझा जा सकता है। देश में सबसे अधिक दुर्घटनाओं का कारण इस तरह के एक्सिडेंट स्पॉट ही हैं। एक बड़ा कारण सड़कों में गड्ढों की भरमार भी मौत का कारण बन जाती है। खतरनाक मोड़ व अन्य तकनीकी खामियों के चलते दुर्घटनाएं होने से लोगों को जान से हाथ धोना पड़ जाता है। दुर्घटना के समय तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होना अतिआवश्यक होता है। समय पर चिकित्सा सुविधा मिलने से दुर्घटना के कारण कम से कम जिंदगी तो बचाया जा सकता है।

हालांकि दुर्घटनाओं और इनके कारण होने वाली मौत को लेकर दुनिया के अधिकांश देश चिंतित हैं और इस दिशा में लगातार प्रयास जारी हैं। तस्वीर का दूसरा पक्ष और भी अधिक गंभीर है। सड़क दुर्घटनाओं के कारण दुनिया के देशों में होने वाली मौतों का विश्लेषण किया जाए तो 10 में से 9 मौत निम्न व मध्यम आय वाले देशों में हो रही हैं। यहां तक कि इन देशों में एक प्रतिशत के लगभग ही वाहन हैं। विशेषज्ञों को एक साथ कई मोर्चों पर प्रयास करने होंगे। सड़क निर्माण से लेकर एक नियत दूरी पर मेडिकल चिकित्सा सुविधा और अन्य सुविधाओं की ओर ध्यान देना होगा।

**-( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# बच्चों को चिड़चिड़ा बनाने में स्क्रीन लत का अहम योगदान

भारतीय समाज खासकर ग्रामीण प्रधान समाज है। आज भी भारत की लगभग 70 प्रतिशत आबादी ग्रामीण परिवेश में जीवन-यापन करती है, लेकिन जिस गति के साथ-साथ मोबाइल संचार क्रांति डिजिटिलाइजेशन की ओर उन्मुख हुई है, उतनी गति से ही स्मार्टफोन, एंड्रॉयड फोन के इस्तेमाल से हर कोई अछूता नहीं है। नेट की सस्ती दर व सुलभता हर कोई आसानी से आज के समय में प्राप्त कर रहा है। हरेक बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक अपना इस पर महत्वपूर्ण समय लगा रहे हैं।

अभिभावक आजकल स्मार्ट पेरेंटिंग व ग्रूमिंग में विश्वास रखते हैं। वह यदि किसी कार्य में संलग्न है या बच्चे रो रहे हैं, उन्हें चुप कराने के लिए तत्काल अपना मोबाइल फोन तुरंत उन्हे सौंप देने में अपनी इतिश्री मानते हैं। बच्चे खासकर जिनकी उम्र अभी कुछ सोचने विचारने की भी नहीं है, वे घंटों मोबाइल फोन स्क्रीन के ऊपर गेम खेलकर बार-बार उपर नीचे स्क्रॉल कर नजदीक से देखने लग जाते हैं। इस कारण जिन अभिभावकों ने बच्चों को खेलने के उद्देश्य से मोबाइल फोन दिया था, वे यह नहीं जानते कि तेज प्रकाशमान स्क्रीन का असर उन नौनिहालों की नन्हीं, कोमल आंखों में कितना प्रतिकूल असर डालेगा। हम अपने भारत देश जिसके पास आज पूरे विश्व में सबसे युवा आबादी वाले संसाधन हैं। क्या भविष्य में भी उसे बरकरार रख पाएंगे या फिर आंखों की बीमारी से ग्रस्त, मानसिक रोगी, चिड़चिड़ेपन जैसी गंभीर बीमारी के शिकार, धैर्यहीन, छोटी-छोटी विपरीत परिस्थितियों को झेल नहीं पाने की अपेक्षा मनोविकार से ग्रसित संसाधन विकसित करेंगे। इन नकारात्मक शैलियों के हम स्वयं जन्मदाता हैं। हाल ही के सर्वे इस बात के साक्षी हैं कि 3000 प्रतिभागियों में किए गए अध्ययन में 95 प्रतिशत भारतीय अभिभावकों ने मोबाइल फोन की स्क्रीन लत के बारे में अपने बच्चों के ऊपर गंभीर चिंता व्यक्त की है। इसके अलावा 80 प्रतिशत ने मोबाइल फोन में गेम खेलने की लत, साथ ही साथ इतनी कम उम्र में ही वयस्क अश्लील सामग्री के संपर्क के बारे में भी जानकारी की बात स्वीकार की है। जर्नल ऑफ विहेवियर एडिक्शन द्वारा प्रकाशित अध्ययन के अनुसार पूरे विश्व में 3 से 4 प्रतिशत गेम की आदत के प्रभाव के कारण बच्चों के मानसिक पटल पर पढ़ने-लिखने, स्मरण रखने, सोने की क्रिया के बदले स्वरूप, माता-पिता द्वारा हिंसक झपट का अवलोकन कर छोटी-छोटी बातों पर आक्रामकता प्रदर्शित करने वाले व्यवहार प्रकट हुए हैं।



लेखक : ठाकुर तारा
समाजशास्त्री, सुंदरनगर

हद तो तब हो गई, जब समस्त भारत में कोरोना महामारी फैल गई थी। उस समय ज्यादातर बच्चों के स्कूल बंद हो गए थे। विद्यालयों के मुख्याध्यापकों द्वारा अध्यापकों को ऑनलाइन शिक्षा माध्यम द्वारा बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के नए अवसर खोज निकाले। ऑनलाइन शिक्षा हर रोज घर बैठे होमवर्क देने, उसके प्रत्युत्तर घर से ही मोबाइल के माध्यम से वापस भेजने का क्रम जारी हुआ था। लगभग दो साल की इस अवधि तक मोबाइल फोन द्वारा शिक्षा ग्रहण के साथ-साथ समायोजित किया था। ज्यादातर बच्चे मोबाइल फोन पर स्क्रीन पर नजदीक से आंखें गढ़ाए शिक्षा मटेरियल का अवलोकन कर घंटों एकटक देखते रहते एवं इस क्रिया के बीच-बीच में ज्यादा देर तक मोबाइल फोन की भेजी गई सामग्री को फिर से बार-बार बदलकर जूम करने की प्रक्रिया ने आंखों की पुतलियों को और थकाकर उन्हें चिड़चिड़ा बना दिया। इस बीच भोपाल में किए गए एक सर्वेक्षण में पूरे देश के 3.47 लाख बच्चे इतनी कम उम्र में ही गंभीर आंखों के रोग जिसमें नजर कमजोर होने व साथ ही साथ पोर्न चलचित्रों के संपर्क में आकर प्रभावित हो गए। होम वर्क के उद्देश्य को लेकर बनाए गए व्हाट्सऐप ग्रुप में कुछ शरारती बच्चों द्वारा अश्लील सामग्री फैलाने के भी मामले परिलक्षित हुए। इससे ग्रुप के भीतर छोटी बच्चियां भी इस प्रकार की सामग्री देखकर व्यथित हुईं। इससे सीख लेकर छत्तीसगढ़ राज्य में छोटे नाबालिग बच्चों के समूह द्वारा एक छोटी नाबालिग बालिका को सामूहिक रूप से बलात्कार का शिकार बनाया गया। यह विडंबना ही है, जिनके कारण इतनी कम उम्र में ही ये बच्चे अश्लील आक्रामकता को प्राप्त हुए। इसी बात से सिद्ध होता है कि कितना मंद जहर हम अपने बच्चों को परोस रहे हैं। आजकल सोशल मीडिया में भी कहीं-कहीं अश्लील, नग्न वीडियो अचानक चल पड़ते हैं।

बालमन के ऊपर कौतूहल अवस्था में कितना विपरीत असर पड़ेगा, जिस उम्र में खेलने-कूदने कुछ नया ग्रहण करने की जिज्ञासा होती है। उस उम्र में हम खुद सामाजिक रूप से विकलांगता पैदा कर रहे हैं। बच्चे के शरीर का क्रमिक विकास उसे बाहर खेलकूद कराने से ही मजबूत शारीरिक दुरुस्ती को प्राप्त होता, परंतु हम अपने बच्चों को मोबाइल फोन देकर एक कमरे के भीतर बैठाकर, एक मजबूत शरीर बनाने की अपेक्षा कमजोर ढांचे के रूप में अवसादी प्रवृत्ति का बना रहे हैं। आज स्वस्थ मन, मजबूत शरीर, स्वस्थ आंखें बनाने का ध्येय मार्ग सिर्फ अपने नौनिहालों को मोबाइल की लत से दूर रखने का माता-पिता का प्रथम चारित्रिक कर्तव्य बनता है। उन्हें कभी भी यह नहीं भूलना चाहिए कि भविष्य का मजबूत भारत देश हमारे बच्चों के शारीरिक, मानसिक स्थिति और उनके बाहुबल के ऊपर निर्भर करेगा।

**-( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# हाटी आंदोलन में युवाओं की भूमिका

गिरिपार के केंद्रीय हाटी समुदाय की 55 वर्षों की मांग में हाटियों के युवाओं का विशेष योगदान है। युवाओं ने इस आंदोलन को सकारात्मक तरीके से लड़ा है। केंद्रीय हाटी समिति ने हाटी आंदोलन के कई योद्धाओं के योगदान को भी याद किया है। इन योद्धाओं ने पक्की नींव तैयार कर युवाओं ने आंदोलन की लो जलाई है। वर्ष 2015 में जब दसवीं कक्षा में पढ़ता था, तो तब से बुजुर्गों के मुख से हाटी शब्द सुना था, लेकिन तब समझ कुछ नहीं आया, फिर धीरे-धीरे उनसे इसके बारे में पूछने की कोशिश की तो उन्होंने बताया कि उत्तराखंड के जौनसार बावर और हमारे क्षेत्र का बहुत पहले से खानपान, वेशभूषा और संस्कृति एक जैसी ही है, लेकिन उनको उनका अधिकार मिल गया है और हमारा संघर्ष अभी भी चल ही रहा है।

उन्होंने यह भी बताया कि इस हाटी समुदाय में केवल एक ही जाति नहीं, बल्कि सभी जातियों के फायदे के लिए यह संघर्ष चला हुआ है और असलियत में हाटी शब्द की उत्पत्ति हाट से हुई है। हाटी समुदाय के लोग पहले अपना अनाज लेकर विकासनगर जाते थे और उसे बेचकर अपने लिए घर की जरूरी चीजें खरीदकर लाते थे। उन्होंने बताया कि सड़कों और यातयात की सुविधा न होने के कारण उस अनाज को हमारे बुजुर्ग पैदल चलकर अपने पीठ में ढोकर विकासनगर ले जाते थे और वहां से समान खरीद कर फिर एक-दो दिन के बाद वापस आते थे। रास्ते में खाने के लिए पहले ही घर से रोटी और गुड़ ले जाया करते थे, ताकि भरपेट खाना भी खा सकें। इसके बाद समझ बढ़ने लगी और जब-जब भी केंद्रीय हाटी समिति की बैठक होती थी या फिर हाटी समुदाय का कोई भी कार्यक्रम होता था तो उसमें शामिल हुआ करता था ताकि हमें अपने अधिकार मिल सकें।

जब भी समय मिलता था, तो इस जानकारी को अपने सभी युवा साथियों के साथ बताया करते थे। हाटी का युवा प्रतिपल केंद्रीय हाटी समिति के लिए साथ खड़ा रहा ताकि हमें हमारा हक मिल सके, चाहे कहीं पर भी हाटी समिति की बैठक हो या किसी रैली का आयोजन हो या किसी बड़े कार्यक्रम का आयोजन हो, युवा हमेशा वहां पर व्यवस्था में



लेखक : हिमांशु ठाकुर
गांव टिंबी, सिरमौर

लगा रहता था और आयोजन को सफल बनाने में अपना विशेष योगदान देने में पीछे नहीं हटता था। केंद्रीय हाटी समुदाय की यह मांग 2017 तक खामोशी में रही।

इसी वर्ष नई सरकार का गठन हुआ और यह प्रकरण जयराम ठाकुर तत्कालीन मुख्यमंत्री के समक्ष शिलाई विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक बलदेव तोमर की ओर से केंद्रीय हाटी समिति के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में उठाया गया। वर्ष 2017 में सत्ता परिवर्तन के तहत भारतीय जनता पार्टी की सरकार सत्तासीन हुई और जयराम ठाकुर मुख्यमंत्री बने। केंद्रीय हाटी समिति द्वारा तदोपरांत खुमलियों के माध्यम से जन जागरण अभियान चलाया तथा जिला सिरमौर के इस गिरिपार क्षेत्र के सभी नेताओं से आग्रह किया कि वे क्षेत्र को जनजाति घोषित करने में अपना योगदान दें। इसमें सभी राजनीतिक दलों के नेताओं ने जनता को आश्वस्त कर साथ देने का भरोसा दिलाया, परंतु ठीक चुनाव के वक्त कांग्रेस पार्टी के सभी राजनेता विमुख हो गए और उन्होंने समाज में जाति विभाजन कर संघर्ष खड़ा कर दिया।

उल्लेखनीय है कि जब-जब कांग्रेस सत्ता में आई, उनके द्वारा जनजातीय मुद्दे को कोई अहमियत नहीं दी गई, क्योंकि आज तक इस मुद्दे को प्रमुखता से शांता कुमार, प्रेम कुमार धूमल, महेश्वर सिंह धनीराम शांडिल आदि राजनेताओं ने अलग-अलग प्लेटफार्म पर उठाया, बेशक ये लोग सिरमौर की पृष्ठभूमि से नहीं आते थे, जबकि सिरमौर के राजनेता इस प्रकरण को उठाने में विफल रहे। इस समय शिलाई के पूर्व विधायक बलदेव तोमर ने हाटी समिति को आश्वस्त किया कि वे राजनीति छोड़ देंगे, लेकिन इस कार्य को पूर्ण करेंगे। तदोपरांत मुख्यमंत्री के प्रयास से गृहमंत्री अमित शाह से 25 बार इस प्रकरण पर बात की गई जिसके परिणाम स्वरूप 13 अप्रैल 2022 को रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया ने यह प्रकरण बतौर हाटी जनजाति पंजीकृत करवाया। इसी परिपेक्ष में क्रमवार 14 सितंबर 2022 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा पारित किया गया, तत्पश्चात 16 दिसंबर 22 को लोकसभा तथा 26 जुलाई 2023 को राज्यसभा से पारित किया गया। इस पर राष्ट्रपति भारत सरकार द्वारा 4 अगस्त 2023 को अपनी सहमति दी गई। हाटी समिति पांवटा साहिब नरेंद्र मोदी, अमित शाह, अर्जुन मुंडा, जयराम ठाकुर व बलदेव तोमर का आभार प्रकट करती है।

**-( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें।**
***editoranantgyaan@gmail.com***

## अपनी बात

**देवभूमि** हिमाचल नशे के लिए विख्यात हो गई है। प्रदेश में हर रोज जगह-जगह भांग, चरस और खासकर चिट्टे की खेप पकड़ी जा रही है। नशा कारोबारियों ने अपनी जड़ें इतनी गहरी कर ली हैं कि वे पकड़ में तो आ जाते हैं, लेकिन इन लोगों ने पैसा इतना बना लिया होता है कि कानून को भी जेब में रखते हैं और थोड़े दिनों बाद जेल की हवा खाकर दोबारा अपना नेटवर्क बना लेते हैं। चिट्टे का नशा हमारी नौजवान पीढ़ी को खोखला कर रहा है। पूरा प्रदेश नशे का अड्डा बनता चला जा रहा है। नशे का जाल लगभग पूरे प्रदेश में बिछ चुका है, जिसके चलते अपराधियों की धरपकड़ करने के लिए पुलिस की सिरदर्दी और बढ़ गई है। हालांकि पुलिस नशा कारोबारियों पर शिकंजा कसने के लिए लगातार अभियान चलाती रहती है और जगह-जगह जाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में भी बताती रहती है, बावजूद इसके युवाओं में नशे की प्रवृत्ति थमने का नाम ही नहीं ले रही है। पुलिस नशा तस्करों की चेन को तोड़ने के लिए बेशक मास्टर प्लान बनाती रहे, लेकिन जब तक लोगों खासकर युवाओं में चेतना नहीं आएगी, तब तक किसी भी योजना को अमलीजामा नहीं पहनाया जा सकता है।

**-मुनीश ( गगल )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### मुगला में शनिदेव की महिमा का गुणगान

**चंबा।** हरदासपुरा वार्ड के शनिदेव मंदिर मुगला में शनिवार को सैकड़ों भक्तों ने शनिदेव के समक्ष शीश नवाया और शनि महिमा का गुणगान किया। इस अवसर पर मंदिर पुजारी अमित शर्मा ने भक्तों को शनि महिमा से अवगत करवाया। मंदिर में शनिदेव के दर्शन को आए भक्तों को पुजारी अमित शर्मा ने कहा कि जो व्यक्ति शनिदेव के प्रति आस्था व्यक्त करने सहित उनके दिए मार्गदर्शन का अनुसरण करता है वह सदा ही सुख प्राप्त करता है। उन्होंने समस्त भक्तों से आह्वान किया कि शनिदेव की शिक्षाओं का अनुसरण कर अपने जीवन का उद्धार करे। इस मौके पर मुख्यालय सहित हरदासपुरा, मुगला, करियां, भडियां, सुल्तानपुर, ओबड़ी, सरोल व परेल आदि क्षेत्रों से भक्तों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

### प्रेरणा संस्था ने शुरू की बस्ती की पाठशाला




**चंबा।** प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था की ओर से एक नई पाठशाला का शुभारंभ किया गया। इसका नाम बस्ती की पाठशाला रखा गया। इसकी शुरुआत के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आईपीएस शिवानी मेहला, एसडीएम चंबा अरुण कुमार विशेष रूप से मौजूद रहे। पहले दिन प्रोफेसर नितिन व्यास व दीक्षा मेहरा के सहयोग से बच्चो को कॉपी, पेंसिल, शार्पनर, इरेजर, ब्रश, पेस्ट, साबुन, शैंपू , बिस्कुट, चिप्स आदि दिए गए साथ ही आयुष विभाग से डॉक्टर राजिंद्र ठाकुर ने बच्चों को स्वस्थ्य संबंधित जानकारी दी।

### बनीखेत में महिलाओं को बताए अधिकार



ग्राम पंचायत बनीखेत में शिविर के दौरान मौजूद ग्रामीण व अन्य।

**डलहौजी।** ग्राम पंचायत बनीखेत में शनिवार को विधिक सेवाएं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण विशाल कौंडल ने की। इस आयोजन में ग्राम पंचायत बनीखेत पुखरी ढलोग बगढार जुयुंता एवं आसपास के पंचायत के प्रतिनिधियों,आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं हेल्थ वर्करों एवं ग्राम वासियों ने भाग लिया। इस दौरान मोनिका बिग अधिवक्ता ने औरतों के अधिकार, उत्पीड़न, मानसिक व शारीरिक रूप से शोषण का शिकार होने की स्थिति में किस तरह कानूनी सहायता का लाभ उठाया जा सकता है। तत्पश्चात अतिरिक्त मुख्य दंडाधिकारी व सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण विशाल कौंडल ने शिविर में घरेलू हिंसा जैसे अधिनियमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंबा के सचिव विशाल कौंडल ने कहा कि प्राधिकरण के माध्यम से निशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त करने का प्रावधान है। यदि किसी भी व्यक्ति को कानूनी सहायता अथवा परामर्श की आवश्यकता हो तो वह निसंकोच होकर दूरभाष नंबर 01899-226309 पर भी संपर्क कर सकता है। इस आयोजन में ग्राम पंचायत बनीखेत के प्रधान अरुण राणा ने भी अपने संबोधन में महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में बताया।

# 631 मतदान केंद्रों में होगी वोटिंग

## बचत भवन में बोले जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल, 401168 मतदाता करेंगे मतदान

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, चंबा**

लोकसभा चुनाव -2024 को लेकर बचत भवन में उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंबा मुकेश रेपसवाल ने प्रेस वार्ता की। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव घोषित होने के साथ ही प्रदेश सहित ज़िला चंबा में भी तुरंत प्रभाव से आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है।

उन्होंने कहा कि सभी सरकारी परिसरों में स्थापित राजनीतिक संदेश अथवा राजनीतिक दलों के होर्डिंग्स 24 घंटे की समय सीमा के भीतर हटाए जाएंगे। जबकि सार्वजनिक संपत्ति में लगे होर्डिंग्स को हटाने की निर्धारित समय सीमा 48 घंटे है। इसके अतिरिक्त निजी संपत्ति में लगे होर्डिंग्स के लिए 72 घंटे की समय सीमा निर्धारित है। उन्होंने कहा कि कोई भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार निजी संपत्ति मालिक की अनुमति के बिना उसकी व्यक्तिगत संपत्ति का उपयोग बैनर लगाने, स्लोगन लिखने के लिए नहीं कर सकता है। पांच जनवरी 2024 की तिथि के आधार पर जिला चंबा में कुल 401168 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें 203401 पुरुष और 197765 महिला मतदाताओं सहित 2 थर्ड जेंडर मतदाता पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि 18-19 वर्ष आयु वर्ग के भावी मतदाता जो पहली बार मतदान करेंगे उनकी संख्या 9398 है जबकि सेवा मतदाताओं की संख्या 3388 है। जिला में पीडब्ल्यूडी मतदाताओं की संख्या 3796 तथा 85 वर्ष से अधिक की आयु के 7808 वृद्धजन मतदाता हैं। जिला में कुल 631 मतदान केंद्रों में से 28 शहरी तथा 593 ग्रामीण क्षेत्रों में हैं जिनमें से 611 सामान्य और 20 क्रिटिकल श्रेणी के मतदान केंद्र हैं। उन्होंने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया के लिए 16 सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा 63 सेक्टर ऑफिसर तैनात किए गए हैं। इसी तरह 631 बूथ लेवल अधिकारी तथा 57 बूथ लेवल सुपरवाइजर भी तैनात किए गए हैं। उन्होंने बताया कि मतदान प्रक्रिया के सुचारू बनाने को लेकर 2604 पीठासीन अधिकारी, सहायक पीठासीन अधिकारी तथा मतदान अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। जिला में आदर्श मतदान केंद्रों की संख्या आठ, पीडब्ल्यूडी कर्मियों द्वारा संचालित किए जाने वाले मतदान केंद्रों की संख्या तीन तथा महिला मतदान केंद्रों की संख्या 10 है। उपायुक्त ने कहा कि निष्पक्ष चुनाव स्वस्थ लोकतंत्र का आधार है उन्होंने जिला वासियों से अपील की कि वे लोकतंत्र के महाकुंभ लोकसभा चुनाव 2024 में ज्यादा से ज्यादा भागीदार बनें तथा अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी राहुल चौहान, सहायक आयुक्त पीपी सिंह, तहसीलदार निर्वाचन अनूप डोगरा, नायब तहसीलदार संजय शांडिल उपस्थित रहे।



पत्रकार वार्ता करते डीसी मुकेश रेपसवाल व अन्य।

### सुरक्षा के विशेष प्रबंध

पुलिस अधीक्षक जिला चंबा अभिषेक यादव ने बताया कि लोस चुनाव में चंबा-कांगड़ा व मंडी संसदीय क्षेत्र में सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। जिसमें 550 पुलिस महिला व पुरुष जवान, 650 गृहरक्षक जवानों सहित 14 केंद्रीय सुरक्षा बलों दल तैनात रहेंगे। जबकि 20 संवेदनशील मतदान केंद्रों में अतिरिक्त पुलिस व केंद्रीय सुरक्षा बल के जवान तैनात रहेंगे।

### शॉर्ट सर्किट से लगी आग, 10 लाख का नुकसान

**गोहर।** उपमंडल गोहर के खारसी पंचायत के गांव थाची में शनिवार सुबह करीब 11 बजे आग लगने से लाखों का नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार यह घर तीन भाइयों का स्लेटनुमा दो मंजिला मकान था। जिस वक्त यह घटना घटी घर पर कोई नहीं था। इसमें अमर सिंह, धनिया राम, पिंकू राम पुत्र मस्त राम के तीन परिवारों का यह घर था। घर के बाहर आंगन में घर की महिला कपड़े धोने में व्यस्त थी। अचानक घर के अंदर से आग की लपटें निकलता देख महिला ने शोर मचाया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी। विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंच गए थे लेकिन तब तक ग्रामीणों ने भारी मशक्कत से आग पर काबू पा लिया था। घटनास्थल पर प्रशासन की ओर से गोहर पुलिस, पटवारी व खारसी पंचायत प्रधान द्रोमति मौके पर मौजूद थी। प्रशासन ने प्रभावित परिवारों को तुरंत फौरी राहत प्रदान कर दी गई है।

# सरू में बताया मां का महत्व

## डाइट में पहली शिक्षक मां कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सरू में समग्र शिक्षा हिमाचल प्रदेश व स्टार प्रोजेक्ट के तत्वावधान में पहली शिक्षक मां कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने शिरकत की। जबकि विशेष अतिथि के रूप में डिप्टी डीओ उमाकांत व प्रधानाचार्य वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चनेड़ संजीव कुमार उपस्थित रहे।

प्री प्राइमरी बच्चों की शिक्षा में मां का बहुत ज्यादा योगदान रहता है। मां अपने बच्चे के लिए सब कुछ होती है। वह अनपढ़ होकर भी बच्चे को सब सिखाती है। पहली शिक्षक मां कार्यक्रम को शुरू करने का मकसद ही यही है कि वे अपने बच्चे की शिक्षा में अपना योगदान देकर उनकी बुनियाद को पक्का करें। डीसी ने अपने जीवन में मां की भूमिका के योगदान की कहानी भी साझा की। जिला प्री प्राइमरी समन्वयक ओमकार वर्मा ने बताया कि इसके तहत हर चौथे शनिवार को माताओं के साथ मासिक बैठक का आयोजन करना, सप्ताह में दो बार माताओं को व्हाट्सऐप के माध्यम से बच्चों के साथ कुछ गतिविधि शेयर करना व तीसरे महीने प्रदेश की माताओं के साथ वेबिनार आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा नम्रता शर्मा ने उपस्थिति मुख्य अतिथि महोदय का सभी माताओं का बच्चों का व अध्यापकों का धन्यवाद किया कार्यक्रम में जिला के सभी शिक्षा खंड से प्री प्राइमरी के बच्चों की माताएं व कुछ स्कूलों के प्री प्राइमरी के बच्चों ने भाग लिया।



उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित करते हुए डिप्टी डीओ उमाकांत सहित डाइट संस्थान का स्टाफ।

### चौगान वार्ड में बंदरों का आतंक

**चंबा।** नगर परिषद के अधीन चौगान वार्ड में गत दिनों से बंदरों के उत्पात ने वार्ड वासियों की नाक में दम कर रखा है। वार्ड में स्थित ऐसा कोई ही घर नहीं बचा होगा जहां बंदरों ने उत्पात मचाकर नुकसान न किया हो। हालांकि लोगों ने कई बार संबंधित विभाग के अधिकारियों के समक्ष बंदरों से निजात दिलवाने की गुहार भी लगाई है, लेकिन इसके बावजूद लोगों को इस दिशा में कोई राहत नहीं मिल रही है। वार्डवासी प्रवेज, नदीम, विशाल, संजीव महाजन, विवेक, जॉन स्टीफन, रोशन लाल, अनूप, प्रेम चंद, अविनाश, मनोज, राजदीन, विनोद, संजय सिंह, राम लाल, सुदर्शन, भाग चंद, नितिन, गौरी, विकास, प्रकाश, सरोज, प्रवीण, मधु, सीमा, कृष्णा, कविता, ममता, रानी, दीक्षा, भावना व अंजलि आदि ने इस समस्या से निजात मांगी है ताकि उन्हें परेशानियों का सामना न करना पड़े।

# सभी दवाइयों का विवरण अपने पास रखें : डॉ . जालम



एकदिवसीय कार्यशाला के दौरान मौजूद दवाई विक्रेता व अन्य।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में टीबी कार्यक्रम के तहत दवाई विक्रेताओं के लिए एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर जालम सिंह भारद्वाज ने की जिसमें जिले के लगभग 40 दवाई विक्रेताओं ने भाग लिया। जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर हरित पुरी ने जिला को टीबी मुक्त बनाने के लिए दवाई विक्रेताओं के योगदान के महत्व को विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने बताया कि सभी दवाइयों का विवरण अपने पास रखें तथा इससे संबंधित किसी भी दवाई को मरीज को देते समय उनका संपूर्ण रिकॉर्ड अपने पास रखें। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निक्षय मित्र बनकर भी वे जरूरतमंद मरीज को पोषण किट देकर अपना योगदान दे सकते हैं। इस अवसर पर ड्रग इंस्पेक्टर लवली ठाकुर, दवाई विक्रेता संगठन के प्रधान प्रशांत पुरी, उपप्रधान साहिल इत्यादि उपस्थित रहे।

# हर क्षेत्र में आगे आएं महिलाएं

## होली में बोले बाल विकास परियोजना अधिकारी अमर सिंह

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

बाल विकास परियोजना भरमौर के होली में जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश कुमार व बाल विकास परियोजना अधिकारी अमर सिंह की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इसमें होली पंचायत की प्रधान पूजा देवी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। बाल विकास परियोजना अधिकारी अमर सिंह ने कहा कि महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे आना चाहिए। जबकि बेटी को भी बेटे के सामान अधिकार प्रदान किया जाना चाहिए। जिला समन्वयक मनोहर नाथ ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के बारे में लोगों को जागरूक किया। विनोद कुमार खंड समन्वयक पोषण अभियान ने संतुलित आहार के बारे तथा व्यग्तिगत स्वच्छता के बारे में जानकारी दी। कृषि विभाग से प्रसार अधिकारी विशाल राणा तथा डॉ. शिवम ने कृषि योजनाओं की जानकारी दी तथा कृषि में महिलाओं के योगदान के कई उदाहरण देकर उपस्थित महिलाओं को कृषि के क्षेत्र में भविष्य के बारे में विस्तार से बताया। आंगनबाडी कार्यकर्ताओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।



मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट करते जिला कार्यक्रम अधिकारी।

# प्राइमरी स्कूल कोठारी में नहीं पहुंचे शिक्षक, वापस लौटे बच्चे

**ओपी शर्मा, भरमौर**

विधानसभा क्षेत्र भरमौर के बडग्राम पंचायत के प्राइमरी स्कूल कोठारी में शनिवार को बच्चे बिना गुरुओं के ही स्कूल में आकर वापस लौट गए। इस स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे दोपहर बाद 12 बजे तक अध्यापक व दूसरा स्टाफ न आने की वजह से वापस लौट गए। इसकी भनक लगते ही स्थानीय लोग व स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ने स्कूल में ताला जड़ दिया।

वीडियो वायरल होते ही अध्यापक व दूसरा स्टाफ आनन-फानन में दोपहर बाद यहां पर पहुंच गया, लेकिन तब तक स्कूली बच्चे वापस घर जा चुके थे। हालांकि मामले को दबाने का काफी हद तक प्रयास किया गया। जानकारी के मुताबिक यहां पर मात्र मिड-डे मील वर्कर ही आई हुई थी।

स्कूल में अध्यापकों के न आने पर इसकी भनक लगते ही एसएमसी अध्यक्ष कंचन ठाकुर ने स्कूल में ताला लगा दिया। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि यहां पर ऐसा अक्सर होता आया है। इससे पहले भी इस क्षेत्र के स्कूलों में अध्यापकों के न पहुंचने की वीडियो भी सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो चुके हैं। बावजूद इसके विभाग व स्टाफ अभी तक भी इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं कर पाया है। स्थानीय लोगों व स्कूल प्रबंधन समिति ने किस तरह की स्टाफ की हरकत पर कड़ा ऐतराज जताया है। एसएमसी अध्यक्ष कंचन ठाकुर ने कहा है कि इस तरह की हरकतें स्टाफ द्वारा पहले भी की जा चुकी हैं। पहले भी कई बार स्कूल के छात्र अध्यापकों के न आने के कारण बिना पढ़ाई के ही घर वापस आ चुके हैं। (अनंत ज्ञान)



भरमौर के बडग्राम पंचायत का प्राइमरी स्कूल कोठारी।

# पीडब्ल्यूडी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

## भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य ने शुरू किया पोल खोल अभियान

**आरके रांगड़ा, चंबा**

चंबा मुख्यालय के मोहल्ला पक्काटाला में भूस्खलन स्थल से दो सौ परिवारों की जिदंगी को संरक्षण प्रदान करवाने के उद्देश्य से भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं अधिवक्ता जय सिंह ने राज्य सरकार व लोक निर्माण विभाग चंबा के विरूद्ध पोल खोल अभियान आरंभ किया है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग की इस दिशा में लापरवाही को लेकर पुलिस थाना चंबा में एफआईआर दर्ज करवाई है। वहीं इस दौरान उन्होंने भूस्खलन क्षेत्र पक्काटाला का दौरा कर पीड़ितों से बातचीत करने सहित हर पहलू को उजागर करने में भी कोई कसर शेष नहीं छोड़ी। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं अधिवक्ता जय सिंह ने पुलिस थाना प्रभारी के नाम सौंपे शिकायत पत्र से अवगत करवाते हुए बताया कि चौगान वार्ड के अधीन मोहल्ला पक्काटाला में लंबे अर्से से भूस्खलन हो रहा है। जिसके संरक्षण के लिए पूर्व सरकार के कार्यकाल में वर्ष 2023 में 3 करोड़ 23 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत हुई, लेकिन लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों और ठेकेदार की लापरवाही से राशि गत माह लैप्स हो गई है। जबकि मोहल्ला पक्का टाला में करीब 200 परिवार रहते हैं और वह परिवार डर के साए में जीने के लिए विवश हैं। हर समय उन लोगों का परिवार डरा और सहमा रहता है। उन्होंने कहा कि मोहल्ला पक्का टाला में जो सड़क बालू को जाती है वहां से प्रतिदिन सैकड़ों लोग गुजरते हैं और कई बार देखा गया है कि वहां पत्थर गिरने से कई लोगों को चोटें भी आई हैं। जिसके लिए लोक निर्माण विभाग जिम्मेदार है। इसके चलते लोक निर्माण विभाग चंबा के अधिशाषी अभियंता, सहायक अभियंता व कनिष्ठ अभियंता व ठेकेदार के खिलाफ पुलिस थाना चंबा में एफआईआर दर्ज करवाई है। जिसमें कानून से अपील की गई है कि इस दिशा उचित छानबीन सहित आरोपियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। इस मौके पर भाजपा चंबा के पदाधिकारियों व सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।




पुलिस थाना सदर में एफआईआर दर्ज करवाने के बाद भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं अधिवक्ता जय सिंह व अन्य।

### सूडोकु 0005 ★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 9 | | | |
| | 2 | | | 8 | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | | 9 | 4 |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 5 | 6 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 9 |
| | | | 2 | 5 | | | 8 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0004 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |

## अनंत ज्ञान — आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

17 मार्च, 2024, रविवार

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत :**1945 (शोभकृत), **मास :** चैत्र, **तिथि :** अष्टमी (09:55): **नक्षत्र :** मृगशिरा (04:48), **पक्ष :** शुक्ल, योग आयुष्मान (05:05) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:05-12:53), राहुकाल 05:00 - 06:31।

### विशेष दिन

- 17 मार्च 2024 से होलाष्टक होंगे शुरू। दादूदयाल जयंती आज।
- 18 मार्च 2024 को बरसाना होली।

**मेष :** समय का इंतजार करें। जल्दबाजी में गलत निर्णय परिणाम बदल सकते हैं। वाद-विवाद से क्लेश संभव है। शारीरिक पीड़ा रहेगी।

**वृषभः** दिन की शुरुआत शुभ संकल्पों से होगी। संतान की चिंता रहेगी। विवेक से कार्य करें, लाभ होगा। नौकरी में प्रयास सफल रहेंगे।

**मिथुनः** परिजनों से शुभ समाचार मिलेंगे। आत्मसम्मान में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में भागदौड़ रहेगी। माता के स्वास्थ्य की चिंता होगी।

**कर्क :** आज कल आप बहूत ज्यादा बोलने लग गए है। किस के सामने क्या बोलना है। कैसे बोलना है सीखें।

**सिंह :** अपने चतुर्य से अपने काम बनवा लेंगे। किसी व्यक्ति विशेष पर आकर्षित होंगे। शरीर कष्ट संभव है। फालतू खर्च होगा।

**कन्या :** अनचाही स्थिति का सामना करना पड़ेगा, जिस काम को जल्दी शुरू करना चाहते है उतना ही विलंब होगा।

**तुला :** आप की कार्यशैली में बदलाव जरूरी है। गृहस्थ सुख मिलेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नया वाहन सुख संभव है।

**वृश्चिकः** विदेश यात्रा सफल रहेगी। नेत्र संबंधित पीड़ा रह सकती है। राजकीय कोप को झेलना पड़ सकता है। धर्म में रुचि रहेगी।

**धनु :** संकुचित विचारधारा आपको पीछे धकेल रही है। मानसिकता बदलें। आज किसी अनजान की जमानत का कार्य न करें।

**मकर :** परिवार में विवाद न करें। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। राजकीय बाधा दूर होगी। जीवनसाथी की चिंता रहेगी।

**कुंभ :** उम्र के साथ सेहत कमजोर हो रही है आप व्यर्थ चिंता छोड़ें और सेहत पर ध्यान दें। संपत्ति के कार्य लाभ देंगे।

**मीन :** किसी भी कार्य को करने के लिए आत्मविश्वास होना चाहिए। हिम्मत से आगे बढ़े सफलता मिलेगी। घरेलू खर्च बढ़ेंगे।

**प्रयास** | जिले की धरोहरों में है अहम स्थान, कारीगरों की मेहनत भी लाई रंग

# चंबा चप्पल ने चंबा को विश्व स्तर पर दिलाई ख्याति

**एमएम डैनियल, चंबा**

एक वह भी समय था जब चंबा चप्पल बनाई के कार्य से जुड़े कामगार राज परिवार से लेकर दिहाड़ी लगने के दौर से गुजर कर दो जून जीविका कमाने पर विवश रहे, लेकिन चंबा चप्पल से जुड़े कामगारों ने आधुनिक युग में बुजुर्गों की अपनी इस विरासत को न केवल तलाशा बल्कि अपनी कारीगीरी का राष्ट्रीय से लेकर विश्व स्तर तक लोहा मनवाने में भी कोई कसर शेष नहीं छोड़ी। जिसकी बदौलत चंबा चप्पल जीआई टैग में शुमार होने सहित इससे जुड़े कामगार राष्ट्रीय पर ख्याति प्राप्त कर अपने हनुर व जिला चंबा का नाम रोशन कर रहे हैं। गौर हो कि जिला चंबा कशीदाकारी में प्रमुख स्थान रखता है। जिसमें चंबा चप्पल हस्तशिल्प भी रियासतकाल से अहम महत्व है। जिसका प्रमाण भूरी सिंह संग्रहालय में दीवारों पर राजा-महाराजाओं के मौजूद चित्रों में उनके पैरों में चंबा चप्पल साफ तौर शान बढ़ाती देखी जा सकती है। वर्तमान में चमड़े एवं अन्य सामग्री के बढ़ते दामों के चलते अब इसका अस्तित्व धीरे-धीरे समाप्त होने की ओर अग्रसर है, लेकिन इसके बावजूद नई पीढ़ी द्वारा इस लघु उद्योग से जुड़ कर अपनी इस पुश्तैनी कला को विश्व व राष्ट्रीय स्तर पहचान दिलवाने का कार्य किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)



### जीआई टैग के तहत रजिस्टर्ड

गत वर्षों पूर्व तत्कालीन मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने ऐतिहासिक चंबा चप्पल को पेटेंट करवाने की बात कही थी। जिस को लेकर इस व्यवसाय से जुड़े कारीगरों ने काफी खुशी का इजहार व्यक्त किया, लेकिन उनकी सत्ता विलय व निधन के पश्चात उनकी घोषणा बेशक तत्काल समय में पूर्ण नहीं हो सकी। इस घोषणा ने चंबा चप्पल से जुड़े युवा वर्ग को इसी व्यवसाय से आगे बढ़ने एवं विश्व विख्यात होने की उम्मीद की नई किरण दी। जिसे जुनून बनाते हुए युवाओं ने अंबेडकर मिशन सोसायटी चंबा का गठन किया। जिसमें बुजुर्ग और युवा वर्गों ने एकजुट होकर राज्य सरकार से चप्पल को भौगोलिक संकेतक (जीआई टैग) और पेटेंट करवाने का पत्राचार की मुहिम छेड़ दी। चंबा चप्पल अंबेडकर मिशन सोसायटी चंबा युवाओं के प्रयासों की बदौलत चंबा के जटिल कढ़ाई वाले चमड़े की चप्पल को भौगोलिक संकेतक (जीआई टैग) के तहत गत वर्ष रजिस्टर्ड किया गया है। इससे देश में कहीं और इसकी सस्ती नकल को रोकने में मदद मिलेगी। जीआई टैग प्राप्त करने की औपचारिकताएं हिमाचल प्रदेश सूचना केंद्र, हिमाचल प्रदेश विज्ञान, प्रौद्योगिकी और पर्यावरण परिषद और अंबेडकर मिशन सोसायटी चंबा द्वारा निमाताओं की ओर से संयुक्त रूप से की गई।

### साहिल वर्मन के ससुराल से आए थे कारीगर

रियासतकाल में चंबा नगर में चंबा चप्पल से तत्काल ही विख्यात जूते महिला-पुरुष दोनों वर्ग पहनते थे। जिसमें राजवशंज के लिए ये जूते विशेष जरी-घोटे की कशीदाकारी के यहां स्थानीय कारीगिरों द्वारा तैयार किए जाते थे। जिन्हें राजा महाराजा, रानी, महारानियां व अन्य परिवारिक सदस्य शान से पहनते थे। चंबा चप्पल और जूती को बनाने वाले कारीगर चंबा शासक साहिल वर्मन के दहेज में आए थे। चंबा चप्पल एक परंपरा है जो राजा साहिल वर्मन के समय की है। जब उनका विवाह नूरपुर की राजकुमारी से हुआ, तो चप्पल निमार्ता या मोची, दर्जी और कलाकार दहेज के रूप में रानी और राज्य की सेवा के लिए आए। चंबा चप्पल भौगोलिक संकेत मिलते है। राजा और रानी उनके हाथ से बनी जरी और रेशम की कढ़ाई वाली चप्पलें पहना करते थे।

## न्यूज ब्रीफ

### मंगलौर स्कूल में जांची 180 लोगों की आंखें



**अनंत ज्ञान, बंजार।** बंजार ब्लॉक में कार्यान्वित संस्था द हंस फाउंडेशन की ओर से शनिवार को प्राथमिक विद्यालय मंगलौर में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीब 180 लोगों की आंखों की जांच की गई। शिविर में द हंस फाउंडेशन के संपूर्ण स्टाफ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस शिविर के दौरान जनरल ओपीडी भी लगाई गई। इस दौरान एमएमयू के मेडिकल ऑफिसर ने लाभार्थियों की स्वास्थ्य जांच की। सभी गांववासियों ने द हंस फाउंडेशन के इस अभियान की सराहना की। द हंस फाउंडेशन द्वारा ऐसा ही एक और शिविर 17 मार्च को सैंज स्कूल में आयोजित किया जा रहा है।

### सैंज व आसपास आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, सैंज।** राज्य विद्युत परिषद उपमंडल लारजी के तहत रविवार को 11 केवी व 33 केवी विद्युत लाइन की मरम्मत एवं रखरखाव हेतु सैंज घाटी के दर्जनों गांवों में प्रातः 9 से सायं 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत उपमंडल लारजी के सहायक अभियंता मनमोहन चंदेल ने बताया कि 33 केवी सबस्टेशन के उचित रखरखाव एवं मरम्मत हेतु सैंज घाटी की ग्राम पंचायत रैला, शैंशर, देहूरीधार सुचैहन बनोगी में प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति ठप रहेगी। उन्होंने आम जनता एवं पंचायत प्रतिनिधियों से सहयोग की अपील की है।

### पैराग्लाइडिंग साइट में सिंगल काउंटर लागू : सुनैना

**कुल्लू।** जिला पर्यटन विकास अधिकारी कुल्लू सुनैना शर्मा ने कहा है कि 12 मार्च को कुल्लू जिला के डोभी पैराग्लाइडिंग साईट में तकनीकी समिति (एयरो स्पोर्ट्स) द्वारा संयुक्त निरीक्षण के उपरान्त पर्यटकों की सुरक्षा से संबंधित कुछ दिशा-निर्देश, संबंधित एसोसिएशन को दिए गए थे। सम्बंधित एसोसिएशन द्वारा इन दिशा-निर्देशों की अनुपालना करने के सम्बन्ध में लिखित में अपना जवाब दे दिया है। जिसके उपरांत विभाग द्वारा उन्हें पैराग्लाइडिंग गतिविधियां सुचारु रूप से चलाने की अनुमति प्रदान की गई है। इसके साथ ही साथ कुल्लू जिला में जितने भी पैराग्लाइडिंग साईट है, वहां पर सिंगल काउंटर लागू कर दिया गया है, जिसका समय- समय पर विभाग द्वारा चेकिंग की जाएगी।

### उझी घाटी के अरच्छड़ी में बिरशु मेला संपन्न

**पतलीकूहल।** जिला कुल्लू के मनाली स्थित अरछंडी स्थित माता काली ओडी की परिक्रमा करने के पश्चात व हरियानों एवं लोकल नृत्य करने के पश्चात ऊझी घाटी के अरच्छड़ी गांव में बिरशू मेला का समापन हुआ। इस मेले में मुख्य आकर्षण दीवान, पवन ठाकुर, नरेश व अंशुल शर्मा ने दर्शकों को स्थानीय व फिल्मी गीत गाकर समा बांधा। मेला कमेटी के प्रधान ओम प्रकाश ठाकुर ने मुख्य अतिथि जिला परिषद् सदस्य अरुणा अरुणा ठाकुर का फूल-मालाओं से स्वागत किया। उनके साथ बशिष्ट अथिति मनोहर लाल ठाकुर, स्थानीय ग्राम पंचायत उपप्रधान बागेश ठाकुर वार्ड सदस्य अमर नाथ, रंजीत ठाकुर, हेम राज, विजय व अनिल शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



# वीकेंड पर मनाली में उमड़ा पर्यटकों का सैलाब

**अनंत ज्ञान, मनाली**

देश के निचले भागों में पारा धीरे-धीरे चढ़ने लगा है और तापमान में बढ़ोतरी के कारण लोग अब पहाड़ी क्षेत्रों का रुख करने लगे हैं। पर्यटन नगरी मनाली में भी पर्यटकों की संख्या में धीरे-धीरे इजाफा होने लगा है। यहां वीकेंड पर पर्यटकों की खूब भीड़ जुट रही है। पर्यटक स्थल हामटा की ओर जाने वाले पर्यटक वाहनों की तादाद भी बढ़ने लगी है। वहीं, पर्यटन विभाग की वेबसाइट पर हामटा के लिए ऑनलाइन परमिशन का आंकड़ा भी बढ़ रहा है। हामटा में अभी तीन फुट से ज्यादा मोटी बर्फ की परत है।

वहीं, सोलंग वैली में भी पर्यटक बर्फ के खुले मैदानों और बर्फीली ढलानों में मस्ती का खूब आनंद ले रहे हैं। सोलंगनाला में वीकेंड पर पर्यटकों की काफी भीड़ जुट गई है। मनाली प्रशासन का कहना है कि अगर मौसम साफ रहा तो अगले सप्ताह तक लाहौल प्रशासन के साथ विचार-विमर्श के बाद अटल टनल रोहतांग भी पर्यटकों के लिए खोल दी जाएगी, जिससे पर्यटक टनल भ्रमण के साथ-साथ लाहौल-स्पीति की बर्फीली वादियों को निहार सकेंगे।

**सोलंगनाला में कर रहे मस्ती, सैलानियों के आने से पर्यटन कारोबार को लगे पंख**



पर्यटन नगरी मनाली के सोलंगनाला में बर्फ के बीच मस्ती करते हुए पर्यटक।

### 'पर्यटक वाहनों पर लगाए टैक्स की दरों में कटौती करे सरकार'

आने वाले समर सीजन को देखते हुए पर्यटन कारोबार से जुड़ी संस्था फेडरेशन ऑफ हिमाचल होटल एंड रेस्टोरेंट यूनियन ने भी मनाली में पर्यटन को बढ़ाने और सरकार द्वारा पर्यटन के क्षेत्र में अधिक ध्यान देने को लेकर बैठक की है। यूनियन के अध्यक्ष गजेंद्र ठाकुर ने बताया कि हिमाचल में पर्यटकों की संख्या को और ज्यादा बढ़ाने और प्रदेश के पर्यटक स्थलों को और ज्यादा प्रमोट करने की जरूरत है, जिसके लिए यूनियन सरकार के साथ मिलकर काम करेगी। उन्होंने कहा कि यूनियन की सरकार से मांग है कि पर्यटक वाहनों पर लगाए टैक्स की दरों में कटौती की जाए, ताकि ज्यादा से ज्यादा पर्यटक मनाली आ सकें और पर्यटन व्यवसाय के साथ सरकार के राजस्व में भी बढ़ोतरी हो सके।

# सीएचसी पतलीकूहल को मिली एंबुलेंस

## विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने किया शुभारंभ, 12 से अधिक पंचायतों के लोग होंगे लाभान्वित

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

अब पतलीकूहल की 12 से अधिक पंचायतों के लोगों को बीमारी व अन्य आपातकालीन स्थिति में एंबुलेंस सुविधा के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। शनिवार को विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतलीकूहल में एंबुलेंस सेवा का शुभारंभ कर दिया है।

केंद्र को विधायक निधि से एंबुलेंस भेंट करने के बाद चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों से बातचीत करते हुए विधायक ने कहा कि मनाली विधानसभा में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं नागरिकों को मिलें, इसके लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस अस्पताल को एक अत्याधुनिक एंबुलेंस प्रदान की गई है, ताकि मरीजों को और अधिक सुविधा मिल सके।

इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के निदेशक गोपाल बेरी, कुल्लू जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी नागराज, नग्गर खंड चिकित्सा अधिकारी डाक्टर रणजीत, स्वास्थ्य केंद्र पतलीकूहल प्रभारी डॉक्टर मोहित, एसडीएम मनाली रमन शर्मा, हालाण-2 पंचायत की प्रधान सीमा देवी, कांग्रेस प्रदेश सचिव देवेंद्र नेगी, जिला परिषद उपाध्यक्ष वीर सिंह ठाकुर, लक्ष्मण ठाकुर, राकेश ठाकुर, मनाली ब्लॉक मीडिया प्रभारी डिंपल नेगी, सुनील, रमेश कश्यप, मीनू उपाध्याय, मैना ठाकुर, कमल, डोला, चमन, हीरा लाल भंडारी आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ पतलीकूहल अस्पताल में एंबुलेंस सुविधा का शुभारंभ करते हुए, उनके साथ हैं अन्य लोग।

### मरीजों को बेहतर सेवाएं प्रदान कर रहा सीएचसी

भुवनेश्वर गौड़ ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतलीकूहल में हर तरह की स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है। अस्पताल का खूबसूरत भवन बनाया गया है और जिन भी जरूरी उपकरणों की जरूरत होगी, उपलब्ध करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतलीकूहल मरीजों को बेहतर सेवाएं प्रदान कर रहा है, जिसके लिए उन्होंने चिकित्सकों और पैरामेडिकल की सराहना की।

# किडनी रोग से पीड़ित रुखसाना का 'प्रयास संस्था' बनी सहारा

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

समाजसेवी प्रयास संस्था ने गरीब परिवार की मदद कर मानवता का फर्ज निभाया है। संस्था के सह सचिव जीवन प्रकाश ने बताया कि जिला मंडी के नगवाईं गांव के निजी वाहन चालक मुश्ताक की पत्नी पिछले तीन वर्ष से किडनी रोग से पीड़ित हैं। पहले दो वर्ष उनका इलाज कुल्लू में हुआ, लेकिन पिछले डेढ़ वर्ष से पीड़िता का पीजीआई चंडीगढ़ से इलाज चल रहा है। उनके इलाज पर परिवार का सारा पैसा खर्च हो चुका है और हर माह दवाई और डायलसिस पर भी काफी खर्च आ रहा है।

वहीं, जब यह मामला औट की प्रयास संस्था के सदस्य सरदार विनोद सिंह चावला के संज्ञान में आया तो उन्होंने मुश्ताक की पत्नी रुखसाना के इलाज के लिए कुछ सहायता प्रदान करने का आग्रह किया। संस्था ने मामला उचित पाकर शनिवार को 5000 रुपए की राशि का चेक संस्था के सह सचिव जीवन प्रकाश द्वारा मुश्ताक को पत्नी रुखसाना के इलाज के लिए प्रदान किया। गौर रहे कि प्रयास संस्था अपने सदस्यों के नियमित सहयोग से समाज के हर वर्ग के साथ उनकी मुश्किल की घड़ी में कुछ साथ देने का हर समय पर्यत्न करती रहती है।



**उपचार के लिए 5000 रुपए की सहायता प्रदान कर निभाई मानवता**

# सफाई अभियान शुरू कर सोनम वांगचुक का समर्थन करेगी वाईडीए गरशा संस्था

**कुल्लू के पवित्र तीर्थ स्थल बिजली महादेव में की जाएगी साफ-सफाई**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

लेह लद्दाख के मशहूर समाजसेवी एवं पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक को समर्थन देने के लिए वाईडीऐ गरशा संस्था बिजली महादेव परिसर और आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई करेगी। संस्था के अध्यक्ष सुशील और प्रेस सचिव कुंगा बोध ने बताया कि सोनम वांगचुक इन दिनों लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा, छठी अनुसूची में शामिल करने समेत अन्य मांगों को लेकर लेह में 21 दिनों की क्लाइमेट फास्ट भूख हड़ताल पर बैठे हैं।

उन्होंने बताया कि उनकी 11वीं इको पदयात्रा लद्दाख और सोनम वांगचुक के समर्थन और पर्यावरण संरक्षण को समर्पित है। 17 मार्च को जहां देश के विभिन्न शहरों में सोनम वांगचुक के समर्थक उनके समर्थन में 1 दिन का अनशन कर रहे हैं, वहीं वाईडीऐ गरशा संस्था उनके समर्थन में कुल्लू के पवित्र तीर्थ स्थल बिजली महादेव में सफाई अभियान चलाएगी। उन्होंने बताया कि सोनम वांगचुक पूरी विश्व को पर्यावरण के लिए जागरूक करने के साथ कई ऐसे काम कर चुके हैं, जिन्हें सभी ने सराहा है। उनकी इस मुहिम को सफल बनाने के लिए सभी को आगे आना चाहिए।

वाइडीऐ गरशा संस्था सुबह धारठ गांव से ईको पदयात्रा कर बिजली महादेव पहुंचेगी और पूरे रास्ते में सफाई कर कूड़ा एकत्रित करती अएगी। मंदिर प्रांगण में सभी सहयोगियों के लिए भोजन की व्यवस्था भी होगी। बता दें कि संस्था हर वर्ष फरवरी या मार्च में सैकड़ों बोरी कूड़ा इकट्ठा कर पवित्र धार्मिक स्थल बिजली महादेव की सफाई कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती है। भविष्य में भी पर्यावरण और मानवता के कार्यों के लिए वाईडीऐ गरशा कुल्लू और लाहौल में निरंतर कार्य करती रहेगी।



लद्दाख के पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक मांगों को लेकर अनशन पर बैठे हुए।

**मांगों को लेकर 21 दिन की भूख हड़ताल पर बैठे हैं पर्यावरणविद् वांगचुक**

# लोकसभा चुनाव में पंचायत प्रकोष्ठ निभाएगा अहम भूमिका : ओम प्रकाश

**अनंत ज्ञान, सैंज**

आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रदेश भाजपा सक्रिय हो गई है। प्रदेश भर में तमाम संगठनात्मक जिलों में हर मोर्चा व प्रकोष्ठ में तैनाती की जा रही है, ताकि लोकसभा चुनाव में फ्रंटल संगठन की फौज हर मुश्किल का डटकर सामना कर सके। शनिवार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के दिशा-निर्देश के अनुसार कुल्लू जिला पंचायतीराज प्रकोष्ठ के संयोजक ओम प्रकाश ठाकुर ने कुल्लू जिला में चारों मंडलों के संयोजकों की नियुक्ति कर दी है तथा हर मंडल से कार्यकारी सदस्य भी तैनात कर दिए गए हैं।

बंजार मंडल से कुबेर सिंह को संयोजक और डोला सिंह तथा प्रेम सिंह भारती को सह संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है, जबकि कुल्लू मंडल से देवेंद्र शर्मा संयोजक, सेसराम व श्यामलाल को सह संयोजक नियुक्त किया गया है। वहीं, आनी मंडल में दिलीप सिंह ठाकुर को संयोजक, जबकि बिंदराम शर्मा और प्रमोद ठाकुर को सह संयोजक तैनात किया गया है। उधर, मनाली मंडल से शिवराम संयोजक और किशोर कुमार व मोहन लाल को सहसंयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

कुल्लू जिला भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ के संयोजक ओम प्रकाश ठाकुर ने बताया कि कार्यकारिणी सदस्यों में बंजार से हरि सिंह ठाकुर व दीपक चौहान, आनी मंडल से देवेंद्र सिंह व बलवीर ठाकुर, जबकि कुल्लू मंडल से यादवेंद्र सिंह और राजेंद्र कुमार, वहीं, मनाली मंडल से पुष्पा देवी व तेजा सिंह को जिला कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।

विभिन्न मंडलों में संयोजक व सह संयोजकों की नियुक्ति की घोषणा के बाद ओम प्रकाश ठाकुर ने कहा कि लोकसभा चुनाव में पंचायती राज प्रकोष्ठ अहम भूमिका निभाएगा। कुल्लू जिला के तमाम विधानसभा क्षेत्रों में ग्रामीण स्तर पर पंचायती राज प्रकोष्ठ आम जनता से रू-ब-रू होकर केंद्र सरकार की उपलब्धियों व विशेषताओं के तहत जागरुकता अभियान चलाएगा।

# पारदर्शी चुनाव करवाने के लिए चुनाव व्यय टीमों को दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लोकसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर विधानसभा क्षेत्र-21 (अनुसूचित जनजाति) लाहौल-स्पीति को लेकर केलांग में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। एक दिवसीय शिविर में काजा से वर्चुअल माध्यम से सहायक रिटर्निंग अधिकारी हर्ष अमरेंद्र नेगी व नोडल अधिकारी भी जुड़े रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त राहुल कुमार ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि चुनाव कार्य में चुनावी खर्च निगरानी को लेकर गठित टीमें, कार्यरत अधिकारी व कर्मचारी अपने कार्य को बेहतर ढंग व सतर्कता से पूरा करें, ताकि चुनाव में खर्च होनी वाली राशि में पारदर्शिता बनी रहे। उपायुक्त ने कहा कि चुनावी कार्यों के चलते अधिकारी संतुलित दृष्टिकोण को अपनाते हुए कार्य करें, ताकि आम जनता को किसी भी प्रकार की कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। वहीं, सहायक रिटर्निंग अधिकारी रजनीश शर्मा ने प्रशिक्षण के दौरान चुनावी व्यय को लेकर महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं और निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप हर एक पहलू पर प्रशिक्षण प्रदान किया।

वहीं, फ्लाइंग स्क्वाड, स्टैटिसटिक्स सर्विलांस टीम, वीडियो व्यू टीम, वीडियो सर्विलेंस टीम, अकाउंटिंग टीम, असिस्टेंट एक्सपेंडिचर ऑब्जवर्स एमसीएमसी व एमसीसी टीमों को भी विभिन्न प्रावधानों व नियमों के बारे में जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण के दौरान सहायक आयुक्त संकल्प गौतम, इलेक्शन तहसीलदार पवन कुमार ने भी चुनावी खर्च व अन्य विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सेक्टर ऑफिसर सहित निर्वाचन कानूनगो, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक व नोडल अधिकारी मौजूद रहे।



एकदिवसीय प्रशिक्षण की अध्यक्षता करते उपायुक्त राहुल कुमार।

**गठन** व्यापार मंडल कुल्लू के अध्यक्ष मदन लाल की अध्यक्षता में वार्ड समितियों का गठन

# विपुल पराशर बने वार्ड पांच के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

व्यापार मंडल कुल्लू के अध्यक्ष मदन लाल सूद की अध्यक्षता में शनिवार को कुल्लू नगर के वार्ड 4, 5, 6 व 7 के सभी दुकानदारों एवं व्यवसायियों की बैठक आयोजित की गई। रामा सामुदायिक भवन लोअर ढालपुर में आयोजित इस बैठक में वार्ड समितियों का गठन किया गया। इसमें वार्ड नंबर 5 से अध्यक्ष विपुल पराशर, उपाध्यक्ष बुशेहरी लाल, महासचिव आदित्य चौधरी, सचिव मुरारी लाल, वार्ड नंबर 6 से अध्यक्ष विनय सूद, उपाध्यक्ष अजय प्रताप, महासचिव सुनील दत्त, सचिव शाहबुद्दीन, कोषाध्यक्ष कुनाल शर्मा तथा वार्ड नंबर 7 से यश शर्मा को अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

इस बैठक में व्यापार मंडल के मुख्य संरक्षक दिनेश सेन ने सभा को संबोधित करते हुए व्यापार मंडल के उद्देश्यों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आगामी समय में कुल्लू शहर के शेष बचे हुए 8, 9, 10 व 11 वार्डों की उपसमितियों का गठन भी शीघ्र कर दिया जाएगा। वहीं, अध्यक्ष मदन लाल सूद द्वारा कुल्लू शहर के सभी व्यवसायियों से आग्रह किया गया कि वे सभी 200 रुपए का शुल्क जमा करवाकर व्यापार मंडल की सदस्यता ग्रहण कर संगठन को मजबूत करने में अपना सहयोग दें, ताकि व्यापारियों को आने वाली समस्याओं का समाधान एकजुट होकर किया जा सके।

रामा सामुदायिक भवन लोअर ढालपुर में आयोजित बैठक में मुख्य संरक्षक दिनेश सेन व संरक्षक रितेश काइस्था सहित अध्यक्ष मदन लाल सूद, उपाध्यक्ष इंद्र चावला व जगदीश बंगा, महासचिव सुबोध कुमार तथा कोषाध्यक्ष गोपाल चौधरी उपस्थित रहे।

**वार्ड नंबर 6 से विनय सूद और वार्ड 7 से यश शर्मा को चुना गया अध्यक्ष**



बैठक में मौजूद व्यापार मंडल कुल्लू के पदाधिकारी व अन्य सदस्य।

### भाषण में अंशिका शर्मा ने मारी बाजी

**आनी।** शनिवार को विकास खंड आनी के महाविद्यालय आनी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन नेहरू युवा केंद्र कुल्लू के सौजन्य से आयोजित किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की भूमिका महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नरेंद्र पॉल ने निभाई।

उनके साथ महाविद्यालय की उपप्राचार्य डॉ संगीता नेगी ,आनी विधानसभा क्षेत्र के स्वीप नोडल अधिकारी लेफ्टिनेंट अशोक शर्मा , प्रो. पुष्पा गुलेरिया, सुपरिंटेंडेंट रंजीत ठाकुर, कार्यकम आयोजक संजय छोटू , तेजवीर सिंह, विशेष रूप से उपस्थित रहे। लेफ्टिनेंट अशोक शर्मा ने कहा की हम सभी को मतदान दिवस के अवसर पर सभी आसपास के लोगों को मतदान का महत्व बताना चाहिए।

इस अवसर पर भाषण एवं नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें भाषण प्रतियोगिता में अंशिका शर्मा ने प्रथम, स्मृति ने द्वितीय, दिव्यांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नारा लेखन में प्रथम पूनम, सलीम ने द्वितीय करुणा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# कुल्लू अस्पताल में गैलरी में लगे बेडों पर हो रहा मरीजों का उपचार

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

चार जिलों के मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाने का दावा करने वाले क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में इन दिनों मरीजों को उपचार गैलरी में हो रहा है।आलम यह है कि 360 बिस्तर वाले क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के मेडिकल वार्ड में मरीजों की संख्या बढ़ जाने के कारण मरीजों को मजबूरन गैलरी में अतिरिक्त बिस्तर लगाकर उपचार करवाना पड़ रहा है।

अस्पताल के मेडिकल वार्ड में हालांकि एचडीयू सहित मेडिकल एवं स्पेशल वार्ड, महिला व परुष मेडिकल वार्ड के अलावा जनरल वार्ड भी शामिल है, जबकि गंभीर मरीजों के लिए सीसीयू सेंटर भी स्थापित किया गया है। लेकिन इन दिनों यहां मरीजों की संख्या बढ़ जाने के कारण अस्पताल प्रबंधन को गैलरी में चारपाई पर भी उपचार करवाना पड़ रहा है। हालांकि अस्पताल में कुल 360 बिस्तर की व्यवस्था है जिनमें से 100 बिस्तर मातृ एवं शिशु अस्पताल भवन में हैं। अस्पताल में रोजाना मरीजों की संख्या बढ़ने के कारण सारे बिस्तर भर रहे हैं जिसके चलते शाम या रात के समय आने वाले मरीजों को किराए के बिस्तर लेकर गैलरी में उपचार करवाना पड़ रहा है। क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में रोजाना 700 से 800 मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ने के कारण मेडिकल वार्ड सहित कई अन्य वार्ड छोटे पड़ने लगे हैं।

अस्पताल के मेडिकल वार्ड के एचडीयू यूनिट सहित पुरुष मेडिकल वार्ड व महिला वार्ड में कुल 80 बिस्तर हैं। जनरल वार्ड में भी करीब 12 मरीजों के लिए बिस्तर लगे हैं, उसके बावजूद गैलरी में बिस्तर लगे हुए हैं। (अनंत ज्ञान)



क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के मेडिकल वार्ड की गैलरी में लगे बेड पर उपचाराधीन मरीज।

> क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में 360 बिस्तर की व्यवस्था हैं जिनमें से 100 मातृ एवं शिशु रोग अस्पताल भवन में हैं। कई बार अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ जाती है, इस कारण बिस्तर कम पड़ जाते हैं, जिसके चलते अतिरिक्त बिस्तर लगाने पड़ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग मरीजों की सेहत का पूरा ध्यान रखने के लिए लगातार प्रयासरत है।
>
> **--डॉ. नरेश, चिकित्सा अधीक्षक क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू।**

## न्यूज ब्रीफ

### विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस का किया आयोजन

**बिलासपुर ।** बिलासपुर के विकासखंड सदर व घुमारवीं में विश्व उपभोक्त ा अधिकार दिवस मनाया गया, जिसमें लगभग 200 से अधिक उपभोक्ताओं ने भाग लिया। ब्रिजेन्द सिंह, जिला नियंत्रक द्वारा अवगत करवाया गया। उहोंने मौजूद उपभोक्ताओं को इस संबंध में अन्य सह.सम्बन्धियों व उपभोक्ताओं को भी जागरूक करने का आग्रह किया गय ताकि उपभोक्ता अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हों व किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी का शिकार न हो सकें ।

### सैनी गैस एजेंसी ने लगाया जागरूकता शिविर

**घुमारवीं ।** ग्राम पंचायत स्योहला में सैनी गैस एजेंसी की ओर से एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान पंचायत के गैस कनेक्शन धारकों की मौके पर ही ईकेवाईसी की गई। शिविर में 105 उपभोक्ताओं की ई.केवाईसी और मोबाइल नंबर लिंक किया गया। एजेंसी के प्रबंधक टीसी सैनी ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों और अन्य गैस कनेक्शन धारकों को 31 मार्च तक अपने गैस कनेक्शन की ई.केवाईसी करवाना जरूरी है। इस शिविर में 105 उपभोक्ताओं की ई.केवाईसी और मोबाइल नंबर आधार से लिंक किया गया।

### राखिल आज करेंगे नलवाड़ी मेले का शुभारंभ

**बिलासपुर।** राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेला बिलासपुर मंडलायुक्त मंडी मंडल राखिल काहलों द्वारा शुभारंभ किया जाएगा। सुबह 11 बजे नगर के लक्ष्मी नारायण मंदिर में नंदी बैल के पूजन के उपरांत शोभा यात्रा के साथ लूहणू ग्राऊंड में खूंटा गाड़ने का पारंपरिक समारोह किया जा रहा है। इस आयोजन में उपमंडल अधिकारी सदर बिलासपुर अभिषेक कुमार गर्ग ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला प्रशासन इस मेले को सफल बनाने हेतू पूर्ण रूप से तैयार है तथा लोगों के मनोरंजन हेतू कई प्रकार के झूलें, दुकान, डोम, इत्यादि व्यापारियों के माध्यम से स्थापित करवाया जा रहा है, जिसका लोग भरपूर लुत्फ उठाएगें।

### जेबकतरे ने जेब से निकाले 41 हजार

**झंडूता।** कलोल में आयोजित सीएम की जनसभा में जेबकतरे काफी सक्रिय रहे। एक तरफ जहां सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू जनसभा को संबोधित कर रहे थे तो वहीं भरी जनसभा के बीच में एक व्यक्ति की जेब से चोर ने 41 हजार रुपए की नकदी निकाल ली। व्यक्ति कलोल क्षेत्र का रहने वाला है और उनकी पहचान मुश्ताक मोहम्मद के नाम से हुई है। व्यक्ति का कहना है कि वह जनसभा के बीच में युथ कांग्रेस के साथ नीचे भूमि पर बैठे हुए थे और वह स्वयं यूथ कांग्रेस के साथ कार्यरत है। उन्होंने कहा कि वह पैसा बैंक से निकालकर लाए थे और किसी दुकानदार को यह पैसे देने थे, परंतु उनकी जेब से जेबकतरों ने सारे पैसे चुरा लिया। खबर लिखे जाने तक व्यक्ति पुलिस के पास शिकायत लेकर जा रहे थे।

# बिलासपुर को 445 करोड़ की सौगात

- सीएम ने गोबिंदसागर जलाशय पर 64 करोड़ से निर्मित लंबे पुल का लोकार्पण
- पुल से श्री नैना देवी जी और झंडूता के लोगों को मिलेगी सुविधा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शनिवार को जिला बिलासपुर के एक दिवसीय दौरे के दौरान झंडूता, श्री नैना देवी जी, घुमारवीं और सदर बिलासपुर विधानसभा क्षेत्रों में 445 करोड़ रुपए की 37 विकास परियोजनाओं की सौगात दी।

मुख्यमंत्री ने पंजपीरी–कुटैहला–बगछाल संपर्क मार्ग पर गोबिंद सागर जलाशय पर 64 करोड़ रुपए से निर्मित 330 मीटर लंबे पुल का लोकार्पण किया।

इस पुल से श्री नैना देवी जी और झंडूता विधानसभा क्षेत्रों के लोगों को आवागमन की सुविधा उपलब्ध होगी और घुमारवीं क्षेत्र के लोगों सहित झंडूता विधानसभा क्षेत्र के लोगों को बिलासपुर और कीरतपुर तक सुगमता से पहुंचने की सुविधा उपलब्ध होगी।

सुक्खू ने 3.79 करोड़ रुपए के कलोल पॉलटेक्निक कॉलेज के भवन, उप–तहसील कलोल के 1.21 करोड़ रुपए से निर्मित भवन को जनता को समर्पित किया। उन्होंने ऋषिकेश में 1.41 करोड़ रुपए से निर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बरठी में 1.18 करोड़ रुपए से निर्मित कृषि विज्ञान केंद्र के भवन और जल शक्ति के अनुभाग गैहड़वीं के अंतर्गत कारवीं नाले की 18.33 करोड़ रुपए विभिन्न जल आपूर्ति योजनाओं के संवर्द्धन कार्यों का लोकार्पण किया।



विकास कार्यों का शिलान्यास करते हुए मुख्यमंत्री साथ हैं अन्य।

### इन कार्यों के किए शिलान्यास

- श्री नैना देवी जी विधानसभा में 3.82 करोड़ से स्वारघाट-श्री नैनादेवी-खरकड़ी सड़क।
- 30.06 करोड़ से गलवा से ग्वालथाई सड़क का कार्य।
- 13.92 करोड़ से बैहल से स्वाहन वाया लखाला सड़क।
- 6.96 करोड़ से बनेर-जगतखाना।
- 7.07 करोड़ रुपए से टोबा ग्वालथाई से धरोट सड़क।
- 5.61 करोड़ से ढली से बंदला मियां सड़क
- 9.46 करोड़ से धार टटोह-दरोबड़-सरयांघाटी सड़क।
- 8.34 करोड़ से हरनोड़ा से बोहट कसोल सड़क।
- 7.27 करोड़ कुठेड़ा से बाड़ी ब्राहम्णा सड़क ।



उद्घाटन करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व अन्य।

### इन कार्यों की रखी आधारशिला

- 5.87 करोड़ से बुहड़ से मलहोट सड़क।
- 5.42 करोड़ से ढोलग-चकनाड़ से गाह सड़क।
- 25.70 करोड़ से बरोहा से कोहिना सड़क।
- 14.34 करोड़ से जड्डू-बड़गांव-गलू सड़क।
- 6.29 करोड़ मरोतन से धानी सड़क।
- 6.69 करोड़ भल्लू से बलघाड़ सड़क।
- 57.88 करोड़ से बगछाल से तलाई वाया कलोल सड़क।
- तहसील झंडूता में 1.44 करोड़ रुपए से उठाऊ सिंचाई योजना।
- 1.98 करोड़ से उठाऊ सिंचाई योजना टिहरी-बकैण-रीरहोड़ का कार्य।
- घुमारवी में 6.98 करोड़ रुपए से निर्मित होने वाली तरघेल से लदरौर सड़क।
- 7.52 करोड़ से गाहर से खेत सड़क।
- 4.77 करोड़ से सुम्बरी से भजराल निचली सड़क।
- 9.21 करोड़ से राहिया-अमरपुर-घुमारवीं सुनहाणी से तुंगड़ी सड़क।
- हटवाड़ में 5 करोड़ से निर्मित होने वाले राजीव गांधी राजकीय मॉडल डे-बोर्डिंग स्कूल।
- 9.91 करोड़ से ढिंगू से सुकड़ी सड़क।
- घुमारवीं में दो करोड़ से कौशल विकास केंद्र।
- बम में 3.92 करोड़ से 33 के.वी.ए. के सब-स्टेशन।
- घुमारवीं में 64.84 करोड़ से 132 के.वी.ए. के सब-स्टेशन ।

### इन कार्यों के हुए लोकार्पण

- घुमारवीं में 5.71 करोड़ रुपए से निर्मित डिप्टी डिस्ट्रिक अटॉर्नी, एसिस्टेंट जनरल अटॉर्नी, पब्लिक प्रासिक्यूटर के कार्यालय।
- गतोल से नेरी नरोल सड़क पर 1.64 करोड़ रुपए से निर्मित पुल।
- 9.84 करोड़ से लदरौर-जाहू सड़क वाया हटवाड़ का कार्य।
- 3.59 करोड़ से मोहरा-सुनाली-सुक्कर खड्ड पर निर्मित सड़क।
- 5.70 करोड़ से घुमारवीं से टिक्कर-सिलह वाया मरहोल-रोपड़ी।
- 2.52 करोड़ से निर्मित मेहरण-नैन-जलौण-पंगवारा-तलाई-कोलीबस्ती-टकरेहड़ा-सलून मंडल खिल सड़क का लोकार्पण भी किया।

## झूठी गारंटी वाला फॉर्म वापस लो : महेंद्र



**घुमारवीं।** भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश ने कांग्रेस पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कहा कि चुनाव आचार संहिता लग चुकी है और जो झूठी गारंटी पूरा करने वाला झूठा फॉर्म पूरे हिमाचल प्रदेश में घूम रहा है जिसके माध्यम से कांग्रेस नेताओ के दावे से महिलाओं को 1500 रुपय प्रति महीने मिलने जा रहे हैं उसके ऊपर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू एवं पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का चित्र लगा हुआ है।

इस योजना का नाम भी सरकार द्वारा स्वीकृत कर दिया गया है जो की इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना है।

इस फॉर्म को कांग्रेस पार्टी को तुरंत प्रभाव से वापस लेना होगा नहीं तो भाजपा आंदोलन करेगी यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी ने कही।

कांग्रेस पार्टी हिमाचल प्रदेश की 22 लाख महिलाओं को निरंतर धोखा देने का प्रयास कर रही है और अब यह प्रयास चलने नहीं वाला है।

जो फॉर्म कांग्रेस पार्टी ने छपवाए है वह सरकारी फॉर्म है और सरकारी फार्म पर पूर्व प्रधानमंत्री और वर्तमान मुख्यमंत्री का चित्र लगना ठीक नही है।

## बड़सर थाने में युवक के परिजनों ने किया हंगामा

**बिझड़ी।** 33 वर्षीय युवक द्वारा सब जेल के बाथरूम में फंदा लगा कर आत्महत्या करने के बाद उसके परिजनों के साथ ग्रामीणों ने बड़सर थाने में जमकर हंगामा किया। हंगामे के दौरान नेशनल हाई–वे को भी बाधित करने की कोशिश की गई, हालांकि पुलिस की सूझबूझ से उन्हें शांत करवाकर वहां से भेज दिया गया। जेल में आत्महत्या करने की खबर जैसे ही परिजनों को लगी तो वे अचानक से बड़सर थाने में पहुंचकर इंसाफ की मांग करते हुए हंगामा करने लगे। डीएसपी बड़सर सचिन हीरामठ हंगामा कर रहे परिजनों को शांत करवाकर भेज दिया गया।



बड़सर में माहौल तनावपूर्ण सब जेल में कैदी की आत्महत्या पर परिवार जन एवं ग्रामीण नेशनल हाई–वे जाम करने की कोशिश करते हुए।

## सीएम ने आनन–फानन में किया बागछाल पुल का शुभारंभ : रणधीर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।**

प्रदेश भाजपा के मीडिया संयोजक व श्री नयनादेवी जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक रणधीर शर्मा ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जिस तरह से आज आनन फानन में बागछाल पुल का उद्घाटन किया है, उसका भाजपा निंदा करती है।

पहले ही अवगत था कि चुनाव आयोग की ओर से आचार संहिता लगेगी। लेकिन इसके बावजूद भी मुख्यमंत्री ने यह उदघाटन और शिलान्यास किए हैं। जिससे जिला की जनता को गुमराह करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि झंडूता विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जिन 19 सड़कों का भूमि पूजन किया गया है, वह सभी सडकें प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक योजना के तहत स्वीकृत हुई थी। इन सडकों के लिए 85 करोड़ रुपए की राशि केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत की गई थी, लेकिन शनिवार को इन सड़कों का मुख्यमंत्री भूमि पूजन करके श्रेय अपने आप को लेने का प्रयास किया है। इन 19 सड़कों में श्री नयनादेवी विधानसभा क्षेत्र की मुख्य सड़कें शामिल हैं।

इन सड़कों का भूमि पूजन भी कलोल में ही कर दिया गया, जिसकी विधायक रणधीर शर्मा ने कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि जहां पर यह सडकें थी तो वहां पर ही इन सड़कों भूमि पूजना किया जाना चाहिए था।

## मेंटरिंग और मॉनिटरिंग कार्यशाला शुरू

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी**

जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट जुखाला में समग्र शिक्षा के तहत पूर्व प्राथमिक कक्षाओं की मेंटरिंग और मॉनिटरिंग कार्यशाला का शुभारंभ किया गया।

यह कार्यशाला 19 मार्च तक चलेगी। कार्यशाला में छह खंडों के 40 केंद्रीय मुख्य शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस कार्यशाला में भाषा, बौद्धिक, सृजनात्मक, सामाजिक और शारीरिक विकास पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा पूर्व प्राथमिक कक्षाओं की मेंटरिंग और मॉनिटरिंग किस प्रकार की जाए, इस पर केंद्रीय मुख्य शिक्षकों के साथ विस्तार पूर्वक चर्चा करके योजना का निर्माण किया जाएगा। इस कार्यशाला के लिए प्रथम संस्था की तरफ से भी सहयोग दिया जा रहा है। कार्यशाला का शुभारंभ कुलदीप चंद ने किया।

कार्यशाला में मुख्य वक्ता के तौर पर राजकीय केंद्र मुख्य पाठशाला दबट के केंद्रीय मुख्य शिक्षक विनोद कुमार, राजकीय केंद्र मुख्य पाठशाला दलहेत के केंद्रीय मुख्य शिक्षक रोशन लाल, राजकीय केंद्र प्राथमिक पाठशाला के अध्यापक दीपचंद पूर्व प्राथमिक कक्षाओं के विभिन्न विषयों पर चर्चा करेंगे।

## भाजपा शराब की नीलामी में करती थी करोड़ों का घोटाला : सीएम सुक्खू

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू जिला बिलासपुर के एकदिवसीय दौरे पर पहुंचे जहां उन्होंने उन्होंने घुमारवीं और झंडूता में करोड़ों रुपए के विकास कार्यों के उद्घाटन व शिलान्यास किए। वहीं घुमारवीं और झंडूता में आयोजित जनसभा कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री सुक्खू ने पूर्व भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा।

सीएम सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश में पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल के दौरान शराब के ठेकों की नीलामी में हर साल 450 करोड़ का घोटाला होने का आरोप लगाया है। शराब ठेकों की नालामी में बीते चार सालों में 10 प्रतिशत के हिसाब से रिन्यू होते थे और इससे 160 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ जबकि वर्तमान सरकार ने शराब के ठेके की नीलामी में 600 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त किया और इसके साथ ही कई अन्य राजस्व कानूनों में बदलाव के बाद बजट प्रस्तुति के दौरान प्रदेश सरकार के पास 2200 करोड़ रुपए का राजस्व था।

इसके साथ ही सीएम सुक्खू ने कांग्रेस के बागी विधायकों पर भी जमकर निशाना साधते हुए 20 दिनों से प्रदेश से बाहर रहने की बात कही है। वहीं सीएम ने घुमारवीं और झंडूता में आयोजित जनसभा में लोकसभा चुनाव के दौरान जनता से कांग्रेस उम्मीदवारों पक्ष में वोट करने की अपील की है।

## परिक्षा में कशिश ने हासिल की पोजिशन



छात्रा को सम्मानित करते हुए अध्यापक।

**घुमारवीं ।** वर्ष 2024 के लिए राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा 25 जनवरी 2024 को देशभर के विभिन्न केन्द्रों पर आयोजित सैनिक स्कूल सुजानपुर द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा 13 मार्च को घोषित किया गया। इस परीक्षा में होली हार्ट पब्लिक विद्यालय घुमारवीं की छात्रा कशिश ने इस परीक्षा को अच्छे अंकों से उत्तीर्ण किया।

## वयस्क बीसीजी टीकाकरण का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला बिलासपुर के श्री नयना देवी जी स्वास्थ्य खंड के अंतर्गत शनिवार को वयस्क बीसीजी टीकाकरण का शुभारंभ प्राइमरी हेल्थ सेंटर सलोआ में ब्लाक मेडिकल ऑफिसर डॉ. सुरिंद्र सिंह बाबा द्वारा किया गया। डॉ. एस.एस बाबा ने बताया कि यह कार्यक्रम पूरे देश में लॉन्च किया गया है, जिसके तहत जो प्रदेश चुना गया है, उसमें सबसे पहले जिला बिलासपुर चुना गया है। शनिवार को इस कार्यक्रम की शुरुआत जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रवीण चैधरी के दिशा–निर्देशों के अनुसार की गई है और जितने भी लाभार्थी यहां पर पहुंचे हैं। इन लोगों का हमने रजिस्ट्रेशन टीवी बिन एप पर किया है और वैक्सीनेशन शुरू किया है और जिन लोगों को यह एडल्ट बीसीजी वैक्सीनेशन लगाया जाएगा।



एडल्ट बीसीजी टीकाकरण के शुभारंभ के मौके मौजूद लोग।

उन लोगों को यहां पर आधा घंटा बिठाया जाता है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के द्वारा इन लोगों के ऊपर तीन साल तक निगरानी रखी जाएगी।

## नशे के खिलाफ बच्चों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला के संजौली स्थित मोनाल पब्लिक स्कूल में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के सभी स्टूडेंट्स ने भाग लिया। नगर निगम शिमला के 34 वार्डों में यह अभियान चलाया जा रहा है। 10–18 वर्ष के किशोरों को किशोरावस्था में नशे की लत से बचनें हेतु विशेष ट्रेनिंग दी जानी है, साथ ही साथ स्कूल अध्यपकों, अभिभावकों को भी नशे की बीमारी के बारे में जागरूक किया जाना है। सीपीएलआई योजना के एरिया को–ऑर्डिनेटर दीपक सुंदरियाल ने कि किस तरह हमारी पहली सिगरेट का कश हमें चिट्टे जैसे खरतनाक नशे के चंगुल में फंसा देता है।

कार्यक्रम में बोलते हुए संस्था की ट्रेनर कम सुपरवाइजर शनीलम चौहान व वीरेंद्र कुमार ने जानकारी दी कि सभी स्कूलों में इस तरह के कार्यक्रम होने निश्चित है। आगामी दिनों में शिमला नगर निगम के अंतर्गत आने वाले सभी स्कूलों में इस तरह के शिविर लगाए जाएंगे।

## केंद्र की नीतियों के विरोध में निकाला जुलूस

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर में कांग्रेस समर्थकों ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ मशाल जुलूस निकाला। इस अवसर पर वक्ताओं ने केंद्र सरकार पर हिमाचल सरकार को अस्थिर करने का आरोप लगाया। इस अवसर पर सुजानपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार की दमनकारी नीतियों के बदौलत प्रदेश




केंद्र की नीतियों के विरोध में जुलूस निकालते हुए कांग्रेसी।

तथा देश की जनता ऊब चुकी है तथा उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस नीत गठबंधन को मौका देने का मूड बना लिया है।

उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार वोटो के बल पर सरकार हिमाचल प्रदेश में तो नहीं बन पाई, लेकिन अब नोटों के बल पर सरकार बनाने की कोशिश कर रही है।

## मंदल व बैजनाथ में शराब जब्त

**अनंत ज्ञान, गगल/बैजनाथ**

पुलिस थाना गग्गल के तहत मंदल में गगनेश कुमार निवासी वार्ड नंबर एक मंदल तहसील धर्मशाला की दुकान से 36 बोतलें अंग्रेजी शराब बरामद की है। इस संदर्भ में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम में पुलिस थाना गगल में मामला दर्ज किया गया है।

उधर, जिला के पुलिस थाना बैजनाथ के तहत झिकली भेठ खांपा घर मोनिस्ट्री के पास विजय कुमार निवासी झिकली भेठ तहसील बैजनाथ की दुकान से 6,000 मिलिलीटर देसी शराब बरामद की है। पुलिस थाना बैजनाथ ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### रास्ता रोक की मारपीट

**कांगड़ा।** पुलिस थाना कांगड़ा के तहत सुमना देवी निवासी रिहाला डाकघर ठकुरद्वारा जिला कांगड़ा (हि.प्र.) ने दर्शना देवी निवासी रिहाला का रास्ता रोककर इसके साथ गाली गलौच व मारपीट की। इस संदर्भ में भारतीय दंड संहिता की धारा 341, 323, 324, 504 पुलिस थाना किया गया है।

**संस्कृति**

### अब नलवाड़ी में पहले वाली बात नहीं, मात्र औपचारिकताएं पूरी करता है मेला

# बिलासपुर के बुजुर्ग बोले–मेले को आधुनिकता खा गई

**शुभम राही, बिलासपुर**

एक समय था जब नलवाड़ी मेला लोगों से कम बल्कि पशुओं से ज्यादा भरा हुआ होता था, क्योंकि नलवाड़ी का अर्थ पशुओं का क्रय–विक्रय होना, लेकिन अब एक समय ऐसा भी आ गया है कि यह नलवाड़ी मेला नाममात्र अपनी औपचारिकताएं पूरी कर रहा है। नलवाड़ी के अर्थ को पूरा करने में कोई भी सफल नहीं हो रहा है।

बिलासपुर के बुद्धिजीवी व पुराने लोगों की मानें तो उनका कहना है कि नलवाड़ी मेले को आधुनिकता खा गई है, क्योंकि पशुओं की खरीददारी के लिए बनाया गया यह नलवाड़ी मेला अब सिर्फ आधुनिकता के सामान की खरीददारी के लिए बनकर रह गया है। करीब 134 वर्ष पूरे कर चुके नलवाड़ी मेले का स्वरूप अब बदल गया है।

गोबिंदसागर झील में डूबे सांडू के मैदान में आयोजित होने वाले मेले ने नए शहर बिलासपुर के लुहणू मैदान तक का लंबा सफर तय किया है।



नलवाड़ी का आकर्षण आम जनता के लिए तब भी था और आज भी है। 60 के दशक में नलवाड़ी मेला सांडू मैदान में राजा के आदेशों के मुताबिक चलता था। रोपड़, नालागढ़ और बिलासपुर के ग्रामीण क्षेत्रों से बैलों की मंडी नलवाड़ी मेले में लगती थी।

बताया तो यह भी जाता है कि पुराने शहर से हर परिवार की महिलाएं बैलों को आटे के पेड़े खिलाती थी। पहले भी नलवाड़ी मेले में छिंज मुख्य आकर्षण थी। करीब 49 वर्षों से इस मेले को लुहणू मैदान में आयोजित किया जाता है। नलवाड़ी मेले में पहले भी रात्रि कार्यक्रम आयोजित किए जाते थे। हालांकि मेलों में लोग नाममात्र की गाय, भैंस और कुछ बैल लेकर पहुंचते हैं। वह भी कारोबार को न होकर यहां आयोजित होने वाली पशु प्रतियोगिताओं में भाग लेने पहुंचते हैं। जिस कारण अब यह मेला रस्मों को अदा करने तक ही रह गया है। हालांकि सरकारी अमले का मेले को सफल बनाने का काफी प्रयास रहता है। वहीं मेले के पतन के लिए आधुनिकता की चकाचौंध को भी काफी हद तक जिम्मेदार माना जा रहा है, क्योंकि जब से ट्रैक्टर से खेती का प्रचलन बढ़ा तब से लेकर अब धीरे–धीरे बैलों का महत्व खत्म होता जा रहा है।

### 1985 में पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर ने शुरू की थी शोभायात्रा

**जानकारी** के अनुसार 1985 में बिलासपुर जिला से पहली बार रामलाल ठाकुर मंत्री बने थे। ऐसे पूर्व में रहे वन मंत्री रामलाल ठाकुर ने उस वक्त के रहे मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह से इस मेले को राज्य स्तर का दर्जा दिलवाया था। उसके बाद पहली बार नगर के लक्ष्मी नारायण मंदिर से नलवाड़ी मेले के लिए पहली बार शोभायात्रा निकाली गई थी। उसके बाद यह प्रचलन अब हर साल किया जाता है।

### कुश्तियों में पाकिस्तान से आते थे पहलवान

**जानकारी** के अनुसार बिलासपुर के नलवाड़ी मेले में पाकिस्तान तक के पहलवान यहां पर अपना दमखम दिखाने के लिए पहुंचते थे। वहीं, बिलासपुर में मासर चांदी राम हरियाणा, मेहर दीन पाकिस्तान व अन्य नामी पहलवान बिलासपुर की कुश्ती में अपना दमखम दिखा चुके है। लेकिन अब की कुश्ती में वह पुरानी बात नहीं रही हैं। क्योंकि लोगों का कहना है कि अब की कुश्ती सिर्फ पैसा बटोरने वाली रह गई है। क्योंकि पहले की कुश्ती में पहलवान कम जबकि अखाड़ा ज्यादा बोलता था।

## बसंतपुर में लगाया निशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर

**शिमला।** बसंतपुर में निशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर रेडक्रॉस द्वारा की जाने वाली नियमित गतिविधियों में शामिल है।

सूद ने कहा कि हिमाचल प्रदेश राज्य रेडक्रॉस द्वारा अस्पतालों व् आश्रमों में रोगियों के उपचार, बच्चों के कल्याण संबंधी सेवाएं, वस्त्र, दवाइयों व अन्य प्रकार की सहूलियत प्रदान करने के अतिरिक्त समय समय पर राज्य रेडक्रॉस के कार्यक्रमों के लिए धन एकत्र करना व् इसके सुचारु रूप से संचालन के लिए सहयोग देना ही इसका मुख्य उद्देश्य है।

इस शिविर का उद्घाटन बसंतपुर पंचायत की प्रधान मीना वर्मा द्वारा किया गया। इस शिविर में इंदिरा गांधी अस्पताल शिमला से डॉ. अतुल सांख्यान की अगुवाई में चिकित्सकों के दल ने भाग लिया तथा प्राथमिक चिकित्सा केंद्र बसंतपुर से डा. दीक्षा व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुन्नी से डॉ. दीक्षा ने भाग लिया। इस शिविर में कुल 150 लोग लाभान्वित हुए।

## सीएम ने घुमारवीं को दिखाए ख्याली पलाव : राजेंद्र गर्ग



लोगों से जानकारी सांझा करते हुए राजेंद्र गर्ग व अन्य।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

भाजपा अनुशासन समिति के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सूक्खु के घुमारवीं के दौरे को लेकर तंज कसा है। गर्ग ने कहा कि मुख्यमंत्री को ऐसी क्या जल्दी थी, जो आधे अधूरे कार्यों का लोकार्पण कर गये।

भाजपा के कार्यकाल में शुरू किये गये अधिकांश कार्यों का निर्माण कार्य शेष बचा है, लेकिन मुख्यमंत्री उन कार्यों का भी लोकार्पण कर गए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने जिन कार्यों का उद्घाटन व शिलान्यास किया, वह भाजपा सरकार के कार्यकाल के स्वीकृत कार्य हैं।

गर्ग ने कहा कि कांग्रेस सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह को 15 माह बाद घुमारवीं के लोगों की याद आई। घुमारवीं में पहली बार पहुंचे मुख्यमंत्री घुमारवीं के लोगों को केवल ख्याली पकाव ही दिखा गए।

गर्ग ने घुमारवीं के युवाओं के लिए दिये गए जिमों के लिए सांसद अनुराग ठाकुर की प्रशंसा की। इस मौके पर मंडल महामंत्री जोरावर सिंह, एसटी मोर्चा अध्यक्ष प्रताप राव, लेहरी–सरेल पंचायत प्रधान वीना ठाकुर, तडौन पंचायत के उपप्रधान संजय, सत्य देव व आदि मौजूद थे।

# आधुनिक तकनीक से बना नैनो यूरिया भरेगा किसनों की जेब

**अनंत ज्ञान, अर्की**


इफको ने फसल गोष्ठी का आयोजन किया। इस दौरान उपस्थित अधिकारी।

अर्की उपमंडल के पपलोटा ग्राम में नैनो उर्वरकों के उपयोग के लिए इफको ने फसल गोष्ठी का आयोजन किया, जिसमें ग्रामसभा से जुड़े 80 प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से इफको की ओर से राज्य विपणन प्रबंधक भुवनेश पठानिया उपस्तिथ रहे।

भुवनेश पठानिया ने किसानों को इफको द्वारा निर्मित विश्व प्रथम नैनो यूरिया तरल एवं नैनो डीएपी के बारे में मार्केट में चल रहे भ्रामक उत्पादों से बचाव रखते हुए इफको के तकनीकी उर्वरकों, जैसे विश्व प्रथम निर्मित नैनो यूरिया तरल एवं नैनो डीएपी का इस्तेमाल करने के लिए जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि नैनो यूरिया आधुनिक तकनीक द्वारा निर्मित एक तरल उत्पाद है और आम यूरिया खाद का एक पर्यावरण हितैषी विकल्प है। उन्होंने कहा कि नैनो डीएपी (तरल) फसल की पैदावार बढ़ाने और पारंपरिक एनपीके (12:32:16) एवं डीएपी खाद के कारण होने वाले पर्यावरण प्रदूषण को कम करके किसानों की आय में सुधार करने में अहम भूमिका रखेगा। उन्होंने बताया कि एक बोतल इफको नैनो डीएपी (तरल) की किसानो को 600 रूपए में अपनी सहकारी समिति के माध्यम से उपलब्ध होगी जो पारंपरिक एनपीके/डीएपी खाद की खपत को लगभग आधा कर देगी। कार्यक्रम के अंत में क्षेत्र अधिकारी रोहित ने सागरिका एवं जल विलय उर्वरकों के बारे में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर, डूमहर सहकारी सभा के सचिव देवेंद्र, क्षेत्र अधिकारी रोहित कुमार शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## अर्की कॉलेज में स्टूडेंट्स को बताए नशे से बचने के तरीके

**अर्की।** राजकीय महाविद्यालय अर्की में चल रही छह दिवसीय मेंटर मेंटी इंट्रडिसीप्लिनरी ग्रुप एक्टिविटी कार्यशाला आयोजित की गई। इस इंट्रडिसीप्लिनरी अप्रोच कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों ने मेंटर के साथ निजी तनाव, नशीले पदार्थों के सेवन से बचने के उपाय, व्यक्तित्व विकास की संभावनाएं आदि विषयों की जानकारी प्राप्त की। साथ ही करियर के प्रति जागरूक बने रहने व स्लो लर्नर के अध्ययन करने के तरीके को व्यवस्थित करने पर भी चर्चा की गई ।

इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों ने माता-पिता के तकरार एवं तनावपूर्ण रिश्तों, सामाजिक या राष्ट्रीय स्तर की समस्याओं से संबंधित जिज्ञासाओं को भी संवाद के माध्यम से मेटर साझा किया। सभी मेंटी की जिज्ञासाओं को मेंटर ने काउंसलिंग करके सुलझाने का प्रयास किया।

## हेटेरो लैब बद्दी की पट्टा महलोग स्कूल को 20 कंप्यूटर की भेंट

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

हेटेरो लैब बद्दी ने सीएसआर के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पट्टा महलोग को 20 आधुनिक कंप्यूटर सौंपे। स्कूल में आधुनिक कंप्यूटर के आने से छात्रों की शिक्षा में मदद मिलेगी। हेटेरो लैब कंपनी पहले भी सीएसआर के समय-समय पर अपना सामाजिक दायित्व निभा रही है।



कोविड काल में भी कंपनी की ओर से अहम भूमिक निभाई गई थी। हेटेरो लैब बद्दी के प्लांट हेड वेंकट रेड्डी की अगुआई में शनिवार को पट्टा महलोग स्कूल को 20 कंप्यूटर सीएसआर के तहत दिए। रेड्डी ने बताया कि कंपनी समय-समय पर सीएसआर के तहत सामाजिक दायित्व निभा रही है और आने वाले समय में भी निभाएगी। उन्होंने कहा कि स्कूल को कंप्यूटर देने का मकसद शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ावा देना है, ताकि स्कूली छात्रों को पढ़ाई के लिए मदद मिल सके। इस अवसर पर उपप्रबंधक आईटी राकेश कुमार व विकास शर्मा मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### ममता नेगी ने संभाला डीपीआरओ का पदभार

**नाहन।** जिला सिरमौर के मुख्यालय नाहन में ममता नेगी ने जिला लोक संपर्क अधिकारी (डीपीआरओ) का पदभार संभाल लिया है। डीपीआरओ ममता नेगी जिला किन्नौर की



रहने वाली हैं। 2015-16 से वह सूचना एवं जन संपर्क विभाग में सेवाएं दे रही हैं। उनका स्थानांतरण जिला किन्नौर से सिरमौर में हुआ है। ममता नेगी जिला सोलन में भी एपीआरओ के पद पर सेवाएं दे चुकी हैं। इससे पहले वह हेडक्वार्टर शिमला में तैनात थी। सिरमौर में जिला लोक संपर्क अधिकारी रहे प्रेम ठाकुर की बीते माह सेवानिवृत्ति के बाद यह पद खाली चल रहा था। पदभार संभालने के बाद सिरमौर प्रेस क्लब नाहन में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में जिला लोक संपर्क अधिकारी ममता नेगी ने कहा कि सरकार और प्रशासन की योजनाओं, कार्यों और उपलब्धियों को आम जन तक पहुंचाने में मीडिया का काफी अहम रोल है। इस मौके पर सहायक जिला लोक संपर्क अधिकारी राजेंद्र कुमार समेत मीडिया के तमाम प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### निर्वाचन अधिकारी ने तय कीं झंडे-बैनर की दरें

**नाहन।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुमित खिमटा की अध्यक्षता में शनिवार को यहां लोकसभा चुनाव-2024 के दौरान विभिन्न प्रत्याशियों द्वारा इस्तेमाल में लाई जाने वाली वस्तुओं जैसे फर्नीचर, टेंट, झंडे, बैनर, वाहन और भोजन आदि की दरें निर्धारित कर दी गई हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी सुमित खिमटा ने बताया कि सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थित में लोकसभा चुनाव के दौरान इस्तेमाल होने वाली चीजों के दरें शनिवार तय कर दी गई हैं। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपने-अपने प्रत्याशियों को निर्धारित दरों की जानकारी प्रदान करने का आग्रह किया। तहसीलदार निर्वाचन महेंद्र ठाकुर ने बैठक का संचालन करते हुए विभिन्न वस्तुओं के दरों की जानकारी प्रदान की।

### गोविंदगढ़ मोहल्ला सड़क रूट 21 मार्च तक डायवर्ट

**नाहन।** जिला मुख्यालय नाहन के गोविदगढ़ मोहल्ले से होकर गुजरने वाली राष्ट्रीय उच्च मार्ग सड़क की आवश्यक मरम्मत के लिए आगामी 21 मार्च तक वाहनों की आवाजाही के रूट को डायवर्ट किया गया है। जिला दंडाधिकारी सिरमौर सुमित खिमटा ने एक आदेश में कहा कि गोविंदगढ़ मोहल्ले से होकर गुजरने वाली सड़क की जरूरी मरम्मत के दृष्टिगत 21 मार्च तक इस मार्ग पर रात्रि नौ से सुबह छह बजे तक मरम्मत कार्य करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि सड़क की मरम्मत के दृष्टिगत 21 मार्च तक रात्रि नौ से सुबह छह बजे तक नाहन शहर के बवेजा पेट्रोल पंप से दिल्ली गेट और दिल्ली गेट से बवेजा पेट्रोल पंप की ओर चलने वाले वाहन वाया बस्ती चौक से बस स्टैंड, डाइट (जेबीटी) व गुन्नुघाट होकर दोनों तरफ चलेंगे। आदेश में कहा गया है कि प्रतिबंधित समय में केवल एंबुलेंस और अन्य आपातकालीन वाहनों के परिचालन की ही स्वीकृति होगी।

### प्रदेश की चारों सीटें जीतेगी भाजपा: प्रताप रावत

**नाहन।** सिरमौर भाजपा के जिला सहमीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने मीडिया को जारी बयान करते हुए बताया कि भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव को



ध्यान में रखते हुए पार्टी और संगठन मजबूती प्रदान करने में जुट गए हैं। रावत ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता गांव चलो अभियान के तहत निरंतर लाभार्थियों से संपर्क कर रहे हैं और उनके साथ केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं भी साझा कर रहे हैं। रावत ने बताया कि भाजपा नेताओं तथा कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव के लिए जनता का अपार समर्थन मिल रहा है, जिसको देखते हुए भाजपा प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों पर प्रचंड बहुमत के साथ जीत दर्ज करेगी। प्रदेश की जनता का कांग्रेस पार्टी की सरकार से मोह भंग हो चुका है।

### पंचायत चौकीदारों को बनाएं दैनिक वेतन भोगी: संघ

**बीबीएन।** पंचायत चौकीदार संघ सोलन ने 18 माह से डिमांड पूरी न होने को लेकर रोष प्रकट किया है। संघ ने पंचायतीराज निदेशक से मांग उठाते हुए 31 अगस्त 2022 को 12 वर्ष पूर्ण करने वाले चौकीदारों को दैनिक वेतन भोगी बनाने की मांग उठाई है। संघ ने शनिवार को पंचायतीराज निदेशक से मांग उठाई कि जो चौकीदार 12 वर्ष पूरे कर चुके हैं, उन्हें दैनिक वेतन भोगी बनाने की जल्द से जल्द अधिसूचना जारी करें। संघ ने कहा कि अब चौकीदारों को अपने भविष्य की चिंता सताने लगी है। पंचायत चौकीदार संघ सोलन के कुलदीप सिंह का कहना है कि जिन पंचायत चौकीदारों ने 31 अगस्त, 2022 को 12 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं, उन्हें सरकार द्वारा दैनिक वेतन भोगी बनाया गया था, लेकिन 18 माह बीत जाने के बाद भी अभी तक कोई अधिसूचना जारी नहीं हुई है, जो कि चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि पंचायत के चौकीदार सच्ची ईमानदारी व निष्ठा से काम कर रहे हैं। ऐसे में सरकार को भी चौकीदारों के हितों के बारे में सोचने की जरूरत है, ताकि राहत मिल सके। इस मांग को लेकर पंचायतीराज निदेशक के समक्ष भी उठाया गया है।


### सार्वजनिक स्थान पर कूड़ा फेंकने पर बैंकों का चालान

पांवटा साहिब । नगर परिषद पांवटा साहिब को लगातार शिकायतें मिलती हैं कि कुछ दुकानदार और लोग सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंकते हैं, जिस पर नगर



परिषद ने कार्रवाई की है। नगर परिषद पांवटा के अतिरिक्त कार्यकारी अधिकारी एसडीएम जीएस चीमा ने बताया कि नगर परिषद ने एसबीआई बैंक का 5000 का चालान काटा है। साथ ही केनरा बैंक, इंडस्लैंड बैंक से 5000 रुपए का चालान काटा है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन कूड़ा उठाने वाली गाड़ी घर-घर जाकर कूड़ा उठाती है, मगर इसके बाद भी लोग इधर-उधर कचरा फेंकते हैं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फैलाने वालों पर नगर परिषद सख्त कार्रवाई करेगी। साथ ही उन्होंने सभी से आग्रह किया कि शहर में साफ-सफाई रखें।

### पांवटा साहिब कॉलेज में कोच रखने की मांग


महाविद्यालय की शिक्षक-अभिभावक संघ की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

**पांवटा साहिब ।** पांवटा साहिब कॉलेज में शिक्षक-अभिभावक संघ की बैठक आयोजित हुई। बैठक प्राचार्य डॉक्टर विभव कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि महाविद्यालय का सीवरेज भी पांवटा साहिब शहर में उपलब्ध सीवरेज सेवा के साथ जोड़ा जाए इसके लिए एक प्रस्ताव आईपीएच विभाग को दिया जाएगा। मीटिंग में निर्णय लिया गया कि छात्र-छात्राओं को खेलकूद का प्रशिक्षण देने के लिए किसी प्रशिक्षित कोच का प्रबंध करवाया जाए। महाविद्यालय में बन रहे नए भवन के आसपास जो सफेदे के पुराने पेड़ हैं, उन पेड़ों को कटवाने की कार्रवाई को अमल में लाया जाए। महाविद्यालय के कर्मचारियों की कमेटी बनाई जाए, जो पांवटा साहिब में स्थित कंपनियों से समन्वय स्थापित करे। बैठक के दौरान प्राचार्या डॉ. विभव कुमार शुक्ला, पीटीए अध्यक्ष श्यामलाल शर्मा, उपाध्यक्ष सुनील कपूर, सचिव डॉ. ध्यान सिंह तोमर, सदस्य डॉ. किरण शर्मा, प्रो. नंदनी कंवर, डॉ. पूजा भाटी, सुरेश तोमर, आदेश शर्मा, नियति ठाकुर, जावेद अली एवं रामलाल आदि मौजूद रहे।

# सोलर पैनल से सोलन नगर निगम तैयार करेगा दस किलोवाट बिजली

## हिम ऊर्जा की मदद से तैयार किया प्लान, पांच लाख आएगा खर्च

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नगर निगम सोलन ने सौर ऊर्जा संरक्षण की पहल के लिए कार्यालय की छत पर सोलर पैनल से प्रतिदिन 10 किलोवाट बिजली पैदा करने की योजना बनाई है। इसके लिए हिम ऊर्जा की मदद से करीब पांच लाख दस हजार 300 रुपए का एस्टीमेट तैयार किया गया है।

खास बात है कि यह कार्य निगम बैंक की मदद से पूरा करेगा। निगम के मुताबिक स्थानीय बैंक ने इस प्रपोजल के लिए धनराशि उपलब्ध करवाने की हामी भर दी है। यदि यह योजना सिरे चढ़ी तो आने वाले समय में निगम के पार्किंग भवन और विश्राम गृह में सोलर पैनल लगाकर सौर ऊर्जा से बिजली तैयार की जाएगी। बिजली की बढ़ती खपत को देखते हुए प्रदेश सरकार भी सौर ऊर्जा को बढ़ावा दे रही है। घरेलू भवनों में सोलर पैनल लगाने को सब्सिडी भी दी जाती है। निगम पहल से यदि सोलर पैनल से बिजली तैयार होती है, तो कार्यालय में उपयोग होने वाली बिजली के हजारों रुपए के बिल को बचाया जा सकता है। इससे साल में लाखों रुपए की बचत होगी। इसके परिणाम सफल आने की स्थिति में मुख्यालय के सरकारी कार्यालय में भी पायलट प्रोजेक्ट के तहत प्रयोगात्मक तौर पर सोलर पैनल लगाए जा सकते हैं। इससे बिजली की खासी बचत होगी। इससे इस जल विद्युत बिजली की खपत घटेगी और सौर ऊर्जा से सस्ती बिजली भी मिलनी शुरू हो जाएगी। (अनंत ज्ञान)




> सौर ऊर्जा को बढ़वा देने के लिए निगम प्रयोगात्मक तौर पर कार्यालय की छत पर पांच लाख की लागत से सोलर पैनल लगाकर बिजली तैयार करेगा। योजना सफल रहने पर निगम की अन्य प्रॉपर्टी में भी सोलर पैनल लगाए जा सकते हैं।
>
> **उषा शर्मा, मेयर, नगर निगम सोलन।**

### सौर ऊर्जा से बचेगा बिजली का खर्च

**यदि** नगर निगम सौर ऊर्जा से बिजली उत्पादन में सफल रहा तो निगम में बिजली के बिलों की बचत होगी। इससे भविष्य में आय के साधन भी बनेंगे। नगर निगम कि शहर में कई ऐसी प्रॉपर्टीज हैं, जहां पर सोलर पैनल लगाए जा सकते हैं। इसमें पार्किंग, दुकानें, सराय भवन, चंबाघाट रोड स्थित यात्री भवन और आजीविका मिशन के तहत बने आवासीय भवन में भी सोलर पैनल लगाए जा सकते हैं। इससे निगम बिजली तैयार कर आय के साधन जुटा सकता है।

## नगर परिषद बद्दी के उपाध्यक्ष ने ली गोपनीयता की शपथ


नगर परिषद बद्दी में उपाध्यक्ष शपथ लेने के बाद सीपीएस के साथ।

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

नगर परिषद बद्दी के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष मोहन सिंह को शनिवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। मुख्य संसदीय सचिव राम कुमार चौधरी की उपस्थिति में एसडीएम नालागढ़ दिव्यांशु सिंगल ने नगर परिषद बद्दी के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष मोहन सिंह को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

राम कुमार ने नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष मोहन सिंह को बधाई दी। उन्होंने आशा जताई कि उपाध्यक्ष अपने क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के लिए सदैव प्रयासरत रहेंगे।

उन्होंने कहा कि पार्षद का पद महत्वपूर्ण होता है और स्थानीय स्तर पर विकास कार्य में पार्षद की भूमिका विशिष्ट रहती है। उन्होंने आशा जताई कि नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष अपने कर्तव्यों के निर्वहन के माध्यम से लोगों की आशाओं पर खरा उतरेंगे। इस अवसर पर नगर परिषद के अध्यक्ष तरसेम चौधरी, कार्यकारी अधिकारी समेत पार्षद मौजूद रहे।

## नगर परिषद पांवटा साहिब में चार सदस्य मनोनीत


नगर परिषद पांवटा में मनोनीत सदस्य और अन्य पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

राज्यपाल ने हिमाचल प्रदेश नगर पालिका अधिनियम द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर अधिसूचना जारी करते हुए नगरपालिका परिषद पांवटा साहिब जिला सिरमौर के महेश खुराना, यमुना विहार कॉलोनी, तलविंदर सिंह वार्ड नंबर 13, बदरीपुर, चंद्र मोहन शर्मा वार्ड नंबर-तीन, असगर अली, पुत्र मो. इस्माइल वार्ड नंबर सात को नगर परिषद के सदस्य के रूप में मनोनीत किया। शनिवार को उपदंडाधिकारी पांवटा साहिब गुंजित सिंह चीमा ने नगर पालिका परिषद के मनोनीत पार्षदों को नगर पालिका परिषद के सभागार में शपथ दिलाई।

इस अवसर पर पूर्व विधायक किरनेश जंग, पूर्व नप चेयरमैन तपेंद्र सैनी, भगानी ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप चौहान तथा नगर परिषद पांवटा साहिब के पार्षदों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# आधार सुविधाएं सुचारु करवाना सुनिश्चित करें

## एडीसी के अधिकारियों को निर्देश, सेवाएं नहीं देने वाले आधार केंद्रों को करें बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

अतिरिक्त उपायुक्त सोलन अजय यादव ने सोलन जिला के सभी आधार केंद्रों में विभिन्न आधार संबंधित सुविधाएं सुचारु एवं समयबद्ध उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं। अजय यादव शनिवार को यहां जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

अजय यादव ने कहा कि सुचारु आधार सुविधाएं प्राप्त न होने से लोगों को दूर-दराज के क्षेत्रों से उपायुक्त कार्यालय आना पड़ता है और इस कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। अब आमजन की सुविधा के लिए जिला के 12 बैंकों, 18 डाकघरों, भारतीय संचार निगम लिमिटेड के केंद्रों, लोक मित्र केंद्रों, स्वास्थ्य विभाग तथा महिला विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न आधार केंद्रों में सेवाएं बिना किसी रुकावट के सुचारु रूप से उपलब्ध करवाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि बच्चों का आधार अद्यतन स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा करवाया जा रहा है। जिला के अन्य आधार केंद्रों पर धीमी गति से कार्य होने से जिला मुख्यालय स्थित आधार केंद्र पर अनावश्यक बोझ बढ़ रहा है। उन्होंने ऐसे आधार केंद्रों को बंद करने के निर्देश दिए, जो बहुत समय से सेवाएं नहीं दे रहे हैं। उन्होंने सभी आधार सेवा देने वाले विभागों को दूर-दराज के क्षेत्रों में भी आधार सेवाएं उपलब्ध करवाने पर बल दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जन-जन की सुविधा के लिए आधार संबंधित शिविर समय-समय पर आयोजित करवाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि शिविर आयोजन के संबंध में नोडल अधिकारी से अनुमति प्राप्त की जा सकती है। पुलिस उपाधीक्षक सोलन अनिल धौल्टा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सोलन डॉ. राजन उप्पल, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी बैठक में उपस्थित थे।


आधार निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता करते अतिरिक्त आयुक्त अजय यादव।

# शस्त्र, गोला-बारूद लेकर चलने पर पाबंदी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शनिवार को लोकसभा-2024 आम निर्वाचन की घोषणा के साथ ही पूरे सोलन जिले में भी आदर्श आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। इसके दृष्टिगत जिला दंडाधिकारी सोलन मनमोहन शर्मा द्वारा सीआरपीसी की धारा 144 के तहत आदेश जारी किए गए हैं।

आदेशों के अनुसार 18वीं लोकसभा-2024 के आम चुनाव की प्रक्रिया स्वतंत्र, निष्पक्ष, सुचारू एवं शांतिपूर्ण ढंग से पूर्ण करवाने के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार चुनावों की घोषणा से लेकर परिणाम घोषित होने तक किसी भी प्रकार के शस्त्र/गोला-बारूद इत्यादि को लेकर चलने पर तत्काल रूप से पाबंदी रहेगी।

जिला सोलन के साथ लगती हरियाणा एवं पंजाब की सीमा पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत सभी आवश्यक उपाय सुनिश्चित करने के भी आदेश जारी किए गए हैं, ताकि लोकसभा आम निर्वाचन की प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग एवं सुचारू रूप से संपन्न की जा सके।

### संबंधित पुलिस थानों में जमा करवाएं हथियार

**आदेशों** के तहत सभी लोगों, नागरिकों, संगठनों, गैर सरकारी संगठनों को जिला सोलन की सीमा के भीतर आर्म्ज एक्ट, 1959 के तहत परिभाषित किसी भी प्रकार के हथियार और गोला-बारूद इत्यादि लेकर चलने पर पाबंदी रहेगी। यह आदेश पुलिस, अर्द्धसैनिक बलों, सुरक्षा बलों, ड्यूटी पर तैनात सरकारी एवं अर्द्ध-सरकारी अथवा बैकों के तथा अन्य अधिकृत सुरक्षा कर्मियों पर लागू नहीं होंगे।



चुनाव प्रक्रिया के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत जिला दंडाधिकारी ने सभी लाइसेंसधारकों से उनके हथियार संबंधित पुलिस थानों अथवा शस्त्र एवं गोला-बारूद डीलरों अथवा जिला मालखाना में जमा करवाने के भी आदेश दिए हैं। इस बारे में गठित समिति द्वारा अलग से भी आदेश जारी किए जाएंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू माने जाएंगे तथा निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने तक मान्य रहेंगे। इन आदेशों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध कानून सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## नालागढ़ में 13.73 करोड़ से बनेंगे तीन पुल: केएल ठाकुर

**बीबीएन।** नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र के तहत तीन पुलों के निर्माण 13.73 करोड़ रुपए की राशि से स्वीकृत हो चुकी है। विधायक केएल ठाकुर ने नालागढ़ क्षेत्र को मिली धनराशि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना-तीन के तहत तीन पुलों के लिए 13 करोड़ 72 लाख 62 हजार रुपए की राशि प्रदान की है, जिसके लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया और कहा कि आने वाले समय में भी केंद्र सरकार का भरपूर समर्थन मिलेगा, ताकि एरिया के विकास को तेजी से बढ़ाया जा सके। उन्होंने बताया कि इस योजना में पहला पुल भटौली खड्ड ग्राम पंचायत रेड्डू, दूसरा कोटला कलां खड्ड ग्राम पंचायत बरुणा और तीसरे पुल का निर्माण रेतड़ खड्ड पर ग्राम पंचायत बगलैहड़ में 13.72 करोड़ से बनेगा। विधायक केएल ठाकुर ने कहा कि पहले भी इसी योजना के तहत केंद्र सरकार से कुछ माह पहले पांच सड़कों के लिए 75 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत करवा चुके हैं, जिसकी टेंडर प्रकिया चली हुई और बरसात से पहले पांच सड़कों को चकाचक कर दिया जाएगा, जिसमें रामशहर-क्वारन, गोलजमाला-रतवाड़ी- गुज्जहट्टी, रेडू-मलपुर-आदुवाल, पंजैहरा- अंबवाला- रेतड़- रजवय और बरूणा-गरोटी-पलाई शामिल है। विधायक केएल ठाकुर ने कहा कि कें सरकार द्वारा 13.72 करोड़ की राशि स्वीकृत की है और कुछ लोग अपनी राजनीति की रोटियां सेंक रहे हैं, जो कि गलत है।



## ईवीएम-वीवीपैट का जागरूक अभियान स्थगित

**सोलन।** भारत निर्वाचन आयोग तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी हिमाचल प्रदेश द्वारा जारी निर्देशानुसार जिला निर्वाचन कार्यालय सोलन तथा निर्वाचक रजिस्ट्रिकरण अधिकारियों के कार्यालयों द्वारा चलाए जा रहे ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के भौतिक जागरूक अभियान को शनिवार शाम तीन बजे लोकसभा निर्वाचन-2024 के कार्यक्रम की घोषणा किए जाने के फलस्वरूप तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया गया है। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त एवं ईवीएम के नोडल अधिकारी अजय कुमार यादव ने दी है।

**तैयारी** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी ने निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित तैयारियों को लेकर की बैठक

# चुनाव में अफवाहों-फेक न्यूज पर रहेगी कड़ी नजर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को यहां निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित तैयारियों को लेकर विभिन्न बैठकों का आयोजन किया गया।

सुगम्य निर्वाचन के लिए गठित जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने कहा कि दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए जिला में समुचित प्रबंध किए गए हैं तथा उन्हें मतदान केंद्रों में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए निर्देश जारी किए गए हैं। जिले में 4001 दिव्यांग मतदाता चिन्हित किए गए हैं। मतदान केंद्रों में सहयोग के लिए एनएसएस, एनसीसी व स्काउट एंड गाइड्स से जुड़े 18 वर्ष से कम आयु के स्वयंसेवी छात्रों की सेवाएं भी ली जाएंगी। उपायुक्त ने इसके लिए शिक्षा विभाग को इन स्वयंसेवियों की सूची तैयार करने के भी निर्देश दिए। उपायुक्त ने आग्रह किया कि अभी भी अगर कोई दिव्यांग मतदाता छूट गया हो तो वह सक्षम ऐप के माध्यम से सुगम्य निर्वाचन के दृष्टिगत विभिन्न सुविधाएं प्राप्त करने के लिए आग्रह कर सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने इसके उपरांत जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक की भी अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान राजनीतिक दलों एवं उम्मीदवारों की ओर से इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से जारी किए जाने वाले विज्ञापनों के लिए पूर्व प्रमाणन आवश्यक है। साथ ही निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित किसी भी प्रकार की अफवाह अथवा फेक न्यूज की निगरानी के लिए भी समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मतगणना से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की फेक न्यूज अथवा अफवाह फैलाने पर इसके बारे में सही तथ्यों के साथ स्पष्टीकरण तुरंत जारी किया जाएगा। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त सोलन अजय कुमार यादव, उपमंडलाधिकारी (ना.) अधिकारी सोलन डॉ. पूनम बंसल, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमित रंजन तलवार, शिक्षा उपनिदेशक उच्च डॉ. जगदीश नेगी, जिला कल्याण अधिकारी गावा सिंह नेगी, तहसीलदार निर्वाचन ऊषा चौहान, नायब तहसीलदार निर्वाचन दीवान ठाकुर, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर हिमांशु शर्मा, सहित अन्य संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया।


जिला निर्वाचन अधिकारी निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

# अवैध निर्माण पर कसेगा निगम का शिकंजा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

राजधानी में अवैध निर्माण बढ़ता चला जा रहा है। इससे शहरवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अब इसको लेकर नगर निगम सख्त हो गया है। ड्रोन मैपिंग, डोर टू डोर सर्वे और निगम आपके द्वार से काफी लाभ हो रहा है।



एक तरफ ड्रेनेज सिस्टम सुधरेगा, प्रॉपर्टी का पता लगेगा और साथ ही अवैध निर्माण का भी पता चल रहा है। नगर निगम को जितने भी अवैध निर्माण का पता चलता है उस पर तुरंत कार्रवाई कर दी जाती है । इसके अलावा अवैध निर्माण करने वाले पर जुर्माना भी लगाया जा रहा है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध निर्माण के मामले सामने आए हैं।

शिमला शहर में अवैध निर्माण करने वालों की हिम्मत बढ़ती ही जा रही है। शहर के कई वार्डों में लोगों द्वारा बेहिसाब अवैध निर्माण किया जा रहा है।

शहर में कई लोगों ने अवैध निर्माण इस कदर किया है कि संपर्क मार्गों से एंबुलेंस को गुज़रने में भी परेशानी होती है। शहर में अवैध निर्माण के कारण कई रास्तों की चौड़ाई भी कम हो गई है।

### कारण बताओ नोटिस जारी

**नगर** निगम द्वारा कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है। अगर अवैध निर्माण करने वाले समय पर नगर निगम के समक्ष अपना पक्ष नहीं रखते तो नगर निगम द्वारा उनपर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। ऐसे में लोग अवैध निर्माण को लेकर ध्यान रखें।

शहर का ड्रोन मैपिंग के साथ डोर टू डोर सर्वे किया जा रहा है । इससे नगर निगम को काफी फायदा हो रहा है । प्रॉपर्टी के साथ साथ अवैध निर्माण करने वालों की जानकारी इससे हो रही है। शहर में अवैध निर्माण करने वालों को जुर्माना लगाया जाएगा।

-भूपेंद्र अत्री, आयुक्त, नगर निगम शिमला

# दूरदराज में सिग्नल पहुंचाना बीएसएनएल कर्मियों के लिए चुनौती

अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ

मार्च में हुई भारी बर्फ बारी से टेलीफोन के तारों को बहुत नुकसान हुआ, लेकिन बीएसएनएल रिकांगपिओ की टीम ने लगातार रात दिन एक्सचेंज व टावरों पर जनरेटर के माध्यम से दूरदराज के क्षेत्रों में सिग्नल सुचारू रखने का कार्य किया गया।

अगर सैन नेगी उप मंडल अधिकारी बीएसएनएल ने कहा कि बर्फबारी के दौर में भी रिकांगपिओ, कल्पा, पांगी, रारंग, रिब्बा, जंगी, मूरंग, कानम, लाबरंग, स्पीलो, चांगों गांव में अपने उपभोक्ताओं को बीएसएनएल की सेवा प्रदान करती रही व दूसरी ओर सड़कों पर ओएफसी तारों को टावरों से जोड़ने का कार्य युद्ध स्तर पर करते हुए ज्ञाबुंग, सुन्नम, तालिंग, पूह डूबलिंग, नामज्ञा, लिप्पा, नाको, ताबो, काजा गांव में सिग्नल पहुंचाया गया है।



बिजली की तारों को जोड़ने का कार्य करते हुए कर्मी ।

पर्यटन स्थल छितकुल गांव को सिग्नल से जोड़ना शेष बचा है जहां पर भारी गलेशियर आया हुआ है। इसे भी जल्द जोड़ दिया जाएगा। किन्नौर व स्पीति क्षेत्र के कई गांव में बिजली नहीं पहुंच पाई है लेकिन बीएसएनएल दिन-रात जनरेटर चला कर सिग्नल उपलब्ध करा रही है।

नेगी ने कहा कि इस प्राकृतिक आपदा के समय में सभी ने बीएसएनएल को याद किया व सेवा का भरपुर उपयोग किया।

## न्यूज ब्रीफ

### नरदेव ने अध्यक्ष पद का कार्यभार संभाला



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने अपना पदभार ग्रहण किया। जिला कांगड़ा की तहसील ज्वालामुखी के गांव लुथान से संबंध रखने वाले नरदेव सिंह कंवर इस बोर्ड के 9वें अध्यक्ष बने हैं। सचिव एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड राजीव, बोर्ड के अधिकारी एवं कर्मचारी पर उपस्थित थे।

### मार्केटिंग के लिए जाइका ने किया कंपनी का गठन

**शिमला।** जाइका वानिकी परियोजना से जुड़े प्रदेश के स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की गुणवत्ता और बेहतर मार्केटिंग के लिए हिमाचल कम्यूनिटी लाइवलिहुड्स प्रोड्यूसर कंपनी लि. का गठन किया गया है। अतिरिक्त प्रधान मुख्य अरण्यपाल एवं जाइका वानिकी परियोजना के मुख्य परियोजना निदेशक नागेश कुमार गुलेरिया की अध्यक्षता में कंपनी का विधिवत शुभारंभ किया गया। स्वयं सहायता समूहों द्वारा चुने हुए निदेशकों की उपस्थित में कंपनी का गठन किया गया।
इस कंपनी के गठन होने से हिमाचल प्रदेश के लगभग 920 स्वयं सहायता समूहों को उनके उत्पादों को मार्केट में ले जाने में सहायता होगी। जाइका वानिकी परियोजना 7 जिलों, 19 वन मंडल और 74 वन परिक्षेत्र के अंतर्गत इम्पलीमेंट की जा रही है।

### बटुरी में काला जीरा पर लगाई कार्यशाला

**रिकांगपिओ।** कृषि विज्ञान केंद्र किन्नौर ने किन्नौर जिला के बटुरी गांव में काला जीरा की वैज्ञानिक खेती पर एक दिवसीय औषधीय पौध प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। कृषि विज्ञान केंद्र किन्नौर के वैज्ञानिक डॉ. अरुण कुमार नेगी ने किसानों को काला जीरा की उत्पादकता बढ़ाने के वैज्ञानिक तरीकों पर जानकारी दी। किसानों को खेत में काम करने के लिए कृषि ओजार और सब्जियों के बीज भी वितरित किए।

### बैंकों ने किया 56 हजार 571 करोड़ का व्यवसाय

**शिमला।** बैंकों का वार्षिक ऋण योजना 2023-24 में दिसंबर 2023 का लक्ष्य 8437.15 करोड़ रुपए था, जिसे 31.12.2023 तक बैंकों ने 7173.62 करोड़ रुपए के ऋण वितरण करके 85.02 प्रतिशत की दर से अपने लक्ष्यों की प्राप्ति की है। जिसमें प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में बैंकों ने 57.22 प्रतिशत की दर से तथा गैर प्राथमिकता क्षेत्र में 330.18 प्रतिशत की दर से लक्ष्यों की प्राप्ति की है। कृषि क्षेत्र में 3201.30 करोड़ रुपए, सूक्ष्म मध्यम व लघु उद्यमों में 2182.98 करोड़ रुपए तथा अन्य प्राथमिक क्षेत्र में 3779.57करोड़ रुपए के ऋण वितरित किए है। इस बैठक की अध्यक्षता जिला उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने की। जिले में वित्तीय वर्ष 2023-24 में दिसम्बर 2023 के अंत तक अर्थात दिनांक 31.12.2023 को कुल व्यवसाय 56571.86 करोड़ रुपए हो गया है।

### 'वर्तमान और भविष्य' विषय पर करवाई कार्यशाला

शिमला। शिमला के कोटशेरा कॉलेज में शनिवार को भारत के भूतकाल, वर्तमान और भविष्य' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में महाविद्यालय के उप प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी सिंह वर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यशाला में महाविद्यालय की इतिहास एवं भूगोल विभाग के छात्रों द्वारा नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग, डॉक्यूमेंट्री मेकिंग, पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं में भाग लिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अजीत सिंह ठाकुर, डॉ दिनेश सिंह कँवर, डॉ सुनील चौहान, डॉ रूबी कपूर, डॉ शालिनी चौहान इत्यादि भी उपस्थित रहे।

### 20 विद्यार्थियों का मारुति लिमिटेड में हुआ चयन




**ठियोग।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय अभियांत्रिकी संस्थान प्रगति नगर के पोलीटेकनिक विंग के मैकेनिकल इंजीनियरिंग डिप्लोमा (अंतिम वर्ष) के 20 छात्रों का कृष्णा मारुति लिमिटेड गुरूग्राम में प्लेसमेंट हुआ है । इस प्लेसमेंट ड्राइव में कुल 22 छात्रों ने भाग लिया और 20 छात्रों को 15327 रुपए प्रति माह के वेतन पर चुना गया। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर उमेश राठौर तथा ट्रेंनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर इंजीनियर अनिल सेन तथा सभी शिक्षकों ने उपलब्धि पर बधाई दी।

### विद्यार्थियों को बताया स्वच्छता का महत्व

**शिमला ।** शहर में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए पोर्टमोर स्कूल की छात्राओं द्वारा भी नगर निगम को सहयोग दिया जा रहा है। मेयर सुरेंद्र चौहान और पार्षदों ने स्कूल प्रबंधन से सफाई अभियान में शामिल होने की शहर के स्कूलों से अपील की गई है। जिसके परिणामस्वरूप पोर्टमोर स्कूल ने भी निगम के साथ मिलकर काम शुरू कर दिया है। स्कूल प्रधानाचार्य ने कहा कि बच्चों को स्वच्छता के महत्व के बारे में शिक्षित करना बहुत महत्वपूर्ण है ।

### वैज्ञानिकों के लिए लगाया प्रशिक्षण शिविर

**शिमला ।** मैनेज हैदराबाद द्वारा समिति मशोबरा जिला शिमला में 5 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जो 11 से 15 मार्च 2024 तक चला। इस प्रशिक्षण शिविर में हिमाचल प्रदेश, जम्मू एंड कश्मीर व पंजाब के कृषि एवं उद्यानिकी वैज्ञानिकों व कृषि और उद्यान विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। समिति मशोबरा में आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभागियों को प्रदेश में अपनाई गई प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा इससे संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। प्रतिभागियों को गांव काहरोग पंचायत शिलारू विकास खंड ठयोग जिला शिमला में प्राकृतिक खेती मॉडल किसानों के खेतों का भ्रमण और इस खेती को कर रहे किसानों से वार्तालाप भी करवाया गया।

# संदोआ को 16 करोड़ के तोहफे

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शिमला ग्रामीण विधानसभा के दूरदराज क्षेत्र की धरोगड़ा पंचायत के संदोआ से 15 करोड़ 59 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले 11 संपर्क सड़कों, राजकीय उच्च पाठशाला संदोआ के तीन कमरों तथा आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र भवन संदोआ की आधारशिला रखी जबकि 15 लाख रुपए की लागत से निर्मित किए गए प्राथमिक पाठशाला पलगैड़ के भवन का उद्घाटन किया।

पुर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह ने शिमला ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए उल्लेखनीय योगदान दिया है और उनके द्वारा शुरू किए गए कार्यों को आगे बढ़ाना उनका दायित्व भी बतना है।

**विक्रमादित्य ने किए योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास**



विकास कार्यों के उद्घाटन व शिलान्यास करते विक्रमादित्य सिंह व अन्य।



विकास कार्यों की रूप रेखा देखते विक्रमादित्य सिंह।

- विक्रमादित्य बोले-शिमला ग्रामीण में स्व. वीरभद्र सिंह ने किए करोड़ों के विकास कार्य
- 15 लाख से निर्मित प्राथमिक पाठशाला पलगैड़ के भवन का किया उद्घाटन

### इन कार्यों की रखीं आधारशिलाएं

-76 लाख से निर्मित किए जाने वाले उच्च पाठशाला संदोआ के तीन कमरे।
-एक करोड़ 46 लाख से आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र संदोआ का भवन ।
-एक करोड़ 60 लाख से धनपर से पलगैड संपर्क सड़क।
-89.90 लाख से लंबीधार से सरेया सड़क।
-एक करोड़ 37 लाख से डोमेहर नाला से हरिजन बस्ती डोमेहर।
-एक करोड़ 44 लाख से पीपलूघाट से परगैयना सड़क।
-एक करोड़ 93 लाख से कढारघाट से गानवी।
-89.91 लाख से मंजैलू सड़क।
-90 लाख से बरोटा सड़क।
-89 लाख से बनूना से सेउंताकुंड गानवी।
-86 लाख से शेरवला से थाच सड़क।
-76 लाख से शेरवला से बराल सम्पर्क सड़क की आधारशिलाएं रखी गई।

### बसंतपुर में बनेगा बहुतकनीकी संस्थान

**विक्रमादित्स** सिंह ने कहा कि बसंतपुर क्षेत्र में लगभग 400 करोड़ रुपए से बहुतकनीकी संस्थान बनेगा जिसके भवन के निर्माण के लिए 4 करोड़ रुपए प्रथम चरण में सरकार द्वारा स्वीकृत कर दिए गए हैं तथा निर्माण कार्य शीघ्र आरंभ किया जाएगा। उन्होंने जल शक्ति विभाग के सब डिवीजन के नए भवन के निर्माण को शीघ्र पूर्ण करने, सरगला पंप हाउस की पुरानी मशीनरी को बदलने का आश्वासन तथा लोक निर्माण उप-डिवीजन जलोग के लिए एक नई जेसीबी मशीन उपलब्ध करवाने की घोषणा भी की।
उन्होंने संधोआ मंदिर ग्राउंड के लिए 5 लाख देने का आश्वासन तथा स्कूली बच्चों को सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहन के रूप में 11 हजार रुपए देने की घोषणा भी की। उन्होंने पंचायत प्रधान तथा स्कूल प्रधानाचार्य द्वारा रखी गई मांगों को चरणबद्ध तरीके से पूर्ण करने का आश्वासन भी दिया।



समारोह में सम्मानपूर्वक दी गई तलवार लहराते विक्रमादित्य सिंह व अन्य।

# नेगी ने किया छोटा कंबा-पलिंगी सड़क का शिलान्यास



शिलान्यास के दौरान मौजूद मंत्री जगत सिंह नेगी व अन्य।

अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ

बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने भावानगर क्षेत्र के चौरा में 5 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाली 3.5 किलोमीटर छोटा कंबा-पलिंगी सड़क का शिलान्यास किया। नेगी ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है।

जगत सिंह नेगी ने कहा कि छोटा कंबा, बड़ा कंबा, चौरा, रुपी तथा तरंडा ग्राम पंचायत के लोगों की जन समस्याएं भी सुनी और उपस्थित अधिकारियों को उनके त्वरित निवारण के निर्देश भी दिए। इसके उपरांत उन्होंने भावानगर मिनी सचिवालय में जिला स्तरीय विकासात्मक कार्यों के संदर्भ में अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। नेगी ने उपस्थित अधिकारियों से सीधा संवाद स्थापित किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इससे पूर्व उपायुक्त डा. अमित शर्मा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

बैठक में पुलिस अधीक्षक सृष्टि पांडे, जिला कांग्रेस अध्यक्ष उमेश नेगी व अन्य उपस्थित रहे।

## 28 से पूर्व करें बिजली बिल का भुगतान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, सुन्नी

विद्युत उप मंडल हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड सुन्नी के अंतर्गत आने वाले सभी बिजली उपभोक्ताओं को अपने बिजली बिलों का भुगतान करना होगा। बिलों के भुगतान निश्चित दिनांक पर न किए जाने पर उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काट दिए जाएंगे।

सहायक अभियंता जगदीश भारद्वाज ने बताया की विद्युत उप मंडल सुन्नी के अंतर्गत आने वाले समस्त उपभोक्ताओ से अपने बिजली बिलों का भुगतान 28 मार्च से पहले कर लें अन्यथा उनके बिजली कनेक्शन काटने की अगली कार्रवाई अमल में लाई आएगी।

# ठियोग में मतदाता जागरूकता अभियान का हुआ शुभारंभ

अनंत ज्ञान, ठियोग

ठियोग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत उपमंडल कार्यलय में सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एवं उपमंडलाधिकारी मुकेश शर्मा की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया जिसमें 40 स्वीप अधिकारी तथा बीडीओ नारकंडा तहसीलदार ठियोग सीडीपीओ ठियोग उपस्थित हुए।

आयोजन में सभी अधिकारियों को नायब तहसीलदार प्रदीप शर्मा नायब तहसीलदार निर्वाचन द्वारा आवश्यक प्रशिक्षण व दिशा निर्देश जारी किए गए। इस दौरान सभी अधिकारियों को बताया गया कि अपने-अपने मतदान केन्द्र के अंतर्गत सभी पात्र मतदाता की सूची में पुष्टि करें तथा आने वाले लोकसभा चुनाव में 100 प्रतिशत मतदान को पूर्ण करने हेतु प्रोत्साहित किया जाए।

- 18 मतदान केंद्रों को किया चिन्हित

उन्होंने बताया कि मिशन 414 के अंतर्गत 18 मतदान केंद्र को चिन्हित किया गया है।

# इंदिरा गांधी प्यारी बहना योजना परे असमंजस में लोग

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

राजधानी शिमला में महिलाएं इंदिरा गांधी प्यारी बहना योजना का लाभ उठाने के लिए आवेदन पत्र जमा कराने पहुंची।

अधिकतर महिलाओं को दस्तावेजों में काफी परेशानी आ रही है। साथ ही किन महिलाओं को इस योजना का लाभ पहुंचेगा इसके लिए भी लोग असमंजस में पड़े हुए है। 1 अप्रैल से प्रदेश की 18 से 59 साल तक की पात्र महिलाओं को 1500-1500 रुपए मिलेंगे।

सरकार के कार्यकाल के 15 माह बीतने के बाद अब इंदिरा गांधी प्यारी बहना योजना को लागू किया जा रहा है। इस योजना का लाभ लेने के लिए प्रदेश की महिलाओं को फार्म जरिए आवेदन करना होगा । महिलाओं को बताना होगा कि वह किस वर्ग में आती हैं, उनकी जाति क्या है।

- किन्हें मिलेगा लाभ, नहीं किसी को जानकारी



### ये महिलाएं नहीं उठा सकती योजना का लाभ

**केंद्र** और राज्य सरकार के कर्मचारी है तो उसे लाभ नहीं मिलेगा उधर, टैक्स देने वाले परिवारों की महिलाओं को भी योजना का लाभ नहीं मिलेगा। पेंशनर, अनुबंध, आउटसोर्स, दैनिक वेतन भोगी, अंशकालिक वर्ग के कर्मचारी होने पर महिलाओं को 1500 रुपये नहीं मिलेंगे। वहीं, भूतपूर्व सैनिक और सैनिक विधवा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका, आशा वर्कर, मिड-डे मील, मल्टी टास्क वर्कर, पेंशन भोगी, पंचायती राज, शहरी स्थानीय निकायों के कर्मचारी भी योजना का लाभ नहीं उठा पाएंगे।

### यें दस्तावेज करवाने होंगे जमा

**सरकार** ने परफॉर्मा जारी किया है, इसमें महिलाओं को अपने परिवार की जानकारी देनी होगी। योजना का लाभ लेने के लिए आयु प्रमाण पत्र, हिमाचली बोनोफाइड सर्टिफिकेट भी जमा करवाना होगा।
वहीं, बौद्ध भिक्षुओं के लिए मठ की तरफ से सत्यापन किया जा सकता है । वहीं, अन्य महिलाओं को तहसील कल्याण अधिकारी के पास आवेदन करना होगा फिर वहीं, से सत्यापन किया जाएगा।

# स्वस्थ मन के लिए पौष्टिक आहार अनिवार्य : डीसी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

महिला एवं बाल विकास विभाग जिला शिमला के सौजन्य से शनिवार को उपायुक्त कार्यालय के बचत भवन सभागार में पोषण पखवाड़े के अंतर्गत मिशन शक्ति एवं पोषण अभियान पर एक दिवसीय संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने की।

अनुपम कश्यप ने कहा कि आज की कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य लोगों में बच्चों के सही पोषण के प्रति जागरूकता प्रदान है ताकि आने वाली पीढ़ी का पौष्टिक आहार के माध्यम से स्वस्थ मन एवं मस्तिष्क का विकास हो सके। उन्होंने कहा कि हम सभी को बच्चे के पौष्टिक आहार का पूरा ध्यान रखना चाहिए ताकि उनके स्वास्थ्य पर किसी भी प्रकार का बुरा असर न हो। विभाग के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में जाकर लोगों को सही पोषण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला कल्याण अधिकारी केवल राम चौहान, समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।




बैठक के दौरान मौजूद डीसी व अन्य अधिकारी।

### पारंपरिक व्यंजन स्वास्थ्य के लिए लाभदायक

**उपायुक्त** ने कहा कि हमारे पारम्परिक व्यंजन स्वास्थ्य के लिए लाभदायक रहते है, परन्तु इसका चलन धीरे-धीरे कम होता जा रहा है। इन व्यंजनों को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। इससे पूर्व उपायुक्त ने पोषण पर आधारित प्रदर्शनियों का भी अवलोकन किया।

### संगीत से हुई गोद भराई

**कार्यक्रम** के दौरान मिनाक्षी एवं रीता वर्मा की गोद भराई की गई तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने गीत गाकर रस्म को पूर्ण किया।

# अंगदान के लिए छात्राओं को किया प्रोत्साहित

अनंत ज्ञान ब्यूरो,शिमला

शिमला के राजकीय कन्या महाविद्यालय में शनिवार को सोटो की ओर से अंगदान के विषय पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजन किया गया। देश भर में प्रतिदिन 6000 मरीज समय पर ऑर्गन ना मिलने के कारण मरते हैं जोकि बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

लोगों में भ्रांति रहती है कि अंगदान करने के बाद अंगों को बेच दिया जाता है या फिर तस्करी की जाती है। ट्रांसप्लांट ऑफ ह्यूमन एक्ट 1994 जीवित दाता एवं ब्रेन डेड डोनर को अंगदान करने की स्वीकृति प्रदान करता है। यह अधिनियम चिकित्सा प्रयोजनों के लिए अंगों को निकालने,भंडारण करने और प्रत्यारोपण को नियंत्रित कर मानव अंगों को तस्करी से बचाता है। कोई भी व्यक्ति अंग को खरीद या बेच नहीं सकते हैं।

सोटो की आईईसी व मीडिया कंसलटेंट रामेश्वरी ने छात्राओं को अंगदान के महत्व के विषय में जानकारी दी। किसी व्यक्ति का जीवन बचाने के लिए डॉक्टर होना ही जरूरी नहीं है बल्कि लोग मृत्यु के बाद भी अपने अंगदान करके जरूरतमंद का जीवन बचा सकते हैं।

**झटका** एमसी टैक्स शाखा ने शुरू की तैयारी, शिमला में भवन मालिकों की बढ़ेंगी मुश्किलें

# राजधानी में अप्रैल से 8 फीसदी बढ़ जाएगा प्रॉपर्टी टैक्स

अनंत ज्ञान ब्यूरो,शिमला

शिमला शहर में भवन मालिकों की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। नगर निगम द्वारा अप्रैल माह से शहर में प्रॉपर्टी टैक्स की वसूली की जाएगी। इस बार 8 फीसदी तक बढ़ोतरी के अनुसार टैक्स की वसूली की जाएगी।

इसके लिए टैक्स शाखा ने बिल जारी करने की तैयारी शुरू कर दी है। बिल जारी करने के 15 दिनों के भीतर टैक्स जमा करने वालों को 10 फीसदी तक की छूट दी जाएगी।

इस दौरान नगर निगम आयुक्त भूपेंद्र अत्री का कहना था कि केंद्र सरकार की ओर से टैक्स को लेकर नए दिशा-निर्देश जारी हुए हैं। जिसके अनुसार प्रदेश की विकास दर के अनुसार टैक्स में बढ़ोतरी होगी।
नगर निगम शिमला को भी अब इसी फॉर्मूले के तहत टैक्स बढ़ाना पड़ेगा। प्रॉपर्टी टैक्स में चार फीसदी की बढ़ोतरी होने से भवन मालिकों को दो रुपए से लेकर पांच हजार रुपए तक का ज्यादा टैक्स देना पड़ेगा।
भवन के आकार और इसके इस्तेमाल के तहत निगम टैक्स की वसूली करता है।

### शहर में 31 हजार से ज्यादा भवन मालिक

शहर में 31 हजार से ज्यादा भवन मालिक रहते हैं। अब उनके यह बहुत बड़ा झटका है।ऐसे में 31 हजार संपत्ति कर दाताओं से वसूली करने पर नगर निगम को करोड़ों रुपए की आय होगी। अगर तय समय पर प्रॉपर्टी टैक्स जमा न किया तो नगर निगम पहले नोटिस जारी करेगा फिर इनके खिलाफ उचित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।




शिमला शहर में अप्रैल माह से प्रॉपर्टी टैक्स की वसूली की जाएगी। टैक्स जमा करने वालों को बिल जारी करने की तैयारी की जा रही है। बिल जारी होने के 15 दिनों के भीतर टैक्स जमा करने वालों को 10 फीसदी की छूट दी जाएगी।

-भूपेंद्र अत्री, आयुक्त, नगर निगम शिमला।

### हर साल की जाएगी प्रॉपर्टी टैक्स में बढ़ोतरी

**प्रॉपर्टी** टैक्स जमा करने वालों की संख्या 31 हजार 683 पहुंच गई है। बीते वर्ष प्रॉपर्टी टैक्स में चार फीसदी बढ़ोतरी कर दी थी। नगर निगम की मासिक बैठक में यह फैसला लिया गया था कि बढ़ोतरी इस साल से लागू मानी जाएगी। इसकी वसूली भी इस साल जारी होने वाले टैक्स के बिलों में की जाएगी। इसके अलावा यह भी फैसला लिया गया था कि हर साल टैक्स में बढ़ोतरी की जाएगी।

# केंद्र की उपलब्धियां बूथ स्तर तक ले जा रहा अनुसूचित जाति मोर्चा : राकेश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, रोहड़ू

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष राकेश डोगरा ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर अनुसूचित जाति मोर्चा जिला महासू ने कमर कस ली है। मोर्चा बुथ स्तर तक मजबूत हो गया है और मोर्चा प्रधानमंत्री की उपलब्धियां एवं नीतियों को बूथ स्तर तक ले जाने में लगातार कार्यरत्त है।



2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर अनुसूचित जाति मोर्चा जन जागरण अभियान चला रहा है। डोगरा ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने अनुसूचित जाति वर्ग के लिए अनेकों योजनाओं बनाई है। इन योजनाओं का घर-घर तक पहुंचाने का कार्य मोर्चा कर रहा है। इसके लिए अनुसूचित जाति मोर्चा के सभी पदाधिकारी पूर्ण रूप से कार्य में जुट गए है। केंद्र सरकार ने खाद्य सुरक्षा, स्वच्छ पेयजल, बिजली कनेक्शन, एलपीजी गैस सिलेंडर घर तक पहुंचाकर, गरीबों के लिए आवास, विश्वसनीय स्वास्थ्य देखभाल की दृष्टि से अद्भुत काम किया है। उन्होने कहा कि हिमाचल प्रदेश में अनुसूचित जाति मोर्चा अच्छा कार्य कर रहा है ।

### संसदीय क्षेत्रों में आयोजित होंगे सम्मेलन

**डोगरा** ने कहा कि संगठन की अधिक मजबूती की दृष्टि से मोर्चा प्रदेश के कुल 7990 बूथों पर 10 फीसदी मत बढ़ाने के लक्ष्य के तहत कार्य कर रहा है। पूरे प्रदेश के 2303 अनुसूचित जाति बहुल बूथों पर नए 10 भाजपा मित्र जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।
अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा प्रदेश के 68 विधानसभा क्षेत्रों में नए जोड़े गए भाजपा मित्रों के लिए सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### गोल्फ : दीक्षा डागर एप्सन टूर पर संयुक्त 86वें स्थान पर



**लॉन्गवुड (अमेरिका)।** भारत की दीक्षा डागर ने एप्सन टूर पर आईओए गोल्फ क्लासिक के पहले दौर में तीन ओवर 74 का स्कोर करके संयुक्त 86वां स्थान हासिल कर लिया। दीक्षा ने चार बोगी किए और एक ही बर्डी लगाया। तीन बार की एप्सन टूर चैंपियन सिडनी क्लांटन छह अंडर 66 के स्कोर के साथ शीर्ष पर है।

### श्रीलंका ने आकिब को तेज गेंदबाजी कोच किया नियुक्त

**कोलंबो।** श्रीलंका ने पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज आकिब जावेद को जून में आईसीसी टी-20 विश्व कप 2024 तक शनिवार को टीम का तेज गेंदबाजी कोच नियुक्त किया। इस समय 1992 विश्व कप विजेता जावेद पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में लाहौर कलंदर्स के क्रिकेट परिचालन निदेशक और मुख्य कोच के तौर पर काम कर रहे हैं। जावेद (51 वर्ष) ने पाकिस्तान के लिए 22 टेस्ट और 163 वनडे में 236 विकेट हासिल किए हैं।

### क्रिकेटर उमेश यादव पत्नी के साथ बाबा महाकाल के दरबार पहुंचे

**उज्जैन।** उज्जैन स्थित बाबा महाकाल के दर्शन के लिए आम से लेकर खास तक सभी भक्तों के आने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में शनिवार को भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज उमेश यादव भी बाबा महाकाल के दरबार में पहुंचे। यहां उन्होंने अपनी पत्नी तानिया वाधवा के साथ महाकाल दर्शन कर पूजा अर्चना की। भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज उमेश यादव ने आईपीएल शुरू होने से पहले बाबा महाकाल के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

### स्वियातेक का इंडियन वेल्स के फाइनल में सक्कारी से सामना




**इंडियन वेल्स ।** शीर्ष रैंकिंग वाली इगा स्वियातेक ने मार्ता कोस्तियुक को 6-2, 6-1 से हराकर बीएनपी परीबस ओपन टेनिस के फाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उनका सामना मारिया सक्कारी से होगा । स्वियातेक का इस साल जीत-हार का रिकॉर्ड 19 -2 का हो गया। वहीं सक्कारी ने वर्षाबाधित मैच में कोको गॉ को 6-4, 6-7, 6-2 से हराया। स्वियातेक ने सक्कारी के खिलाफ पांच में से तीन मुकाबले जीते हैं। पुरुष युगल फाइनल में क्रोएशिया के निकोलो मेकटिच और नीदरलैंड्स के वेसले कूलहोफ ने पांचवीं वरीयता प्राप्त स्पेन के मार्शल ग्रानोलेर्स और अर्जेंटीना के होराशियो जेबालोस को 7-6, 7-6 से हराया ।

### सात जन्मों के लिए पुलकित सम्राट की हुई कृति खरबंदा



**मुंबई ।** एक्ट्रेस कृति खरबंदा फाइनली मिस से मिसेज बन गई हैं। कृति खरबंदा ने अपने प्यार पुलकित सम्राट से शादी रचा ली है। कपल ने हरियाणा के मानेसर के होटल आईटीसी ग्रैंड भारत पैलेस में सात फेरे लिए। कपल ने अपनी शादी से जुड़ी कोई भी तस्वीर शेयर करने से मना की थी। ऐसे में जैसे ही कृति और पुलकित ने अपनी शादी की तस्वीरें शेयर की तो हर किसी की नजर बस उन पर टिक गई। लुक की बात करें तो कृति पिंक कलर के लहंगे में दुल्हनिया बनीं। हाथों में पिया के नाम की मेहंदी, नथ,मांग टीका, लाल चूड़ा, कलीरे दुल्हन बनीं कृति के लुक को चार चांद लगा रहे हैं। वहीं पुलकित सम्राट मिंट ग्रीन कुर्ते और लाइट ग्रीन धोती में हैंडसम लग रहे हैं। फैंस उनकी इन तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं। कृति ने तस्वीरें शेयर करते हुए एक प्यारा-सा कैप्शन लिखा है, 'गहरे नीले आकाश से सुबह की ओस तक, हर दुख से सुख तक, उतार से चढ़ाव तक, सिर्फ तुम हो। शुरू से लेकर अंत तक, अभी से लेकर तब तक, जब तक मेरा दिल धड़केगा, तुमको ही पाएगा। हमेशा। सिर्फ तुम हो।'

### सोनू सूद के निर्देशन में बनी फिल्म 'फतेह' का टीजर रिलीज



**मुंबई।** अभिनेता सोनू सूद अभिनीत फिल्म 'फतेह' का बहुप्रतीक्षित टीजर रिलीज हो गया है। यह ठीक वैसा ही है, जैसा उनके फैंस उनसे उम्मीद करते हैं। टीजर रोमांचक सिनेमाई अनुभव के साथ साइबर क्राइम की रोमांचक दुनिया की झलक पेश करता है। फिल्म की टैगलाइन 'नेवर अंडरएस्टिमेट ए नोबडी' सबसे अलग है, जो वास्तव में सोनू सूद की यात्रा को भी दर्शाता है। हालांकि, यह देखना दिलचस्प होगा कि सूद अपनी फिल्म में किस 'नोबडी' का जिक्र कर रहे हैं। टीजर को सोनू सूद ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है। इससे पहले सोनू सूद ने फिल्म का फर्स्ट लुक शेयर किया था, जिसे फैंस का खूब प्यार मिला। टीजर ने फैंस के उत्साह को दूसरे स्तर पर पहुंचा दिया है।

### तोहफा : एलआईसी के 1.10 लाख कर्मचारियों की सैलरी में बढ़ोतरी




**नई दिल्ली।** होली से पहले देश की सबसे बड़ी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लाइफ इश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एलआईसी) ने अपने 1.10 कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है। दरअसल, एलआईसी ने अपने कर्मचारियों की सैलरी में बढ़ोतरी का ऐलान किया है। सरकार ने एलआईसी के 1.10 लाख से ज्यादा कर्मचारियों के वेतन में 17 फीसदी की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है।

# फॉर्म में चल रही दिल्ली कैपिटल्स की नजरें पहले डब्ल्यूपीएल खिताब पर

## रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ खिताबी मुकाबला आज शाम 7:30 बजे

**एजेंसी, नई दिल्ली**

फॉर्म में चल रही दिल्ली कैपिटल्स पिछले साल खिताब से चूक गई थी लेकिन अब रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरबीसी) के खिलाफ दूसरे महिला प्रीमियर लीग फाइनल में उसकी नजरें खिताब अपने नाम करने पर लगी होंगी। पिछले साल पहले सत्र के फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स को मुंबई इंडियंस ने सात विकेट से हराया था।

इस बार दिल्ली की टीम शानदार फॉर्म में है और आठ मैचों में 12 अंक लेकर पांच टीमों की लीग में शीर्ष पर है। मेग लानिंग ने मोर्चे से अगुआई करते हुए आठ पारियों में 308 रन बनाए हैं जबकि दक्षिण अफ्रीका की हरफनमौला मारियाने कॉप और ऑस्ट्रेलिया की बाएं हाथ की स्पिनर जेस जोनासेन ने 11-11 विकेट लिए हैं।

आरसीबी के खिलाफ अब तक खेले गए चारों मुकाबले उसने जीते हैं लेकिन फाइनल में पिछला प्रदर्शन मायने नहीं रखेगा। यह नया दिन और नया मैच है जिसमें दबाव झेलने में कामयाब रहने वाली टीम को ही ट्रॉफी मिलेगी।



### दिल्ली को लानिंग-शेफाली से अच्छी शुरुआत की उम्मीद

**दिल्ली** को मेग लानिंग और शेफाली वर्मा से अच्छी शुरुआत मिलने की उम्मीद होगी। जेमिमा रौड्रिग्स भी मध्यक्रम में फॉर्म में है, लेकिन हरफनमौला एलिसे कैप्सी और मारियाने काप से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

गेंदबाजी में जोनासेन, मारियाने काप और शिखा पांडे ने अच्छा प्रदर्शन किया है। बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव ने भी दस विकेट चटकाए हैं और कोटला की धीमी पिच पर उनकी भूमिका अहम होगी।

### आरसीबी को हरफनमौला एलिसे पैरी पर भरोसा

आरसीबी लीग चरण में तीसरे स्थान पर रही थी लेकिन रोमांचक एलिमिनेटर में कम स्कोर बनाने के बावजूद मुंबई को पांच विकेट से हरा दिया। हरफनमौला एलिसे पैरी पर बल्लेबाजी का जिम्मा होगा जो अब तक 312 रन बना चुकी है।

उन्हें हालांकि कप्तान स्मृति मंधाना, सोफी डेवाइन, रिचा घोष और सोफी मोलिनू से और सहयोगी की उम्मीद होगी। आरसीबी के गेंदबाजों रेणुका सिंह, श्रेयांका पाटिल और जॉजिया वेयरहेम को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा ।

### संभावित टीमें

**दिल्ली कैपिटल्स :** मेग लानिंग ( कप्तान ) , लौरा हैरिस, तान्या भाटिया, जेमिमा रौड्रग्स, शेफाली वर्मा, एलिसे कैप्सी, मरियाने कॉप, शिखा पांडे, अनाबेल सदरलैंड, जेस जोनासेन, मिन्नु मनी, पूनम यादव, अरूंधति रेड्डी, टिटास साधु, राधा यादव, अश्विनी कुमारी, अपर्णा मंडल, वी स्नेहा दीप्ति।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** स्मृति मंधाना (कप्तान), रिचा घोष , दिशा कासात, एस मेघना, इंद्राणी रॉय, सतीश शुभा, हीदर नाइट, सिमरन बहादुर, एन डि क्लेर्क, सोफी डेवाइन, श्रेयांका पाटिल, एलिसे पैरी, आशा शोभना, एकता बिष्ट, केट क्रॉस, सोफी मोलिनू, श्रद्धा पोखरकर, रेणुका सिंह, जॉर्जिया वेयरहैम।

# सुजानपुर की कृतिका को 'हिमाचल केसरी' खिताब



मंडी में पहलवान कृतिका जम्वाल को सम्मानित करते प्रबंधक।

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

**राजकीय** उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टिहरा की खिलाड़ी छात्रा कृतिका जम्वाल ने वर्ष 2023-24 अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि मेला (मंडी) में आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में 'हिमाचल केसरी' की उपाधि प्राप्त की। शारीरिक शिक्षा विभाग के प्राध्यापक प्रोफेसर संदीप शर्मा ने बताया कि कृतिका ने 76 किग्रा भार वर्ग में अपने सभी मुकाबलों को एकतरफा जीतते हुए इस प्रतियोगिता में विजेता रही।

कृतिका जम्वाल लगातार 2 वर्षों से 'हिमाचल केसरी' उपाधि को प्राप्त करने वाली जिला हमीरपुर की पहली महिला पहलवान है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजायब सिंह वनियाल ने कृतिका की इस उपलब्धि पर बधाई और कृतिका के माता-पिता को भी इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं प्रदान की।

## ऑरलियन्स मास्टर्स-2024 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती समाप्त

**एजेंसी,नई दिल्ली**

**कृष्ण** प्रसाद गारगा और साई प्रतीक की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी की क्वार्टरफाइनल में हार के साथ ही फ्रांस में चल रहे ऑरलियन्स मास्टर्स 2024 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती समाप्त हो गई।

भारतीय जोड़ी को 40 मिनट तक चले मुकाबले में डेनमार्क के एंड्रियास सोंडरगार्ड और जेस्पर टॉफ्ट की जोड़ी ने 21-17, 21-16 से शिकस्त दी।

## भारोत्तोलक अचिंत शिउली रात में महिला होस्टल में जाते पकड़े

**एजेंसी, नई दिल्ली**



कॉमनवेल्थ खेलों के स्वर्ण पदक विजेता भारोत्तोलक अचिंत शिउली को एनआईएस पटियाला में रात में महिला होस्टल में प्रवेश करते पकड़ा गया जिसके बाद उन्हें पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए लगाए गए शिविर से बाहर कर दिया गया है। यह घटना बृहस्पतिवार रात की है। पुरुषों के 73 किलो वर्ग में उतरने वाले 22 वर्ष के अचिंत को सुरक्षाकर्मियों ने पकड़ा और उनका वीडियो भी बनाया।

पटियाला में लड़के और लड़कियों के लिए अलग हॉस्टल है। इस समय महिला मुक्केबाज, एथलीट और पहलवान एनआईएस पटियाला में है। इसके साथ ही अचिंत की ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदें भी खत्म हो गई क्योंकि वह इस महीने थाईलैंड के फुकेट में आईडब्ल्यूएफ विश्व कप नहीं खेल सकेंगे जो पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन के लिए अनिवार्य था।

## लक्ष्य ऑल इंग्लैंड के सेमीफाइनल में

**एजेंसी, लंदन**

**राष्ट्रमंडल** खेलों के चैंपियन लक्ष्य सेन ने ऑल इंग्लैंड ओपन-2024 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सैमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। सेन ने पुरुष एकल स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के ली जी जिया को शिकस्त दी। ऑल इंग्लैंड ओपन के 2022 संस्करण के उपविजेता सेन ने 2021 चैंपियन ली जी जिया को एक घंटे और 10 मिनट तक चले मुकाबले में 20-22, 21-16, 21-19 से शिकस्त दी।

पांच आमने-सामने के मुकाबलों में सेन की मलेशियाई शटलर पर यह चौथी जीत थी।



### शीर्ष वरीय एक्सेलसन चैंपियनशिप से बाहर

**शीर्ष** वरीय डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसन चैंपियनशिप से बाहर हो गए। वह क्वार्टरफाइनल में इंडोनेशिया के एंथोनी सिनिसुका गिंटिंग से हार गए। ओलंपिक चैंपियन एक्सेलसन ने पहला सेट 21-8 से जीत लिया, लेकिन गिंटिंग ने अगले दो सेट 21-18, 21-19 से जीत दर्ज की।

## पाकिस्तान क्रिकेट टीम के मुख्य कोच बनने की दौड़ से बाहर हुए वॉटसन



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वॉटसन सीमित ओवरों के क्रिकेट में पाकिस्तान के मुख्य कोच बनने की दौड़ से बाहर हो गए हैं।

अपनी वर्तमान कोचिंग और कमेंटरी प्रतिबद्धताओं को अल्प सूचना पर छोड़ने के बजाय वह क्वेटा ग्लैडिएटर्स को कोचिंग देने के साथ-साथ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की कमेंट्री और मेजर लीग क्रिकेट टीम सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न के मुख्य कोच का पद भी वॉटसन की प्रतिबद्धताओं में से एक है। शुक्रवार को पीएसएल-9 से क्वेटा ग्लैडियेटर्स के बाहर होने के बाद, वॉटसन पहले ही पाकिस्तान छोड़ चुके हैं।

# सीएम केजरीवाल की सरकार ने लागू की सोलर पॉलिसी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



दिल्ली सरकार ने दिल्ली सोलर पॉलिसी 2023 लागू कर दी गई। सरकार ने पॉलिसी की अधिसूचना जारी कर दी है। अब दिल्ली के लोग पॉलिसी के तहत अपने घर की छतों पर सोलर पैनल लगवाकर अपना बिजली का बिल जीरो कर सकते हैं। साथ ही, इससे हर महीने अच्छी आमदनी भी कर सकते हैं।

पॉलिसी के तहत सोलर पैनल लगवाने वालों का 400 यूनिट से अधिक बिजली खपत करने पर भी बिल जीरो आएगा, जबकि कमर्शियल और इंडस्ट्रीयल उपभोक्ताओं का बिजली बिल आधा हो जाएगा। इसके अलावा, सोलर पैनल लगवाने में आने वाला खर्च अगले चार साल में रिकवर हो जाएगा।

पॉलिसी की अधिसूचना जारी होने पर दिल्ली की ऊर्जा मंत्री आतिशी का कहना है कि दिल्ली सोलर पॉलिसी बहुत ही शानदार पॉलिसी है। इस पॉलिसी के लागू होने से न केवल दिल्ली वालों को फायदा होगा, बल्कि प्रदूषण भी कम होगा। हमारा लक्ष्य है कि 2027 तक दिल्ली में इस्तेमाल होने वाली कुल बिजली में 50 फीसद बिजली सोलर एनर्जी से आए।

### सरकारी भवनों के लिए जरूरी

**नई** सौर नीति के तहत 500 वर्ग मीटर से अधिक छत क्षेत्रफल वाले सभी मौजूदा सरकारी भवनों को अगले 3 वर्षों के भीतर अनिवार्य रूप से सौर संयंत्र लगाना होगा।

## तीन साल में पांच बार चोटिल हो चुकी हैं ममता बनर्जी



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को देश में अति विशिष्ट लोगों को मिलने वाली सबसे बड़ी जेड प्लस सिक्योरिटी मिली हुई है लेकिन वह लगातार दुर्घटनाओं की शिकार होती रही हैं। सीएम के करीबी सूत्रों ने बताया है कि मार्च 2021 से मार्च 2024 के बीच ममता बनर्जी पांच बार चोटिल हो चुकी हैं।

विधानसभा चुनाव के दौरान नंदीग्राम में जब वह उम्मीदवार थीं तो 11 मार्च 2021 को कार के दुर्घटनाग्रस्त होने की वजह से उनका पैर फ्रैक्चर हो गया था। इसके बाद पिछले साल पंचायत चुनाव से पहले ममता बनर्जी घायल हो गई थीं। 27 जून को वह जलपाईगुड़ी से बागडोगरा एयरपोर्ट जाते समय मौसम खराब होने की वजह से हेलीकॉप्टर में सवार हुईं तो उनकी पीठ में चोट लग गई।

23 सितंबर 2023 को स्पेन से कोलकाता लौटने के बाद उन्होंने फिर एसएसकेएम अस्पताल जाकर खुद को दिखाया क्योंकि पैर में चोट लग गई थी। इसके बाद इसी साल 24 जनवरी को पूर्व बर्धमान से लौटने के समय उनकी कार के ड्राइवर ने इतनी जोर से ब्रेक लगाया कि उनके सिर में चोट लग गई थी। अब एक बार फिर घर पर वॉक करने के दौरान गिरने की वजह से उनके सिर और नाक में चोट लग गई है। उनके माथे पर चार टांके लगे हैं।

# केसीआर की पुत्री कविता को 23 मार्च तक ईडी की हिरासत में

**एजेंसी,नई दिल्ली**



**दिल्ली** के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में गिरफ्तार तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री केसीआर की बेटी के. कविता को 23 मार्च तक की ईडी हिरासत में भेजने का आदेश दिया है। स्पेशल जज एमके नागपाल ने ये आदेश दिया। ईडी ने कविता की दस दिनों की हिरासत की मांग की थी। पेशी के बाद सुनवाई के दौरान कविता के वकील विक्रम चौधरी ने कहा कि ये पॉवर का गलत इस्तेमाल है। कविता की गिरफ्तारी सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन है, जिसने कविता को निरोधात्मक कार्रवाई से सुरक्षा दी है। इस पर ईडी की ओर से पेश वकील जोहेब हुसैन ने कहा कि जब तक सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट आदेश नहीं हो तब तक अनुमान लगाना ठीक नहीं है।

## भारत का हुआ चाबहार बंदरगाह,डील फाइनल

**तेहरान।** भारत और ईरान में चाबहार बंदरगाह को लेकर अंतिम समझौता हो गया है। चाबहार भारत का पहला विदेशी बंदरगाह होगा। अभी तक इस बंदरगाह को लेकर भारत और ईरान के बीच कई मुद्दों पर गतिरोध था। चाबहार बंदरगाह पर भारत की मौजूदगी को पाकिस्तान के लिए एक बड़ी भू-राजनीतिक हार के तौर पर देखा जा रहा है। चाबहार बंदरगाह की डील को फाइनल करने के लिए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कई बार ईरान का दौरा किया था।

चाबहार के रास्ते भारत यूरोपीय देशों और मध्य एशिया तक अपने सामान को जल्द से जल्द पहुंचा पाएगा। इसे पाकिस्तान में चीनी कर्ज से बने ग्वादर बंदरगाह का तोड़ भी माना जा रहा है।

# 11 महीने के हाई पर पहुंचा एक्सपोर्ट, 11.9 फीसदी का उछाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**निर्यात** के मोर्चे पर लोगों के लिए अच्छी खबर है। भारत का निर्यात फरवरी में 11.9 प्रतिशत बढ़कर 41.4 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो चालू वित्त वर्ष का सर्वाधिक मासिक आंकड़ा है। वाणिज्य मंत्रालय के जारी आंकड़ों के मुताबिक, फरवरी में मुख्य रूप से इंजीनियरिंग सामान, इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं और दवा उत्पादों की विदेश में अच्छी मांग रही। हालांकि सोने के आयात में उल्लेखनीय वृद्धि होने से फरवरी में व्यापार घाटा 18.7 अरब अमेरिकी डॉलर रहा, जो एक साल पहले इसी महीने में 16.57 अरब डॉलर था।



### इन सामानों का खूब हो रहा निर्यात

**फरवरी** में वस्तुओं के निर्यात में हुई वृद्धि में इंजीनियरिंग सामान, इलेक्ट्रॉनिक सामान, कार्बनिक और अकार्बनिक रसायन, दवाओं और पेट्रोलियम उत्पादों का विशेष योगदान रहा। फरवरी में इंजीनियरिंग सामान का निर्यात सालाना आधार पर 15.9 प्रतिशत बढ़कर 9.94 अरब अमेरिकी डॉलर रहा।


इस दौरान इलेक्ट्रॉनिक सामानों का निर्यात 54.81 प्रतिशत बढ़कर तीन अरब अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। समीक्षाधीन माह में कार्बनिक और अकार्बनिक रसायनों का निर्यात 33.04 प्रतिशत बढ़कर 2.95 अरब डॉलर हो गया। फरवरी में दवा उत्पादों का निर्यात 22.24 प्रतिशत और पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात 5.08 प्रतिशत बढ़ा।

चालू वित्त वर्ष के पहले 11 महीनों यानी अप्रैल-फरवरी 2023-24 में भारत का कुल निर्यात (वस्तुओं एवं सेवाओं को मिलाकर) 709.81 अरब डॉलर होने का अनुमान है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 0.83 प्रतिशत अधिक है।

### सोने का आयात बढ़ा

**फरवरी** में सोने का आयात 133.82 प्रतिशत बढ़कर 6.15 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 2.63 अरब अमेरिकी डॉलर था। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-फरवरी के दौरान सोने का आयात 44 अरब अमेरिकी डॉलर रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 38.76 प्रतिशत अधिक है।

## बायजू को झटका, 533 मिलियन डॉलर फ्रीज




**मुंबई ।** बायजू ने अपनी मूल कंपनी थिंक एंड लर्न प्राइवेट लिमिटेड की अमेरिकी सहायक कंपनी बायजू अल्फा में टर्म लोन से 533 मिलियन डॉलर का निवेश किया था। एडटेक कंपनी बायजू की मुश्किलें खत्म होती नजर नहीं आ रही हैं।

एक बार फिर से कंपनी को बड़ा झटका लगा है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी कोर्ट ने कंपनी के 533 मिलियन डॉलर के फंड को फ्रीज करने का फैसला सुनाया है। कोर्ट के मुताबिक कंपनी को इस रकम को ट्रांसफर करने या इस्तेमाल करने से रोक दिया है।

### रुपए में गिरावट जारी



**दो कारोबारी** सत्रों में डॉलर के मुकाबले रुपया गिरावट के साथ कारोबार कर रहा है। इंटरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में भारतीय करेंसी 82.95 पर खुली और ग्रीनबैक के मुकाबले इंट्रा-डे में 82.96 के निचले स्तर और 82.85 के उच्चतम स्तर को छू गई।

अंततः डॉलर के मुकाबले रुपया 82.88 (अनंतिम) पर बंद हुई, जो पिछले बंद से 4 पैसे की हानि दर्ज करती है। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 3 पैसे टूटकर 82.84 पर बंद हुआ।

## विदेशी मुद्रा भंडार में उछाल, 636.095 अरब डॉलर पहुंचा



**नई दिल्ली :** देश का विदेशी मुद्रा भंडार में बड़ा उछाल आया है। विदेशी मुद्रा भंडार आठ मार्च को समाप्त सप्ताह में 10.47 अरब डॉलर की शानदार बढ़ोतरी के साथ 636.095 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने यह जानकारी दी। इससे एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 6.55 अरब डॉलर बढ़कर 625.626 अरब डॉलर हो गया था। अक्तूबर, 2021 में देश का विदेशी मुद्राभंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था लेकिन वैश्विक गतिविधियों के कारण उत्पन्न दबावों के बीच केंद्रीय बैंक ने रुपए की गिरावट को थामने के लिए पूंजी भंडार का उपयोग किया जिससे मुद्रा भंडार प्रभावित हुआ था।

### इस तरह किया जाता है आकलन

**आठ** मार्च को समाप्त सप्ताह में मुद्राभंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 8.121 अरब डॉलर बढ़कर 562.352 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लिखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है।